ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 29 मई 2024
वर्ष 2, अंक 278, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमयी ग्रह 16

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे 15

विमान में बम की सूचना, यात्रियों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई2211) में मंगलवार सुबह टेकऑफ से पहले बाथरूम में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिसमें 30 मिनट में बम ब्लास्ट लिखा हुआ था। यह खबर विमान में बैठे यात्रियों में फैल गई और अफरातफरी मच गई। जिसके बाद क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर्स को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। कई यात्री विंग के जरिए प्लेन से उतरे गए। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर क्यूआरटी और बम डिस्पोजल टीम बुलाई गई। प्लेन की तलाशी ली गई, लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 5 बजे वॉशरूम में पायलेट को टिशू पेपर मिला था। यह पेपर वॉशरूम में कैसे पहुंचा, इसकी जांच चल रही है।

- दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बम होने की सूचना अफवाह निकली

सभी प्रोटोकॉल का पालन किया : इंडिगो प्रवक्ता

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और हवाई अड्डा सुरक्षा एजेंसियों के दिशानिर्देशों के अनुसार विमान को हवाई अड्डे के एक दूरस्थ स्थान पर ले जाया गया। सभी यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार के जरिए विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया। वाराणसी के लिए उड़ान पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर रवाना हुई। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

राजकोट अग्निकांड : गेम जोन का एक और साझेदार गिरफ्तार

अहमदाबाद। राजकोट अग्निकांड में जान गंवाने वाले 27 लोगों के मामले में गुजरात पुलिस ने टीआरपी गेम जोन के एक और साझेदार को गिरफ्तार किया है। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि धवल कॉर्पोरेशन के मालिक धवल ठक्कर को पड़ोसी राजस्थान के आबू रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह रेसवे इंटरप्राइज के पांच साझेदारों के साथ मिलकर टीआरपी गेम जोन चलाता था। मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

- मृतक के परिजन को दो लाख रुपये देगी केंद्र सरकार

मृतक के परिजनों को राज्य सरकार देगी चार लाख : राज्य सरकार ने इस घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। केंद्र सरकार ने भी प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

राम रहीम रणजीत मर्डर केस में बरी साध्वी रेप केस में जेल में रहेगा

सिरसा, एजेंसी

हरियाणा में सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद करते हुए बरी कर दिया है। यह मामला 22 साल पुराना है। मामले में 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था।

राम रहीम फिलहाल, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति, साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है और उस मामले में सजा बरकरार रहेगी। कुरुक्षेत्र के कोलिया गांव निवासी डेरा साधु रणजीत सिंह की 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डेरा प्रबंधन को शक था कि जो गुमनाम चिठी डेरा प्रमुख के खिलाफ जारी हुई वह रणजीत सिंह ने अपनी बहन से लिखवाई थी। हत्या के बाद हुई पुलिस जांच में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को इस केस में क्लीन चिट दे दी गई। जिसे मृतक रंजीत सिंह के पुत्र ने हाइकोर्ट में चुनोती दी जिससे बाद सीबीआई जांच हुई जिसमें रणजीत सिंह हत्याकांड में डेरा प्रमुख का नाम जुड़ गया।

- पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने दी बड़ी राहत, सीबीआई कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

कोर्ट ने बिभव को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपी बिभव को 31 मई तक हिरासत में भेज दिया है। बिभव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी हैं। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। कुमार के वकील ने हिरासत में लेकर उनके मुवक्किल से पूछताछ करने की दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके पास कोई सबूत नहीं है।

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

ज्येष्ठ का सितम, पांच की मौत

प्रदेश के कई शहरों में टूटा रिकार्ड, दो दिन तपिश से राहत मिलने के आसार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह शुरू होते ही गर्मी ने प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। अलग-अलग जिलों से मरने वालों की पांच घटनाएं सामने आयीं हैं। इनमें इटावा में दो और हमीरपुर, महोबा एवं जालौन में एक-एक की मौत हुई है।

हालांकि स्थानीय राहत आयुक्त कार्यालय ने इसकी पुष्टि नहीं की। भीषण गर्मी और लू के बीच झांसी में पारा 49 डिग्री को छू गया है, जो पिछले 32 साल में सबसे ज्यादा है। आगरा में पारा 47 साल के रिकार्ड को तोड़ते हुए 48.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। संगम नगरी प्रयागराज पारा 48.4 डिग्री को छू गया है। वाराणसी एयरपोर्ट में दिन का तापमान 47.6 डिग्री रिकार्ड किया गया है जिसने पिछले 58 साल के रिकार्ड को तोड़ दिया है। भीषण गर्मी और लू के चलते उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम आंचलिक केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक दानिश ने बताया कि तापमान में अचानक आयी तेजी की वजह पश्चिमी हवाओं का चलना है। यह हालात अभी कम से कम दो दिन और रहने की संभावना है। इसके बाद गर्मी से मामूली राहत मिलने का अनुमान है।

बिजली की मांग पहुंची 29,261 मेगावाट पर

प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को अधिकतम मांग 29,261 मेगावाट पर पहुंच गई। बंद चल रही इकाइयों के बीच उप्र. पावर कारपोरेशन ने एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन सिर्फ कागजों में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। स्थानीय खराबी के कारण पूरे प्रदेश में बिजली संकट से लोग बेहाल हैं।

बिजली उपलब्ध होने के बाद भी लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा व जवाहरपुर परियोजनाओं की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई व ओबरा की 200 मेगावाट की एक इकाई बंद चल रही हैं। इससे प्रदेश में बिजली का उत्पादन घट गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है।

मंगलवार का तापमान

झांसी	49.0	महोबा	46.5
आगरा	48.6	कानपुर	45.2
प्रयागराज	48.4	मेरठ	44.4
वाराणसी	47.6	लखनऊ	44.3
हमीरपुर	47.0	मुरादाबाद	43.5
इटावा	46.0	बरेली	42.8

देश में चुरू सबसे गर्म, 50° पहुंचा दिल्ली का पारा

नई दिल्ली। राजस्थान में चुरू देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 50 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में सिरसा-एडब्ल्यूएस में 50 .3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 50 डिग्री के पास जा पहुंचा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार कम से कम अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानियों ने कहा कि बृहस्पतिवार को भारत के उत्तर-पश्चिम हिस्सों में एक नये पश्चिमी विक्षोभ की संभावना है, जिससे सप्ताहांत में क्षेत्र में छिटपुट बारिश हो सकती है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार कि भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी का भंडारण पिछले सप्ताह उनके कुल भंडारण का केवल 24 प्रतिशत रह गया, जिससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जलविद्युत उत्पादन पर असर हुआ है।

अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा रेमल का असर

मिजोरम में पत्थर खदान धंसने से 25 की मौत

आइजोल, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 25 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है।

मिजोरम के डीजीपी अनिल शुक्ला ने बताया कि हमने अब तक 25 शव बरामद कर लिए हैं और बचाव अभियान जारी है। हमें आशंका है कि मलबे में अभी भी लोग फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण आपदा स्थल पर बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्ला ने कहा कि बारिश के कारण राज्य में कई अन्य स्थानों पर भूस्खलन हुआ और कम से कम दो लोग बह गए। आइजोल के उपायुक्त नाजुक कुमार ने कहा कि जब तक मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक तलाश अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा हमने घटनास्थल से दो लोगों को जिंदा बचाया है।

आइजोल में राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी।

मुख्यमंत्री ने बुलाई आपात बैठक

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने खदान धंसने और बारिश के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को 4-4 लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। खदान धंसने से मारे गए 8 मिजो लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और कहा कि शेष राशि उन्हें जल्द ही दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ हुई। हार्डकोर नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान मौके के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह करीब 20 मिनट तक दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई है।

मुठभेड़ रुकने के बाद जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। सूचना मिली थी कि गोगुंडा की पहाड़ी पर नक्सली कमांडर जगदीश समेत भारी संख्या में हथियारबंद नक्सली हैं। इसी सूचना के आधार पर सुकमा से डीआरजी के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। जवान जब इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

दंतेवाड़ा में 15 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

रायपुर/दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गिरसापारा की पहाड़ियों में सुरक्षाबल के जवानों ने पंद्रह नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए नक्सलियों में सात महिला और आठ पुरुष नक्सली हैं। इनमें से एक नक्सली बीजापुर और 14 नक्सली नारायणपुर जिले के हैं। सुरक्षाबलों को मिली इस कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई दी है।

ड्राइवर भाइयों ने दोस्त संग रची थी हत्या की साजिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

पूर्व आईएएस की पत्नी की हत्या का मामला

- तीनों गिरफ्तार, लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के दौरान पुलिस टीम पर फायर झोंका
- मुख्य आरक्षी को लगी गोली, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में लगी गोली

अमृत विचार : पूर्व आईएएस अफसर देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या कर लूटपाट उनके ही दो ड्राइवर भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिल कर की थी। पुलिस ने तीनों को सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया।लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के लिए उनके बताए स्थान पर ले जाने पर एक ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। गोली गाजीपुर थाने के मुख्य आरक्षी को लगी। जवाबी फायरिंग में वह आरोपी घायल हुआ ।उनके पास से एक करोड़ के जेवरात, 1500 अमरीकी डॉलर, सिंगापुर के 7 डॉलर, इंग्लैंड के 10 पाउंड, मलेशिया के 10 यूरो, 10 स्विस डॉलर, नीले रंग की स्कूटी और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर बरामद हुई।

पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के मुताबिक पूरी साजिश पूर्व आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे के 13 साल पुराने ड्राइवर रवि और अखिलेश यादव ने रची थी। साजिश के तहत 25 मई शनिवार सुबह 7 बजे रवि पूर्व आईएएस अफसर को लेकर गोल्फ क्लब चला गया। इसके बाद उसका भाई अखिलेश और दोस्त रंजीत घर में दाखिल हुए। अंदर जाने के बाद सबसे पहले मोहिनी का गला घोंटा और पेंचकस से पांच वार किए।

संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि के मुताबिक मोहिनी की हत्या करने के बाद आरोपी रंजीत और अखिलेश ने चाबियों का गुच्छा लिया और 45 मिनट तक कमरे की आलमारी खंगाली ।उसमें रखी गई नकदी और जेवरात निकालकर बैग में भरा और स्कूटी से निकल गए। उन्होंने आलमारी और बैग से मिले दस्तावेज, पासपोर्ट व पर्स बाथरूम में टब में डाल दिया ताकि पुलिस को कोई फिंगर प्रिंट न मिल सके।

डीवीआर बरामदगी के समय की फायरिंग

जेसीपी आकाश कुलहरि के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ की तो सारे राज उगल दिये। लूटे गए सामान और डीवीआर के बारे में जानकारी ली तो बताया कि डीवीआर व नकदी सर्वोदयनगर स्थित कुकरैल बंधे के पास झाड़ियों में छिपा रखा है। पुलिस टीम तीनों को लेकर ढाई बजे के करीब बंधे के पास पहुंची। उनके बताए गए स्थान पर गई। जहां से अखिलेश ने बैग निकाला। इसी बीच अखिलेश ने बैग खोलकर उसमें रखा तमंचा निकाला और पुलिस पर फायर झोंक दिया। इससे गाजीपुर में तैनात मुख्य आरक्षी घायल हो गया। पुलिस फायरिंग में अखिलेश के दाहिने पैर में गोली लगी।

जल्द ही एसी की हवा लेंगे कूलर में रह रहे रामलला

अयोध्या कार्यालय

- हल्के सूती कपड़े पहनाए, लस्सी व रसीले फलों का लग रहा भोग
- नौतपा में रामलला की सेवा में बदलाव, की जा रही शीतल आरती

अमृत विचार : नौतपा में अभी तक कूलर में रह रहे रामलला अब एसी की ठंडी हवा में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। रामनगरी में चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी का असर आम जनमानस के साथ-साथ मठ मंदिरों सहित राममंदिर में भी देखने को मिल रहा है।

राम मंदिर में रामलला पांच वर्ष के बालक के रूप में विराजमान हैं। उन्हें गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। रामलला को भोग में शीतल व्यंजन परोसे जा रहे हैं और हर रोज चांदी की थाली में चारों तरफ फूल बिछाकर शीतल आरती की जाती है। साथ ही भोग में उन्हें सुबह और शाम दही दी जाती है। इसके अलावा फलों का जूस व लस्सी के साथ साथ भोग में मौसमी फल भी दिए जा रहे हैं। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र ने बताया कि गर्मी में श्रीराम लाल को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है। यूनियन बैंक की तरफ से दो टॉवर एसी दिए गए हैं, जो जल्द ही गर्भगृह में लगा दिए जाएंगे।

कार के अंदर दम घुटने से दो बच्चों की मौत

संवाददाता, परशदेपुर(रायबरेली)

अमृत विचारः घर के पीछे खड़ी सफारी कार के अंदर बंद हो जाने से दो बच्चों की मौत हो गई। बच्चों की मौत से मोहल्ले में मातम छा गया है। परिजनों ने पुलिस को सूचना न देकर बच्चों को दफना दिया है।

अमेठी जिले के जायस कोतवाली निवासी चांद की पत्नी चांदनी अपने पुत्र अब्दुल्ला(4) को लेकर परशदेपुर कस्बे के कजियाना मोहल्ला निवासी मो. राशिद के घर अपने मायके आई थी। राशिद का पुत्र कौनेन (6)व चांदनी (4) पुत्र अब्दुल्ला दोनों साथ में खेल रहे थे। खेलते हुए दोनों बच्चे घर के पीछे खड़ी सफारी कार में जाकर बैठ गए। बताते हैं कि कार अचानक लॉक होने से दोनों बच्चे उसके अंदर ही फंस गए। परिजनों को काफी देर तक बच्चे नहीं दिखे तो परिजन बच्चों की खोज करने लगे। बच्चों को ढूंढते हुए घर के पीछे गए तो देखा कार के अंदर की लाइट जल रही थी। परिजनों ने जैसे ही गाड़ी का गेट खोला तो अंदर का मंजर देख होश उड़ गए। कार के अंदर ही अब्दुल्ला की सांसे थम गई थीं। कौनेन की सांसें चल रही थी और वो पसीने से लथपथ था। परिजन तुरंत सलोन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में हालत में कोई सुधार न होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते मे ही कौनेन ने भी दम तोड़ दिया। चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि परिजनों ने घटना की कोई सूचना नहीं दी है। दोनों मासूम बच्चों की मौत से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बेटे की मौत के बाद पिता मो. रासिद व मां कैसरून बानो सहम से गए हैं।

कौनेन अब्दुल्ला (फाइल फोटो)

- बिना पुलिस को सूचना दिए दफना दिए गए बच्चे

मिला तकनीक का साथ

आरबीआई ने शुरू किया रिटेल डायरेक्ट एप, सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रवाह पोर्टल भी लांच

एप से हो सकेगी सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री

मुंबई, एजेंसी

रिजर्व बैंक ने सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की भागदारी के लिए मंगलवार को मोबाइल ऐप और सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन को लेकर प्रवाह पोर्टल शुरू किया गया। खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं। प्रवाह पोर्टल से विभिन्न नियामकीय मंजूरियों के लिए सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि यह पोर्टल रिजर्व बैंक की तरफ से नियामकीय मंजूरी देने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को सुगम बनाएगा।

- वर्तमान में रिटेल डायरेक्ट पोर्टल खुदरा निवेशकों को प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की प्रदान करता है सुविधा
- खुदरा प्रत्यक्ष योजना के तहत भारतीय रिजर्व बैंक ने मुहैया कराई है यह सुविधा

गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा शुरू की गई इस तीसरी पहल का मकसद नियामकीय दृष्टिकोण से क्षेत्र की बेहतर समझ के लिए भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के आंकड़ों का भंडारण करना और उचित नीति दृष्टिकोण तैयार करने में सुविधा प्रदान करना है। आरबीआई ने बयान में पोर्टल की विशेषताओं को साझा करते हुए कहा कि विभिन्न नियामक और निगरानी विभागों से जुड़े 60 आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा किये जा सकते हैं। संबंधित इकाई पोर्टल पर आवेदन की स्थिति को देख सकती है। साथ ही आरबीआई किसी आवेदन से संबंधित निर्णय समयबद्ध तरीके से भेज सकता है। इसमें कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर और आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री से जुड़े 'रिटेल डायरेक्ट' मोबाइल ऐप के संबंध में बयान में कहा गया है कि इसके जरिये खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं। मोबाइल ऐप को एंड्रॉयड यूजर प्ले स्टोर और आईओएस यूजर ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

वर्तमान में, रिटेल डायरेक्ट पोर्टल खुदरा निवेशकों को भारतीय रिजर्व बैंक के साथ खुदरा प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की सुविधा प्रदान करता है। खुदरा प्रत्यक्ष योजना के तहत यह सुविधा दी गयी है। पोर्टल नवंबर, 2021 में शुरू किया गया था। यह खुदरा निवेशकों को प्राथमिक नीलामी में सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने के साथ-साथ द्वितीयक बाजार में उसे खरीदने और बेचने की सुविधा देता है।

एक नजर

रावतपुर में हादसे में घायल अधेड़ की मौत

कानपुर। रावतपुर थानाक्षेत्र में मसवानपुर इलाके में 55 वर्षीय नरेश सिंह गत्ता फैक्ट्री के सामने हादसे का शिकार हो गए थे। पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घर पर मृत पड़ा मिला सेवानिवृत्त ऑपरेटर

कानपुर। सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के स्वर्णजयंती विहार निवासी 65 वर्षीय श्यामलाल जलसंस्थान में ऑपरेटर पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी बहनें गुड्डी और निर्मला ने बताया कि वह मंगलवार को कमरे से बाहर नहीं आए। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो वह बिस्तर पर मृत मिले। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दालमिल में युवक की मौत

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में स्थित दालमिल में साढ़ के ग्राम गूजा निवासी 33 वर्षीय विनोद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। साले जितेंद्र व अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि हालत बिगड़ी तो फैक्ट्री कर्मचारी उसे लेकर जूही के एक प्राइवेट हॉस्पिटल पहुंचे और बाहर छोड़कर भाग गए।

सीएसजेएमयू से छात्रों को घर बैठे ज्ञान और कौशल विकास का मौका

ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित करेगा विश्वविद्यालय, बैठक में बनी सहमति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छात्रों को अब घर बैठे ही ज्ञान और कौशल विकास का अवसर मिलेगा। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में हुई विद्या परिषद की बैठक में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन पर फैसला ले लिया गया है।

मंगलवार को सीएसजेएमयू में कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक के नेतृत्व में विद्या परिषद की बैठक आयोजित हुई। जिसमें अन्य मुद्दों के साथ-साथ ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन पर सहमति बनी। विश्वविद्यालय में स्थापित द्रोणाचार्य, सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन द्वारा दूरस्थ एवं ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन के माध्यम से विद्यार्थियों को घर बैठे ज्ञान और कौशल के विकास के अवसर प्राप्त होंगे। घर बैठे ही विद्यार्थी ऑनलाइन लर्निंग मैटेरियल का लाभ भी उठा सकेंगे जो आने वाले समय में पंजीकृत विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को क्वेश्चन बैंक उपलब्ध कराया गया। जिसका लाभ विद्यार्थी उठा रहे हैं। इस प्रकार घर बैठे शिक्षा व्यवस्था की विश्वविद्यालय की यह नई पहल है।

विद्या परिषद की बैठक में बोलते कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक। अमृत विचार

- सीएसजेएमयू में विद्या परिषद की बैठक हुई

दिया जाएगा पुरस्कार

विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों को डॉक्टर विश्वनाथ सेठ पुरस्कार दिए जाने को विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, कुल सचिव डॉ अनिल यादव, डॉ वृष्टि मित्रा, डॉ अनुराधा कलानी, प्रो राजेश कुमार द्विवेदी, प्रो संदीप सिंह, सीओई राकेश कुमार, एफओ अशोक कुमार त्रिपाठी, एसोसिएट डीन डॉ अंशू सिंह, डॉ रत्नार्थु मिश्र, डॉ अखिलेन्द्र, समरेंद्र सिंह समेत विभिन्न विषयों के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

यह भी हुए फैसले

विश्वविद्यालय का स्कूल आफ लैंग्वेज और एजुकेशन डिपार्टमेंट बीए के नए प्रोग्राम्स भी विद्यार्थियों को आगामी सत्र से उपलब्ध कराएगा। अन्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी अब मध्य-सत्र से विश्वविद्यालय में अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों में समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक संशोधन भी किए गए।

व्यापारियों ने बाजार की मुख्य सड़क पर बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। अमृत विचार

व्यापारियों ने पढ़ी हनुमान चालीसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कलक्टरगंज में कामर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के खिलाफ जताया गुस्सा

अमृत विचार। कलक्टरगंज गल्ला मंडी में प्रस्तावित कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण का विरोध थम नहीं रहा है। ज्येष्ठ के पहले मंगल के पहले दिन सैकड़ों व्यापारियों ने बाजार की मुख्य सड़क पर बैठकर सामूहिक रूप से 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। व्यापारियों ने विरोध स्वरूप तय किया कि कलक्टरगंज बाजार को बचाने के लिए इस माह के बाकी तीनों मंगल को कलक्टरगंज के व्यापारी अपनी दुकानों में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र, महानगर युवा अध्यक्ष व कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशीष मिश्र, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने ने मंगलवार को कलक्टरगंज बाजार में हनुमान मंदिर के बाहर प्रदर्शन किया। चालीसा पाठ के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि कलक्टरगंज गल्ला मंडी की जगह नजूल की है या नगर निगम की है इसकी जांच किए बिना नगर निगम के अधिकारियों को बाजार में आने पर रोक लगाई जाए। भजन गायक हार्दिक मिश्रा राजेश आहूजा, अनुराग साहू, हर्ष गुप्ता, कुंज बिहारी गुप्ता, विजय यादव, अशोक अग्रहरी, नरेश सचदेवा, विजय गुप्ता पपोली समेत अन्य मौजूद रहे।

काम अधूरा छोड़कर भाग गया ठेकेदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सात करोड़ का ठेका लिया था पूरा भुगतान हो चुका
- स्वरूप नगर थानाक्षेत्र का मामला, दो पर रिपोर्ट

अमृत विचार। स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज निर्माण का ठेका लेने और पूरा रुपया लेने के बावजूद काम बीच में छोड़कर भाग जाने पर कंपनी की निदेशक ने ठेकेदार व माल सप्लाई करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्वरूपनगर निवासिनी इंदू सिंह के अनुसार मथुरा में कोल्ड स्टोरेज बनवाने के लिए उन्होंने कंपनी एक्ट के तहत युवराज सिंह कोल्ड स्टोर प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्म बनाई। जिसके निर्माण के लिए एटा निवासी सुमित कुमार से सात करोड़ रुपये में करार हुआ। सुमित ने बाला जी कंस्ट्रक्शन कंपनी से कार्य कराने के नाम पर 6.49 करोड़ रुपये प्राप्त किए और काम बीच में छोड़कर भाग गया। आरोप है कि सुमित की वजह से कोल्ड स्टोरेज समय से नहीं बन सका। जिससे वह आलू का भंडारण नहीं कर सकीं और करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पीड़िता ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान पीपी जीआई शीट के लिए सुमित ने अपने परिचित संजय शर्मा से संपर्क कराया। जिसका एडवांस 13.31 लाख रुपये कर दिया लेकिन शीट नहीं मिली। जिस पर उन्होंने मैनेजर पिंकू चौधरी को बातचीत के लिए भेजा। आरोप है, कि संजय ने गाली-गलौज कर धमकाया और रुपये हड़पने की बात कही। दोबारा मांगने पर आरोपी ने जान की धमकी दी। स्वरूपनगर इंस्पेक्टर ने बताया दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पैकेज वन ने पकड़ी रफ्तार, 18 प्रतिशत काम पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो आरओबी, एक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अंतिम पड़ाव पर पहुंचा

23 किमी लंबा है पैकेज एक

11 किलोमीटर मिट्टी भराई हो चुकी

04 अंडरपास का काम पूरा हो चुका

7800 करोड़ लागत रिंग रोड की

अमृत विचार। रिंग रोड में 23.325 किलोमीटर लंबे पैकेज एक में 18 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया, जिनमें एक रेलवे ओवर ब्रिज, तीन अंडर पास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं चार अंडरपास का काम पूरा हो चुका है। सचेंडी पर फ्लाईओवर का काम प्रगति पर है, साथ ही छह कल्वर्ट का लगभग 75 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही 11 किलोमीटर में प्रतिदिन 12 से 15 हजार क्यूबिक मीटर मिट्टी का काम किया जा रहा है। साथ ही चार किलोमीटर में रूट्स ग्रास का काम कराया जा रहा है।

7800 करोड़ की लागत से कानपुर नगर, देहात, उन्नाव से होकर निकलने वाली 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड परियोजना तैयार की जा रही है। रिंग रोड का निर्माण पांच पैकेजों में किया जा रहा है। 23.325 किलोमीटर लंबे मंधना से सचेंडी पैकेज एक का निर्माण 1754 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। वहीं 1604 करोड़ से पैकेज चार मंधना से रमईपुर का काम किया जाना है। दोनों पैकेजों में काम की जिम्मेदारी राज कंस्ट्रक्शन को दी गई है। पैकेज एक में तीन फ्लाई ओवर,तीन आरओबी, 10 अंडरपास, 18 कल्वर्ट, 10 माइनर ब्रिज व दो मेजर ब्रिज का निर्माण कराया जाना है। एनएचएआई साइट इंजीनियर नीरज कुमार ने बताया कि 10 अंडरपास में चार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, वहीं तीन अंडरपास का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया। वहीं तीन फ्लाईओवर में सचेंडी गांव पर लगभग 300 मीटर लंबे फ्लाई ओवर का 40 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही दो मेजर ब्रिज में एक व 10 माइनर ब्रिज में दो पर काम तेजी पर है। वहीं छह स्थानों पर कल्वर्ट का लगभग 75 प्रतिशत काम पूरा कर दिया गया है। 11 किलोमीटर में मिट्टी भराई करा समतलीकरण का काम किया जा रहा है, चार किलोमीटर में रुट्स ग्रास की साफ सफाई का काम कराया जा रहा है।

रिंग रोड के पैकेज वन पर काम तेजी से चल रहा है। अमृत विचार

धर्म परिवर्तन के प्रयास का आरोपी गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र का मामला महोबा निवासी है पीड़ित महिला, दुष्कर्म का भी आरोप

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में महिला का अपहरण कर दुष्कर्म करने और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

महोबा निवासिनी महिला के अनुसार उनके पति ज्योतिषाचार्य हैं। करीब पांच साल पहले उनके इलाके का युवक हासिम मोहम्मद अपना नाम बदलकर पति के पास ज्योतिष परामर्श के लिए आने लगा था। आरोपी ने उसका नहाते समय अश्लील वीडियो बना लिया था। फिर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाता रहा। आरोपी डरा धमकाकर दो अप्रैल 2022 को उसे तीन बच्चों के साथ श्याम नगर ले आया था। जहां पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव भी बनाने लगा था। मना करने पर उन्हें और बच्चों को बुरी तरह से मारापीटा था।

महिला किसी तरह से बच्चों के साथ आरोपी के चंगुल से छूटकर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के पास बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची थी और मामले की शिकायत की थी। जिसके बाद चकेरी पुलिस ने आरोपी हासिम मोहम्मद पर धोखाधड़ी, दुष्कर्म करने, जबरन धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास समेत एक दर्जन धारा में मामला दर्ज किया था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मंगलवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

बाइक चोरी करने वाले चोरों का गैंग पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सब्जी मंडी, बाजार व कोचिंग मंडी में सक्रिय रहते थे आरोपी
- हनुमंत विहार पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार
- चोरी के वाहन खड़े करने के लिए रनिया में किराये पर लिया था मकान

अमृत विचार। भीड़ भाड़ वाले इलाकों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के तीन सदस्यों को हनुमंत विहार पुलिस ने दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की 12 बाइकें बरामद कीं। आरोपी रनिया के जंगल में बाइकों को छिपाते थे। तीनों आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया।

डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि हनुमंत विहार थाने में बीते 21 अप्रैल को बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। 27 मई को हनुमंत विहार पुलिस ने वाहन चेकिंग में तीन संदिग्ध युवकों को दबोचा। चेचिस नंबर के आधार पर पुलिस ने जांच की तो उनकी बाइक चोरी की निकली।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बिधनू, इकडरिया गांव निवासी कुलदीप यादव, मोहन सिंह यादव, रोहित यादव बताया। आरोपियों ने बताया कि सब्जी मंडी, बाजार जैसे इलाकों में खरीदारी करने आने वाले लोगों को अपना निशाना बनाते थे। आरोपी रनिया में किराए का मकान में रहते थे और उसी के पीछे स्थित जंगलों में चोरी की बाइकों को छिपा कर रखते थे। डीसीपी के मुताबिक गैंग का सरगना कुलदीप है, जिसके खिलाफ कानपुर नगर, देहात, हमीरपुर में करीब 18 मुकदमें दर्ज है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने से गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई हो चुकी है। मोहन व रोहित के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में नौ-नौ मुकदमें दर्ज हैं।

पकड़े गए बाइक चोर। अमृत विचार

नवाबगंज में युवक को पीटकर लूट का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित नवाबगंज से जा रहा था कल्याणपुर की ओर
- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार। नवाबगंज थानाक्षेत्र में लुटेरों ने मारपीट कर एक युवक को लूटने का प्रयास किया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



जवाहर नगर निवासी अंकित शुक्ला के अनुसार सोमवार को वह नवाबगंज से कल्याणपुर की तरफ जा रहे थे। गुरूदेव रोड पर सिग्नेचर ग्रीन के सामने दो पक्षों में झगड़ा हो रहा था। आरोप है, कि इसी दौरान किसी ने उनकी गाड़ी पर ईंट फेंककर मार दी। वह बाहर निकले तो सिर पर ईंट मारकर आरोपियों ने फोन लूटने की कोशिश की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

सार-संक्षेप

सीयूजीएल कंपनी का अधिकारी बनकर की ठगी

कानपुर। नवाबगंज थानाक्षेत्र में साइबर फ्रॉड ने अपने को सीयूजीएल गैस कंपनी का अधिकारी बताकर महिला से साढ़े तीन लाख की ठगी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। नवाबगंज दीन दयाल निवासी ज्योति गुप्ता के अनुसार 19 मई को उनके फोन पर एक कॉल आया। बात करने वाले ने खुद को सीयूजीएल गैस कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि उनका 36 हजार रुपये का बिल बकाया है। यदि आज बिल नहीं जमा करेगीं तो कनेक्शन कट जाएगा। आरोपी ने कंपनी का एप भेजा और कहा कि आप बिल इसके जरिए जमा करेंगी तो पचास प्रतिशत डिस्कांउट मिलेगा। एप इंस्टाल कर लिया और इसके बाद खाते से करीब तीन लाख चौतीस हजार रुपये गायब हो गए।

अधिवक्ता को फोन कर दी धमकी, रिपोर्ट

कानपुर। अहमद नगर निवासी अधिवक्ता फहीम आलम के अनुसार 19 मई को उनके पास अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। उन्होंने दोबारा फोन न करने की बात कहकर फोन काट दिया। उसके बाद 25 मई को उसी नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल और मैसेज कर गाली गलौज की जा रही है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित किया जाता है कि MOBEEN AHMAD S/O ABDUL SAKOOR निवासी सिकंदरपुर परसरामपुर बस्ती का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदल कर ABDUL MOOBIN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

पंजीकृत फर्म मे0 लकी ट्रेडर्स विवेक नगर सुलतानपुर की साझेदारी में श्री दया नारायण सिंह पुत्र स्व0 श्री शीतला बक्श सिंह निवासी ग्राम सदरपुर तहसील लम्भुआ जिला सुलतानपुर की मृत्यु दिनांक 02-04-2022 को हो गयी। इनको फर्म से पृथक करते हुए नया साझीदार सौरभ सिंह पुत्र श्री राम बहादुर सिंह निवासी विवेक नगर सुलतानपुर को शामिल किया गया है। **राम बहादुर सिंह, साझीदार, मे0 लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर सुलतानपुर।**

सूचना

यह कि मेरे पुत्र सहीद का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नसीर पुत्र मैकू, निवासी खानपुर, थाना ठठिया, जनपद-कन्नौज**

सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAIF से बदलकर MOHAMMAD SAIF KHAN रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O MOHAMMAD IYAZ AHMAD ADD- MANGAURA POST- DULARI NAGAR, AMETHI (U.P.)**

सूचना

मैने अपने पुत्र प्रशांत तथा उसकी पत्नी हेमा को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वयं उत्तरदायी होंगे मेरे व परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्तव सरोकार नहीं रहेगा। **हरिशंकर पुत्र स्व0 अशर्फी लाल निवासी गणेश नगर कॉलोनी थाना कोतवाली जिला खीरी**

सूचना

विकास खण्ड मुसाफिरखाना जनपद अमेठी की न्याय पंचायत रसूलाबाद की ग्राम पंचायत रसूलाबाद, कोड.शी मोहीउद्दीनपुर एवं न्याय पंचायत दादरा की ग्राम पंचायत निजामुद्दीनपुर, भद्दौर के समस्त मछुआ समुदाय के मत्स्य पालक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य आखेटक को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.06.2024 को समय 11 बजे दिन में स्थान बाबा परागदास आश्रम निजामुद्दीनपुर पर नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के संगठन की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, बैठक में पहुंचकर सफल बनाए। **भवदीय राम सजीवन निषाद ग्राम-निजामुद्दीनपुर, पोस्ट- इसौली, मुसाफिरखाना, अमेठी।**

हेल्थ जोन

हर माह सौ शिशु मिल रहे रेटिनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी से ग्रस्त, पांच साल पहले सप्ताह में पहुंचते थे सिर्फ पांच बच्चे, अब 15 से 20 आते

गर्भावस्था में लापरवाही से बढ़ा शिशु की आंखों को खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गर्भावस्था के दौरान लापरवाही और पोषण युक्त चीजों का सेवन न करने से सीधा असर गर्भ में बच्चे पर पड़ता है। बच्चों को कुछ बीमारियों का सामना करना पड़ता है। अंधता रोग होने की भी आशंका अधिक रहती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में प्रतिमाह औसतन सौ रेटिनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) बच्चों की स्क्रीनिंग कर उनका लेजर विधि से निशुल्क इलाज किया जा रहा है।

रेटिनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) बीमारी से ग्रस्त बच्चों की आंखों की रोशनी जाने से जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में प्रो.परवेज खान बचा रहे हैं। नेत्र विभाग में वर्तमान में आरओपी से ग्रस्त हर माह 80 से 100 बच्चों को लेकर अभिभावक पहुंच रहे हैं। जबकि पांच साल पहले इस बीमारी से ग्रस्त प्रतिमाह 20 से 30 बच्चे ही इलाज के लिए आते थे। प्रो. परवेज खान ने बताया कि समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों की आंखों की रोशनी जाने का खतरा रहता है। ऐसे बच्चों की आंखों में रेटिनोपैथी जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। इस बीमारी में आंखों में जाने वाली खून की कोशिकाएं गर्भावस्था के दौरान धीरे-धीरे विकसित होती हैं, जिसकी वजह से उनके आंखों के पर्दों पर कई परतें जमा हो जाती हैं और बच्चों को कम दिखाई देता है। समय से जांच होने पर इस बीमारी का इलाज संभव है। आरओपी से ग्रस्त बच्चों की विभाग में इंजेक्शन व ग्रीन लेजर विधि से सर्जरी निशुल्क की जा रही है। निजी अस्पतालों में इसके लिए अभिभावकों को 25 से 30 हजार रुपये तक चुकाने पड़ते है। बताया कि अभिभावकों की लापरवाही, बीमारी पकड़ में नहीं आने और इलाज में देरी होने से कई बच्चे अंधता रोग के शिकार हो जाते थे। क्योंकि ऐसे बच्चों का इलाज जन्म से लेकर एक माह के अंदर कराना होता है। समय बीतने पर बच्चे की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। बच्चों को अंधता रोग से बचाने के लिए प्रिमिच्योर बच्चों की स्क्रीनिंग की जा रही है।

इंजेक्शन व लेजर दोनों विधि हैं कारगर

- प्रो .परवेज खान ने बताया कि रेटिनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी बच्चों का इलाज दो विधि से किया जाता है। स्क्रीनिंग में या जानकारी होने पर अभिभावक समय पर बच्चों को पहले या दूसरे चरण में लेकर आते हैं तो उन्हें इंजेक्शन के माध्यम से ठीक किया जाता है। लेकिन तीसरी या चौथे चरण में आने वाले बच्चों को इंजेक्शन देने के साथ ही लेजर विधि से सर्जरी कर आंखों की रोशनी बचाई जाती है। यह इंजेक्शन प्रो .परवेज खान अपनी तरफ से बच्चों को निशुल्क लगा रहे हैं जिसकी बाजार में कीमत 25 हजार रुपये है।

एनआईसीयू अच्छा होने से मिल रही राहत

- प्रो .परवेज खान ने बताया कि हैलट अस्पताल में पहले स्क्रीनिंग की सुविधा नहीं थी और ऑपरेशन भी नहीं होते थे। इस वजह से मरीज अस्पताल नहीं आते थे, बल्कि लखनऊ, दिल्ली या मुंबई जाते थे। लेकिन जब से हैलट में बाल रोग विभाग का एनआईसीयू अच्छा हुआ है, तब से सुविधाएं बढ़ी हैं। बाल रोग विभाग और नेत्र रोग विभाग ने मिलकर यह स्क्रीनिंग का प्रोग्राम शुरू किया है। इस वजह से हर सप्ताह 15 से 20 मरीज आ रहे हैं।

ऑक्सीजन का रेटिना पर पड़ता असर

खानपान, रहन-सहन, संक्रमण, खून की कमी, उच्च रक्तचाप, हाई ग्रेड फीवर आदि हाई रिस्क में शामिल गर्भवती को प्रीमिच्योर डिलीवरी की आशंका रहती है। प्रीमिच्योर डिलीवरी के दौरान कुछ बच्चों की हालत गंभीर होती है, तब ऐसे बच्चों को एनआईसीयू में रखा जाता है। बच्चों को सांस लेने में दिक्कत न हो इसलिए उनको ऑक्सीजन भी लगाया जाता है। अधिक दिनों तक ऑक्सीजन देने पर बच्चे की रेटिना पर असर पड़ता है, जिससे आंखों की रोशनी प्रभावित होती है।

आज का मौसम
तेज धूप रहेगी
उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

45.2°	28.8°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 16	सूर्यास्त 06 : 56

एक नजर

पत्नी से परेशान युवक ने वीडियो किया वायरल

कानपुर। एक युवक ने अपनी पत्नी के चाल-चलन से परेशान होकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। युवक ने वायरल वीडियो में फांसी लगाने की बात भी कही। मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो हडकंप मच गया। पीड़ित युवक ने बताया कि उसकी पत्नी पड़ोस में रहने वाले युवक से इंस्टाग्राम पर चैट करती है। मना करने पर झगड़ा करती है। पूरा मामला नौबस्ता थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि वीडियो की जांच की जा रही है।

युवक को सांप ने काटा

रसूलाबाद। मंगलवार को दानी निवादा गाँव में बकरी के निकट बैठे सर्प को भगाने में संदीप के सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉ ब्रजेश ने उसका इलाज किया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

सिर्फ दो पार्किंग वैध-बाकी अवैध तो नगर निगम क्या कर रहा!

नगर निगम मुख्यालय छोड़कर अन्य पार्किंग स्टे पर व अवैध रूप से चल रहीं हैं

17 जगह कोर्ट से स्टे लेकर पार्किंग चल रहीं

44 पार्किंग चलती थीं पहले निगम की

43 जगह अब पार्किंग बनाने की योजना

दोषी कौन?

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में नगर निगम की सिर्फ दो पार्किंग ही वैध हैं। यह नगर निगम और अटल घाट पर हैं। बाकी 17 जगह कोर्ट से स्टे लेकर पार्किंग का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा चल रहीं सभी पार्किंग अवैध हैं। आश्चर्य की बात है कि जानते हुए भी नगर निगम अवैध पार्किंग पर रोक नहीं लगा पाया। कोर्ट से स्टे खारिज कराने के प्रयास क्यों नहीं किया।

नगर निगम ने अब नए सिरे से पार्किंग को नियमानुसार डेवलप कर उठाने का प्लान बनाया है। नगर निगम ने इसको लेकर सर्वे भी शुरू किया है। जोन अधिकारियों ने छह जोन में अभी तक 47 स्थल चयनित किये हैं। इनमें से अंतिम 43 चयनित स्थलों पर पार्किंग बनाने की योजना है। पार्किंग न होने की वजह से शहर में बेतरतीब वाहन खड़े होते हैं जिससे जाम लगता है। चुनाव आचार संहिता के बाद योजना पर काम तेज होगा।

शहर में बंद किए गए पार्किंग स्थलों को नगर निगम जल्द ही फिर शुरू करने की तैयारी में है। पार्किंग स्थलों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अपर नगर आयुक्त आवेश खान ने पहल शुरू की है। टायलेट, पानी की व्यवस्था के साथ ही टिन शेड के साथ पार्किंग स्थलों को डेवलप किया जाएगा। इससे पहले नगर निगम अगस्त 2021 तक शहर में 44 पार्किंग स्थल को संचालित कर रहा था। इन पार्किंग स्थलों की जांच की गई तो पाया गया कि इनमें से 42 में पानी, टिनशेड, टायलेट की कोई सुविधा नहीं है। सिर्फ अटल घाट और नगर निगम स्थित पार्किंग स्थल पर ही इनकी व्यवस्थाएं हैं। नियम न पूरे किये जाने पर शासन के निर्देश पर मोतीझील और अटल घाट छोड़कर बाकी सभी पार्किंग स्थलों को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद 17 जगहों पर संचालित पार्किंगों पर पार्किंग संचालक स्टे ले आये जो अभी भी संचालित हो रही हैं। नगर निगम अब कोर्ट से स्टे को हटवाने के लिये प्रार्थना पत्र देगा ताकि, नियमानुसार पार्किंग संचालित की जा सकें।

मोतीझील स्थित कारगिल पार्क में मनमाने तरीके से खड़े वाहन। अमृत विचार

करोड़ों रुपये हो गये बर्बाद

स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था बनाने में करोड़ों रुपये खराब हो गये। स्मार्ट एलईडी, पार्किंग मार्किंग, टीन शेड का काम तो हुआ लेकिन अब यह सब खराब हो रहे हैं। नगर निगम के रेट कार्ड वाला बोर्ड भी नगर निगम मुख्यालय द्वार और कारगिल पार्क पर खराब पड़ा है। इन्हें लगाने में करोड़ों रुपये खर्च हो गये।

- अवैध पार्किंगों पर रोक क्यों नहीं लगाई, कोर्ट से स्टे खारिज क्यों नहीं कराए
- अब निगम ने सर्वे किया शुरू मानकों को ध्यान में रखते हुये बनेंगी पार्किंग

इन पार्किंग स्थलों पर होनी है तैयारी

भार्गव नर्सिंग होम, नवीन मार्केट, कृष्णा टावर, नाला रोड, बिरहाना रोड चेस्ट क्लीनिक, डफरिन अस्पताल के पीछे, पीडब्ल्यूडी कार्यालय सिविल लाइंस, पीपीएम अस्पताल, मंदाकिनी होटल साकेत नगर, स्टेट बैंक नौबस्ता, मधुलोक नर्सिंग होम, वी मार्ट साकेत नगर, शिवाजी इंटर कालेज केशव नगर, गौशाला चौराहा, रीयल चिल्ड्रेन हास्पिटल, स्पंदन हास्पिटल, वी मार्ट नौबस्ता, आइडीबीआइ नौबस्ता, डा. संदीप मिश्रा क्लीनिक नौबस्ता, स्टेट बैंक वसंत विहार, म्युजिकल फाउंटेन पार्क, सोसाइटी मोटर्स, कालेज आफ मैनेजमेंट, लीलामणि हास्पिटल, मर्चेंट चैंबर, वोडाफोन कार्यालय सिविल लाइन, पदम टावर, एक्सेल हास्पिटल, आभा नर्सिंग होम, मधुराज नर्सिंग होम, आरके देवी हास्पिटल, रीजेंसी रीनल साइंस सेंटर, गैस्ट्रोलीवर अस्पताल, चांदनी नर्सिंग होम, राजीव वाटिका, तुलसी उपवन, लाजपत भवन, आरएसपीएल लिमिटेड, लोहिया स्टार लिंगर, विशाल मेगा मार्ट।

गली-गली आवारा कुत्तों का आतंक है। अमृत विचार

अब रोज पकड़े जाएंगे कुत्ते मीट दुकानों पर भी शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर के नेतृत्व में दूसरे दिन भी दक्षिण में 50 कुत्ते पकड़े

अमृत विचार। शहर में आवारा खूंखार कुत्तों को अब रोज अभियान चलाकर पकड़ा जायेगा। इसके अलावा फुटपाथ पर और अवैध निर्माण कर लगी मीट की दुकानों पर भी शिकंजा कसेगा। मंगलवार को फिर दक्षिण क्षेत्र में महापौर के नेतृत्व में अभियान चलाकर 50 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। महापौर ने कहा कि बंध्याकरण की स्पीड को बढ़ाया जायेगा। आवारा कुत्तों को तो बंध्याकरण कर छोड़ दिया जायेगा, लेकिन खूंखार कुत्तों को पशुचिकित्साधिकारी की देख-रेख में रखा जायेगा, सामान्य होने पर ही उन्हें कोर्ट के नियमों के अनुसार छोड़ दिया जायेगा।

रविवार देर रात सीटीआई चौराहे के पास खूंखार आवारा कुत्ते के हमले में एक बच्ची की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से नगर निगम पर सवाल उठने लगे थे। जिसके बाद महापौर ने मोर्चा संभाला और सोमवार को सीटीआई में अवैध मीट की दुकानों को धराशायी कर दिया। इसके साथ ही 70 कुत्तों को पकड़ा। महापौर मंगलवार को नौबस्ता पहुंची और कुत्ता पकड़ने का अभियान चलवाया। दक्षिण क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान के दौरान 50 आवारा कुत्तों को नगर निगम टीम ने पकड़ा। महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि जहां पर मीट की दुकानें हैं वहां दुकानदार कुत्तों को मीट खिलाते हैं जिससे वह खूंखार हो गये हैं। इसके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

महापौर प्रमिला पांडेय ने मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी को तत्काल काम पूरा कराने के निर्देश दिये। अमृत विचार

ऊंची की सर्विस लेन, सड़क में बाधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर मुख्य अभियंता के साथ मौके पर पहुंचीं, तत्काल काम शुरू करने के निर्देश

अमृत विचार। वार्ड 77 स्थित बर्रा बाईपास से समानांतर 270 मीटर सर्विस लेन की सड़क के निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो गई है। राम मिष्ठान भंडार की ओर से सर्विस लेन को हाइवे तक ऊंचा करने की वजह से सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर मंगलवार को महापौर प्रमिला पांडेय मुख्य अभियंता के साथ मौके पर पहुंची और तत्काल कार्य शुरू करने के निर्देश ठेकेदार को दिये।

वार्ड 77 के पार्षद अखिलेश कुमार बाजपेई ने बताया कि 15वें वित्त आयोग से बर्रा बाईपास में मिनाक्षी टायर से पारस गार्डन तक सड़क निर्माण कार्य होना है। 26 लाख रुपये से 270 मीटर सड़क निर्माण कार्य रुका हुआ है। उन्होंने बताया कि राम मिष्ठान भंडार ने सर्विस लेन को हाइवे तक ऊंचा कर दिया है। इससे निर्माण करने में दिक्कत आ रही है। होटल संचालक के अड़ंगे की वजह से काम रुका पड़ा है। शिकायत पर पहुंची महापौर ने मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी को निर्देशित किया कि होटल संचालक और पब्लिक के बीच में सामंजस्य बना लिया जाये।

फर्जी भर्ती मामले में निकलीं पुलिस टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सर्विलांस टीम की मदद से जिलों में गई फोर्स, आरोपी शिक्षकों की गिरफ्तारी होगी

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की फर्जी मेल आईडी से नौकरी पाने वाले नौ शिक्षकों के खिलाफ पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने बताया कि कुछ लोगों को ट्रेस कर लिया गया है। पुलिस की टीमें सभी शिक्षकों के पते पर गिरफ्तारी के लिए निकली हुई हैं।

इस मामले में डीआईओएस की तहरीर पर कर्नलगंज थाने में वाराणसी की रिक्षा पांडेय, मिर्जापुर की विनीता देवी, प्रयागराज के विनय सिंह, मेरठ के विनीत चौधरी चौहान, सीतापुर के अरविंद सिंह यादव, प्रयागराज की स्वाति द्विवेदी, मिर्जापुर के आशीष कुमार पांडेय, मुजफ्फरनगर के नितिन कुमार, मेरठ की ज्योति यादव पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस इन लोगों की गिरफ्तारी के लिए निकली हुई है। गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस को भी एक्टिव किया गया है। इन लोगों की गिरफ्तारी होने के बाद ही सही मामला खुल पाएगा। किसी एक व्यक्ति के हाथ लगने के बाद पता चलेगा कि मास्टरमाइंड कौन है। डीसीपी के अनुसार फेक पैनल में शामिल दो शिक्षकों को नियुक्ति अलग-अलग स्कूलों में मिल गई थी, लेकिन बाकी के सात शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही थी। मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज, किदवई नगर में टीजीटी पोस्ट पर विनीता देवी और आर्य कन्या इंटर कालेज में पीजीटी पोस्ट पर रिक्षा पांडेय को नियुक्ति दी गई थी। विनीता देवी ने 2.59 लाख रुपये सैलरी भी उठा ली थी।

दोबारा मतगणना में जीतीं सीमा साहू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मगरासा प्रधानी चुनाव में कोर्ट के आदेश पर हुई दोबारा मतगणना
- एसडीएम सदर कोर्ट में शाम पांच बजे तक चली मतगणना प्रक्रिया
- बराबर वोट निकलने पर एक बच्ची से निकलवाई गई लॉटरी की पर्ची

अमृत विचार। कोर्ट के आदेश पर मगरासा प्रधानी चुनाव की मंगलवार को दोबारा मतगणना हुई तो हारी प्रत्याशी ने बाजी मार ली। तीन साल बाद दोबारा मतगणना एसडीएम सदर कोर्ट में हुई। दोनों प्रत्याशियों में बराबर मतों का पेंच फंस गया। इस पर लॉटरी सिस्टम से दोनों के नामों की पर्ची निकाली गई और हारी प्रत्याशी ने जीत दर्ज की।

बिधून विकास खंड के मगरासा ग्राम पंचायत का चुनाव वर्ष 2021 में हुआ था। प्रधानी चुनाव में मतगणना के बाद एक वोट से जीत-हार का फैसला हुआ था। शशि कुशवाहा एक वोट से जीतीं थीं। एक वोट से जीत-हार के कारण हारी प्रत्याशी सीमा साहू ने कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर एडीजे 19 की कोर्ट ने दोवारा मतगणना कराने का आदेश दिया। मंगलवार को एसडीएम सदर प्रखर कुमार की अध्यक्षता में उनकी कोर्ट में मगरासा प्रधानी के चुनाव की दोबारा मतगणना हुई। दोपहर करीब डेढ़ बजे से मतगणना शुरू हुई। जो शाम पांच बजे तक चली। इससे पहले आईटीआई से दो हजार मतपत्रों को निकालकर लाया गया। शाम को मतगणना पूर्ण होने पर दोनों प्रत्याशियों को बराबर 334-334 मत मिले। ऐसे में दोनों प्रत्याशियों के बीच बराबरी रही। कोई निर्णय न निकलने पर दोनों प्रत्याशियों के नाम की पर्ची एक बॉक्स में डालकर एक बच्ची से लॉटरी सिस्टम से निकलवाया गया। लॉटरी में सीमा साहू के नाम की पर्ची निकली और उन्हें विजेता घोषित किया गया। दोनों प्रत्याशियों ने लॉटरी निर्णय को स्वीकार किया। एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे मतगणना का कार्य उनकी कोर्ट में शुरू हुआ था। दोनों प्रत्याशियों के बराबर मत निकलने पर लॉटरी सिस्टम का सहारा लेना पड़ा। जिसमें पूर्व की मतगणना में हारी सीमा साहू ने जीत हासिल की। सीमा साहू के अधिवक्ता आयुष सिंह, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्याशी सीमा ने अवैध मत डलवाने का भी आरोप लगाया था। एसडीएम कोर्ट में सुनवाई न होने पर जिला जज के यहां याचिका दायर की थी। वहां से मामला एडीजे-19 की कोर्ट भेजा गया। जहां से दोबारा मतगणना का आदेश हुआ।

सीमा साहू। अमृत विचार

चौकी इंचार्ज व सिपाही को जमानत नहीं मिली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वसूली से त्रस्त होकर 13 मई को सब्जी विक्रेता ने की थी आत्महत्या

अमृत विचार। सचेंडी में सब्जी विक्रेता से वसूली करने और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोपी चौकी इंचार्ज व सिपाही की अग्रिम जमानत याचिका जिला जज ने खारिज कर दी। 13 मई को चौकी इंचार्ज की वसूली से त्रस्त होकर सब्जी विक्रेता ने आत्महत्या कर ली थी। मौत से पूर्व वीडियो बनाया था, जिसमें उसने चौकी इंचार्ज व सिपाही पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

सचेंडी कस्बा निवासी बालकृष्ण राजपूत का बेटा सुनील (26) चकरपुर मंडी कछियाने में सब्जी की दुकान लगाता था। 13 मई को सुनील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व सुनील ने एक वीडियो बनाया था जिसमें मंडी चौकी प्रभारी सतेंद्र कुमार यादव व सिपाही अजय यादव पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। आरोप था कि चौकी इंचार्ज और सिपाही दुकान लगाने के एवज में जबरन सब्जी और पैसों की वसूली करते थे, मना करने पर मारपीट करते थे। परिजनों ने चौकी इंचार्ज व सिपाही के खिलाफ रंगदारी व आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद आरोपियों ने जिला जज प्रदीप कुमार सिंह की कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। मंगलवार को कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

रोनिल सरकार हत्याकांड में पिता से जिरह पूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हत्यारोपी ईशू व साहिल के वकीलों ने की पिता से जिरह

अमृत विचार। श्याम नगर निवासी छात्र रोनिल सरकार हत्याकांड में मंगलवार को रोनिल के पिता संजय सरकार की जिरह पूरी हुई। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई 14 जून को निर्धारित की। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकीलों ने मृतक के पिता से जिरह की।

31 अक्टूबर 2022 को वीरेंद्र स्वरूप स्कूल का छात्र 18 वर्षीय श्याम नगर निवासी रोनिल सरकार गायब हो गया था। अगले दिन चंदारी रेलवे स्टेशन के पास पटरी पर उसकी लाश मिली थी। मामले में पुलिस ने विकास यादव, उसके साथी ईशू यादव व साहिल यादव को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों के खिलाफ एडीजे 21 विनय सिंह की कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में रोनिल के पिता संजय सरकार की ओर से गवाही दी गई थी। मंगलवार को हत्यारोपी ईशू यादव व साहिल यादव के वकीलों ने संजय सरकार से जिरह की। कोर्ट ने अगले गवाह के बयान के लिए 14 जून की तिथि निर्धारित की है।

रूरा निवासी युवक गंगा में डूबा

बदायूं : जिला कानपुर देहात के थाना रूरा क्षेत्र के गांव बलवापुर निवासी अखिलेश पुत्र बेचे लाल मोबाइल टॉवर लगाने का काम करते हैं। वह थाना उसहैत क्षेत्र के सीमावर्ती जिला फर्रुखाबाद के कंपिल क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगा रहे थे।

मंगलवार को वह अपने साथियों के साथ उसहैत क्षेत्र के अटेना गंगा घाट स्नान करने गए। स्नान के दौरान अखिलेश गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने चीख पुकार मच गई। गोताखोरों ने गंगा में अखिलेश की तलाश की लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह फिर से युवक की तलाश की जाएगी।

सोता रहा परिवार, चोर ले गए नकदी व जेवरात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र में रविवार देर रात हुई घटना
- पुलिस एक संदिग्ध से कर रही पूछताछ

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में रविवार देर रात चोर ने नगर निगम सफाई कर्मी के घर में घुसकर अलमारी तोड़कर नकदी समेत जेवरात चोरी पार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को उठाकर पूछताछ शुरू कर दी है।

गंगागंज निवासी सुभाष नगर निगम की कूड़ा गाड़ी में सफाई का काम करता है। रविवार देर रात वह परिवार के साथ घर के बाहर सो रहा था। तभी एक चोर उसके घर में घुस आया और अलमारी का ताला तोड़कर चांदी के जेवरात व चार हजार रुपये पार कर दिए। आहट होने पर वह अंदर गया तो चोर भाग निकला। चकेरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

किराना कारोबारी के घर से नकदी व मूर्तियां पार

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र में सोमवार देर रात चोरों ने किराना कारोबारी के घर में घुस कर नकदी, मोबाइल समेत चांदी की मूर्तियां पार कर दी। सुबह गृहस्थी का सामान अस्त व्यस्त देख कर पीड़ित को घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने मामले की जानकारी बर्रा पुलिस को दी। बर्रा दो डिफेंस कॉलोनी निवासी किराना कारोबारी संजीव पांडेय ने बताया कि सोमवार रात वह परिवार के साथ घर के कमरे में सो रहे थे। देर रात मेनगेट की कुंडी तोड़ कर चोर घर में घुसे और कमरे में रखे तीन मोबाइल, पांच हजार रुपये नकद व चांदी की गणेश लक्ष्मी की मूर्ति लेकर फरार हो गए। सुबह वह सोकर उठे तो अलमारी खुली हुई थी व सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। पीड़ित ने मामले की जानकारी बर्रा पुलिस को दी। थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

मौसम की मार | लू के थपेड़ों से राहगीर परेशान, हवा की गति कम होने से उमस ने किया बेहाल

सूरज के तेवर और तल्ख, 45 डिग्री के पार पहुंचा अधिकतम पारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मंगलवार को सूरज के तल्ख तेवर के चलते पारा 45 डिग्री को भी पार कर गया। अगले पांच दिनों में हल्की बदली के बावजूद दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

दोपहर 12 बजे के पास पारा 38 डिग्री के ऊपर पहुंच गया था। दोपहर में सामान्य से 4.8 डिग्री ऊपर चढ़कर अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.4 डिग्री ऊपर चढ़कर 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उन्होंने बताया कि हाई क्लाउड के चलते आर्द्रता अधिकतम 46 एवं न्यूनतम 21 प्रतिशत रिकार्ड की गई। जब हवा की गति मंद थी तो लोगों को उमस परेशान कर रही थी। जब हवा तेज चल रही थी तो लू मुसीबत बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि दिन में लू के थपेड़े 4.5 किलोमीटर की रफ्तार से चले।

डा. पांडेय ने बताया कि केरल में प्री-मानसून बारिश हुई है। लक्षद्वीप के कुछ हिस्सों, बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर भारत में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। उत्तर भारत तक मानसून को पहुंचने में अभी करीब 28 दिन और लगने की संभावना है।

पूरा बदन ढक कर चल रहे लोग। अमृत विचार

- अधिकतम तापमान सामान्य से 4.8 डि.से. ऊपर, न्यूनतम 3.4 डि.से. अधिक

प्रचंड गर्मी में कूलर-एसी भी हो रहे फेल

कानपुर। प्रचंड गर्मी में कूलर ही नहीं, एसी भी फेल हो रहे हैं। अधिक तापमान में तमाम एसी ट्रिप करने लगे हैं। भीषण गर्मी में कूलर बेअसर हैं।

कुछ बड़े ब्रांड को छोड़कर कम कीमत वाले एयर कंडीशनर 44-45 डिग्री सेल्सियस तापमान में ट्रिप कर रहे हैं। उपभोक्ता बार-बार एसी को कुछ देर के लिए बंद कर फिर चालू करते हैं। एसी टेक्नीशिएन का कहना है कि एक निर्धारित तापमान तक एसी अपनी क्षमता के मुताबिक पूरी कूलिंग देते हैं। तापमान के बढ़ने से कमरे के अंदर भी गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे में एयरकंडीशन को अच्छी स्थिति में होना जरूरी है। गर्म हवाएं एसी पर भी काफी जोर डालती हैं।

रिफ्लेक्टिव टिंटेड ग्लास का इस्तेमाल करें

गर्मी में कार के एसी भी कूलिंग कम कर रहे हैं। रिफ्लेक्टिव टिंटेड ग्लास का इस्तेमाल सिर्फ कार में निजता के लिए नहीं किया जाता। इनसे केबिन का तापमान थोड़ा कम रखने में मदद मिलती है। टेक्नीशिएनों की मानें तो गाड़ी के एक दरवाजे या बूट को पंप की तरह और खिड़की को एग्जॉस्ट की तरह इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए दरवाजा पूरा खोलें और फिर थोड़ी तेज स्पीड से बंद कर दें। इससे गाड़ी के अंदर जमा हुई गर्म हवा बाहर निकल जाएगी। सीटों के लिए कूलिंग पैड एक और ऑप्शन है, जो आपकी पीठ को आराम देगा।

भाजपाई की पत्नी को मिली पाकिस्तान नंबर से धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छावनी के रहने वाले भाजपा मंडल अध्यक्ष की पत्नी को पाकिस्तानी नंबर से धमकी मिली। पीड़ित के अनुसार व्हॉट्सएप पर अज्ञात नंबर से कॉल आई, बात कर रहे युवक ने बेटे की मौत के बाद पैरवी न करने को कहा। आलाधिकारियों को सूचना दे दी है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित तिवारी के बेटे प्रेम तिवारी और उसके दोस्तों की गंगा में डूबकर मौत हो गई थी। उन्होंने बेटे के मौके पर मौजूद दोस्त के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। उन्होंने समर्थकों के साथ कोतवाली थाने के बाहर हंगामा किया था। तब जाकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट हो सकी थी। मंगलवार शाम सुमित की पत्नी प्रस्तावना के फोन पर एक अज्ञात नंबर से व्हॉट्सएप कॉल आई। बात करने वाले युवक ने किसी पुलिस अफसर की फोटो डीपी पर लगा रखी थी। पहले तो उसने उनके परिवार की जानाकारी ली और फिर पैरवी करने पर धमकाया। मामला संदिग्ध समझ आने पर उन्होंने फोन काट दिया और सुमित के घर आने पर उन्हें जानकारी दी। सुमित के अनुसार अज्ञात नंबर को ट्रूकॉलर एप पर सर्च करने पर यह पाकिस्तान का नंबर दिख रहा है। उनके अनुसार यह जानकारी उन्होंने छावनी पुलिस को व्हॉट्सएप पर भेज दी है।

रातभर बिजली गुल, केस्को को पता ही नहीं

पुराना कानपुर के लोग सबस्टेशन गए तब बना फाल्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। केस्को भले ही ऑनलाइन सिस्टम पर सभी फॉल्ट और ट्रिपिंग की जानकारी रखने की बात कह रहा है, लेकिन जब पुराना कानपुर में बिजली गुल हुई, हजारों लोग भीषण गर्मी में पूरी रात व्याकुल और बेचैन रहे। केस्को के एक्स अकाउंट में शिकायत की और जवाब में समय भी बिजली आने का दिया, पर सुबह सात बजे तक बिजली नहीं आई। तब लोगों ने कंपनीबाग सबस्टेशन पहुंचकर शिकायत की तो उनको बताया गया कि फाल्ट या बिजली गुल होने की उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली। यह सुनकर मौजूद लोग आक्रोशित हो उठे।

पुराना कानपुर में सोमवार रात को बिजली गुल हुई। तीन घंटे बीतने के बाद जब बिजली नहीं आई तो लोगों ने एक्स पर कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कारपोरेशन के एकाउंट पर शिकायत की। एक घंटे उसके बाद डेढ़ घंटे बाद बिजली आने का अश्वासन शिकायतकर्ताओं को दिया लेकिन सुबह के सात बज गए और बिजली नहीं आई। क्षेत्र के अनुराग सक्सेना समेत आदि क्षेत्रीय लोग कंपनी बाग सबस्टेशन पहुंचे और बिजली न आने पर गुस्सा जाहिर किया।

653 हुए बिजली फाल्ट

05 से 15 मिनट	450
15 से 30 मिनट	127
30 से 59 मिनट	25
एक घंटे से अधिक	25

अनुराग के मुताबिक सबस्टेशन में मौजूद अधिकारी या कर्मचारी का कहना था कि उनको पुराना कानपुर में पुरी रात बिजली न आने की संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। ऐसे में लोगों को गुस्सा केस्को के सिस्टम के खिलाफ और बढ़ गया। यह देख सबस्टेशन में मौजूद अधिकारी ने लाइनमैन व हेल्पर को भेजकर समस्या का समाधान कराया। इधर, अहिरवां, मछरिया, शास्त्री नगर, शिव शंकर पुरम, बारासिरोही, नौबस्ता बंबा नगर समेत 12 क्षेत्रों में बिजली संकट पूरी रात रहा। मंगलवार को छबिलेपुरवा, रविंद्र नगर, हर्ष नगर, आशोक नगर, केशवपुरम, हैरिसगंज, साकेत नगर पराग डेयरी, तिकोना पार्क, दयानंद विहार, बारासिरोही, जवाहर नगर समेत 60 मोहल्लों में बिजली संकट रहा। बिजली न आने से परेशान लोगों ने केस्को मुख्यालय, यूपीपीसीएल, सीएम पोर्टल आदि पर शिकायतें की।

बोले लोग

80 फीट रोड निवासी नितिन जैन ने बताया कि समय पर बिजली का बिल जमा करने के बाद भी बिजली के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है। जब तक केस्को कर्मचारियों का क्षेत्रीय लोग फाल्ट की जानकारी नहीं देते, तब तक कर्मचारी नहीं आते।

अशोक नगर निवासी हिना श्रीवास्तव ने बताया कि बिजली की समस्या से वर्तमान में आधे शहर के लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी में बिजली न आने की वजह से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों व बीमार लोगों को अधिक तकलीफ सहनी पड़ रही है।

जवाहर नगर निवासी सुनील त्रिपाठी ने बताया कि बिजली जाने की शिकायत जब केस्को के एक्स एकाउंट पर की जाती है तो वही कॉपी-पेस्ट मैसेज सबको फॉरवार्ड कर दिया जाता है और दिए गए समय पर बिजली नहीं आने पर परेशान होना पड़ता है।

हर्ष नगर निवासी सलोनी के मुताबिक रात के भी बिजली कई बार जा रही है और दिन में भी बिजली का संकट बना रहता है। जबकि केस्को द्वारा पूर्व में बड़े-बड़े वादे किए जा रहे थे, अगर लोड बढ़ रहा है तो उसकी व्यवस्था पहले से करनी चाहिए थी।

केस्को एमडी, निदेशक व मुख्य अभियंता ने परखी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रात को गुल हो रही बिजली, हेल्प लाइन नंबरों के नहीं उठने और शिकायतों का समाधान समय पर नहीं होने की जानकारी पर केस्को अधिकारियों ने सबस्टेशनों का निरीक्षण का व्यवस्था को परखा। केस्को एमडी, निदेशक, मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंताओं ने हेल्पलाइन नंबरों पर आने वाली शिकायत व रिजिस्टर में दर्ज शिकायतों का मिलनकर समय अवधि चेक की। कमियां मिलने पर उनको दुरस्त करने के निर्देश दिए।

केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन सोमवार रात 11 बजे दहेली सुजानपुर सबस्टेशन पहुंचे और उसके बाद कोयला नगर सबस्टेशन का निरीक्षण किया। एमडी ने सबसे पहले मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति संबंधित समस्याओं को सुना और आदर्श विहार व मंगला विहार जाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण कराया। नौबस्ता खंड के के-ब्लॉक सबस्टेशन के स्पंदन हॉस्पिटल पर विद्युत समस्या और किदवई नगर खंड के एच-ब्लॉक सबस्टेशन में उपभोक्ताओं की शिकायतों का अनुश्रवण किया। इसके बाद वह रात ढाई बजे कंट्रोल रूम पहुंचे, यहां पर उपभोक्ताओं की शिकायतों और विद्युत व्यवधानों का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को भीषण गर्मी में सावधानीपूर्वक और स्वास्थ का ध्यान रखते हुए और रात में गैंग का रोटेशन कर कार्य कराने के निर्देश दिए। वही, केस्को निदेशक राकेश वार्ष्णेय ने कल्याणपुर खंड के केशवपुरम व अंबेडकरपुरम सबस्टेशनों का निरीक्षण कर मौके पर आ रही समस्याओं का निस्तारण कराया। इधर, मुख्य अभियंता सुनील कुमार गुप्ता ने पराग डेयरी खंड के गोविंद नगर व दबौली सबस्टेशन का निरीक्षण कर विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया। अधीक्षण अभियंता प्रथम रवि चंद्र श्रीवास्तव ने जीआईसी, साइकिल मार्केट, म्योर मिल, अधीक्षण अभियंता द्वितीय प्रवेश कुमार ने नमक फैक्ट्री, शास्त्री नगर व अधीक्षण अभियंता भण्डार क्रय मदन लाल भास्कर ने आलूमंडी खण्ड के सबस्टेशनों निरीक्षण किया और कॉबिंग की। इसके अलावा अन्य अधिशाषी अभियंताओं, सहायक अभियंताओं व अवर अभियंताओं ने अपने क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के प्रयास किए।

शिकायत रजिस्टर चेक करते केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन। अमृत विचार

एसडीओ के कमरे में दारू पार्टी, दो कर्मचारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यूपीपीसीएल चेयरमैन आशीष गोयल ने जाहिर की नाराजगी

अमृत विचार। केस्को हंसपुरम के गल्लामंडी सबस्टेशन में एसडीओ के कमरे में दारू पार्टी करते हुए कर्मचारियों का वीडियो वायरल हो गया। सोशल मीडिया के जरिए वीडियो यूपीपीसीएल चेयरमैन आशीष गोयल तक पहुंचा, जिसे देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और केस्को अधिकारियों के साथ कांफ्रेसिंग में जानकारी ली तो अधिकारी हक्के-बक्के रह गए। तब इसके बाद संविदा पर तैनात दो कर्मी को निलंबित किया गया।

गल्लामंडी सबस्टेशन में एसडीओ के कमरे में लाइनमैन प्रशांत मिश्र और कंप्यूटर ऑपरेटर अंकुश दुबे सोमवार रात करीब एक बजे क्षेत्रीय नशेबाजों के साथ थे। वीडियो में शराब की बोतलें भी रखी दिख रही है। एक युवक के पूछने पर वीडियो में बताया जा रहा है कि रात में वह इसलिए सबस्टेशन में है, क्योंकि उसके घर में बिजली नहीं आ रही। एक्सईएन सत्येंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक इस मामले की जांच करने बुधवार को केस्को मुख्यालय की टीम सबस्टेशन आएगी। एसडीओ कमरे में दिखने वाले बाहरी लोगों की पहचान भी की जा रही है। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि हंसपुरम सबस्टेशन में कार्यरत संविदा लाइनमैन प्रशांत मिश्र और ऑपरेटर अंकुश दुबे को हटा दिया गया है। साथ ही उनकी सेवा प्रदाता कंपनी को भी पत्र भेजा गया है। वीडियो में दिख रहे बाहरी लोगों की पहचान कराकर उनपर भी कार्रवाई की जाएगी।

आईआईटी और डीआरडीओ मिलकर करेंगे काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रौद्योगिकी के स्वदेशीकरण को मिलेगा बढ़ावा, और मजबूत होगा रक्षा क्षेत्र

अमृत विचार। मंगलवार को आईआईटी कैंपस में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के सहयोग से डीआरडीओ-उद्योग-अकादमिया उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन हुआ। जिससे प्रौद्योगिकी के स्वदेशीकरण को और बल मिलेगा, इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र और मजबूत होगा।

उद्घाटन के अवसर पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने कहा कि यह केंद्र लंबी अवधि में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के स्वदेशीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। जिससे रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनेगा। इससे भविष्य की रक्षा प्रणालियों के लिए नई सामग्रियों के विकास में तेजी आएगी, अन्यथा 10-15 साल लग सकते थे। बताया कि डीआरडीओ और आईआईटी कानपुर रक्षा क्षेत्र की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पहचाने गए प्रौद्योगिकी डोमेन में सहयोगात्मक अनुसंधान करेंगे। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मनिन्द्र अग्रवाल ने कहा कि बदलते समय के साथ, सही अर्थों में आत्मनिर्भर भारत बनने के लिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की उन्नति की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इसके लिए डीआरडीओ, शिक्षा जगत और उद्योग जगत को मिलकर काम करना होगा। डीआरडीओ द्वारा उद्योग अकादमी उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना इस दिशा में एक उपयुक्त कदम है। डीआरडीओ के प्रौद्योगिकी प्रबंधन महानिदेशक डॉ. सुब्रत रक्षित ने कहा कि 15 शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित डीआईए सीओई रक्षा क्षेत्र की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र के रूप में काम करेंगे। यह उद्घाटन और पहली गवर्निंग काउंसिल की बैठक इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस मौके पर प्रो. तरुण गुप्ता, प्रोफेसर कांतेश बलानी, एलसी मंगल, डॉ. मयंक द्विवेदी, और डॉ. एन रंजना आदि मौजूद रहे।

यह फायदा : मसूरी में प्रौद्योगिकी प्रबंधन संस्थान के पूर्व निदेशक संजय टंडन, आईआईटी में डीआईए सीओई के निदेशक की अगुवाई में यह नया केंद्र प्रारंभ में कुछ खास क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास क्षेत्रों में केंद्रित अनुसंधान का नेतृत्व करेगा।

आईआईटी निदेशक प्रो. मनिन्द्र अग्रवाल और डा. समीर कामत। अमृत विचार

मतगणना के बाद शहर पुलिस महाराष्ट्र जाएगी

फालोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सोना लेकर भागे संपत को पकड़ने की कवायद

अमृत विचार। बजरिया थानाक्षेत्र के बेकनगंज से कारोबारियों का करोड़ों का सोना लेकर फरार कारीगर संपत राव लवेटे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें मतगणना के बाद महाराष्ट्र जाएंगी। डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने बताया कि मतगणना के बाद संभवतः छह जून को टीम बनाकर महाराष्ट्र भेजेंगे।

बेकनगंज सर्राफा बाजार में पुराने सोने के आभूषणों को गलाने के लिए यहां के तमाम कारोबारी पिछले 25 से 30 वर्षों से संपत राव लवेटे नाम के कारीगर को अपना सोना देते थे। संपत मूलरूप से महाराष्ट्र के सांगली जनपद का रहने वाला है। वह बेकनगंज के कई कारोबारियों का तकरीबन 20 किलो सोना व एक करोड़ से ज्यादा की नकदी लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने उसके साथी महेश मस्के को कुछ माल के साथ गिरफ्तार कर लिया था लेकिन संपत आज तक पकड़ में नहीं आया।

बेकनगंज इलाके से सोना लेकर भागने के मामले में एक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं एक अन्य आरोपी संपत अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए मतगणना के बाद टीम को महाराष्ट्र भेजा जाएगा।

–आरएस गौतम, डीसीपी सेंट्रल

उर्सला में आग से हड़कंप, नर्सों ने पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उर्सला अस्पताल में मंगलवार को आग लगने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सभी लोग अस्पताल से बाहर आए और इसी बीच स्टाफ नर्सों ने अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाया। दरअसल, मंगलवार को इन्हीं परिस्थितियों में स्वास्थ्य विभाग ने आग पर नियंत्रण पाने के संबंध में मॉकड्रिक की।

दिल्ली और बागपत के अस्पताल में आग लगने के बाद शहर का स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग और दमकल विभाग ने संयुक्त रूप से उर्सला अस्पताल में मॉकड्रिल की। मॉकड्रिल के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों, स्टाफ नर्स, सिस्टरों व कर्मचारियों को आग लगने पर नियंत्रण और बचाव की जानकारी दी गई। दरवाजे व खिड़की का प्रयोग कब और किस तरह करना है, मरीजों को किस प्रकार बचाकर बाहर निकालना है आदि की जानकारी दी गई। दमकल कर्मियों ने अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की। अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किस प्रकार करना है, इसका भी प्रशिक्षण दिया।

दमकल कर्मियों ने बताया कि अधिकतर बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं होती है, ऐसे में आग पर काबू पाने के लिए सबसे पहले मेन स्विच से विद्युत आपूर्ति बंद करना चाहिए, इससे 80 प्रतिशत आग पर काबू पाया जा सकता है। शेष 20 प्रतिशत आग पर काबू पाना फिर काफी आसान हो जाता है। आग लगने की स्थिति में धैर्य नहीं खोना चाहिए। सबसे पहले दमकल विभाग को सूचना दें। उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल, सीएमएस डॉ.वीसीपाल, अस्पताल प्रबंधक डॉ.फैसल नफीस समेत आदि स्वास्थ्य अधिकारी, स्टाफ नर्स, सिस्टर व कर्मचारी रहे।

मॉकड्रिल के दौरान आग बुझातीं स्टाफ नर्स। अमृत विचार

- हुई मॉकड्रिल, बताए गए आग बुझाने के तरीके

मॉल व अस्पतालों में जांचे अग्निसुरक्षा मानक

कानपुर। राजकोट में गेमिंग जोन में हुए अग्निकांड और दिल्ली के अस्पताल में बच्चों की मौत के बाद डीजी फायर अविनाश चन्द्र के आदेश पर शहर में अग्निसुरक्षा मानकों को लेकर माल और अस्पतालों में अभियान शुरू किया गया। अग्निशमन अधिकारी ने पुलिस के साथ शहर में जांच-पड़ताल की। लाटूश रोड अग्निशमन अधिकारी कैलाश चन्द्रा ने बताया कि कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला और फायर ब्रिगेड के जवानों के साथ जेड स्क्वॉयर माल में बने गेमिंग जोन में अग्निसुरक्षा मानक जांचे। कर्नलगंज अग्निशमन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने सकीना नर्सिंग होम, प्रखर हॉस्पिटल, शर्मा नर्सिंग होम, द स्पोर्ट्स हब स्थित गेमिंग जोन में अग्निसुरक्षा मानकों की जांच की।

परिवार पर चापड़ से हमला, एक गंभीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र में पुराने विवाद में चले लाठी-डंडे

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में पुराने विवाद में दबंगों ने युवकों पर लाठी-डंडों व चापड़ से जानलेवा हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए मां-बेटी पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की। इस घटना में एक घायल की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्यामनगर के केडीए कालोनी रामपुरम निवासी गिरिजा देवी के अनुसार रविवार रात उनके बेटे सोनू, रिंकू व राहुल लाइट न आने के कारण बाहर बैठे थे। तभी पड़ोसी कमलेश पासवान, आकाश, विकास समेत अन्य लोगों ने पुराने विवाद के चलते बेटों पर चापड़, लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर अपनी बेटियों के साथ बाहर आकर बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उन लोगों पर भी हमला कर मारपीट शुरू कर दी। साथ ही धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह नामजद समेत 11 लोगों पर मारपीट, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना के बाद सोनू की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। परिजन उसका इलाज हैलट के सामने एक प्राइवेट अस्पताल में करा रहे हैं। इधर, मंगलवार देर शाम सोनू की मौत की खबर फैली तो हड़कंप मच गया। चकेरी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराया।

सार-संक्षेप

कर्मचारी नेताओं ने रखे विचार। अमृत विचार

समस्याओं का समाधान कर बहाल हो पुरानी पेंशन

कानपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संस्थापक महामंत्री पीएन शुक्ल की पुण्यतिथि पर मंगलवार को कृषि विभाग सभागार में श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिषद के अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने कहा कि पीएन शुक्ल ने कर्मचारियों व शिक्षकों के हितों के लिए हमेशा लड़ाई लड़ी। केंद्र के समान राज्य कर्मियों व शिक्षकों को वेतन भत्ता दिए जाने के लिए ढाई साल जेल यात्रा भी की, लेकिन सरकार के आगे झुके नहीं। उनका आंदोलन आज भी प्रेरणा देते हैं। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि तत्कालीन सरकार ने उन्हें राज्यसभा व विधान परिषद का सदस्य बनाया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजिल देने के साथ उनके दिखाए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर कर्मचारियों ने अपनी समस्या भी बताई। इस भीषण गर्मी में कार्यालयों में एसी की व्यवस्था कराने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि कार्यालय का समय सुबह 8 से दो बजे तक किया जाए। वहीं जिस तरह कर्मचारी, शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, सरकार को चाहिए की पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग का गठन, रोके हुए भत्ते बहाल करने व कर्मचारियों के बीच से एमएलसी बनाए जाए। बैठक का संचालन इं. कोमल सिंह ने किया। पुण्यतिथि पर विभिन्न संघों के पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि की। इस मौके पर इं. एएन द्विवेदी, रणधीर सिंह, एसएमजेड नकवी, डॉ. आलोक यादव, अजीत सिंह, पारसनाथ, अजीत निगम, अटल पाल, बृजेश कटियार, आशुतोष दीक्षित, महेंद्र सिंह, सुनील कुमार सिंह, सुशील सिंह, अशलेन्द्र यादव, अनिल सिंह, भुवन त्रिपाठी, गोपाल कृष्ण आदि रहे।

डूबे छात्रों और आरोपी के रूट के फुटेज जुटाएगी पुलिस

कानपुर। छावनी के रहने वाले भाजपा मंडल अध्यक्ष के बेटे और उसके दो दोस्तों की गंगा में डूबकर मौत के मामले की जांच डीसीपी पूर्वी ने शुरु कर दी है। मंगलवार को डीसीपी ने एसीपी कैंट और एसीपी कोतवाली को डूबे छात्रों और आरोपी के मूविंग रुट और ज्यादा से ज्यादा फुटेज संकलित करने के निर्देश दिए हैं। कोतवाली थानाक्षेत्र के बाबाघाट और काली घाट के बीच में 21 मई को गंगा के दूसरे छोर पर नहाने के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित तिवारी का बेटा प्रेम तिवारी व उसके दोस्त आयुष्मान और आदर्श डूब गए थे। वहीं उनका छावनी निवासी नाबालिग दोस्त घटनास्थल से उनका मोबाइल, बैग स्कूटी और हेलमेट लेकर भाग निकला था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर कोतवाली थाने में आरोपी पर शक के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की थी। कोतवाली पुलिस पर आरोप लगाने के बाद डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने विवेचना को छावनी थाने ट्रांसफर कर दिया था। मंगलवार को डीसीपी ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसीपी कैंट और एसीपी कोतवाली के साथ बैठक कर स्पष्ट और तीव्र विवेचना के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों एसीपी को सामंजस्य बनाते हुए छात्रों के घर से निकलने के बाद मूविंग रूट को ट्रैक करते हुए ज्यादा से ज्यादा फुटेज संकलित करने के निर्देश दिए हैं। डीसीपी के अनुसार जरुरत पड़ी है, तो विशेषज्ञों की मदद लेकर आरोपी की मंशा का आंकलन करते हुए रिपोर्ट लगाई जाएगी।

बिजली के खंभे से टकराई बाइक, युवक गंभीर

राजपुर। सटटी गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राजपुर थाना क्षेत्र के कमलपुर गांव निवासी मोहित कुमार (21) मंगलवार को बाइक से कथरी गांव जा रहा था। तभी सट्टी गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में मोहित के सिर में गंभीर चोट आने से वह बेहोश हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल को राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉ. शिवकुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सटटी थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि सिर में गंभीर चोटे होने से युवक की हालत गंभीर है। घायल के परिजनों को सूचना दी गई है।

पड़ताल कई बड़ी घटनाओं के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं

आरोपियों तक नहीं पहुंच पा रहे कानून के लंबे हाथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कमिश्नरेट पुलिस शहर में अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुई कुछ बड़ी घटनाओं के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। ये हाल तब हैं जब अपने-अपने जोन के डीसीपी एक-एक घटना की मानिटरिंग अपराध समीक्षा बैठक में खुद करते हैं। पुलिस वारंटियों और शराबियों को गिरफ्तार करके अपनी पीठ थपथपा ले रही है और कई महत्वपूर्ण मामले पेंडिंग पड़े हैं। इन पर अफसरों की लापरवाही भी तारी है।

सचेंडी के चौकी इंचार्ज और सिपाही अब तक फरार

केस 01

सचेंडी थानाक्षेत्र में एक पखवाड़ा पहले सब्जी विक्रेता सुनील कुमार राजपूत ने चकरपुर मंडी चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार यादव और सिपाही अजय कुमार यादव के खिलाफ वसूली और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए फांसी लगाकर जान दे दी थी। मृतक के भाई की तहरीर पर दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद से दोनों अब तक फरार चल रहे हैं। पुलिस दोनों की तलाश में कई जिलों में छापेमारी कर रही है, लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। इस संबंध में सचेंडी इंस्पेक्टर जसवंत सिंह ने बताया कि टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

छात्र से हैवानियत में तीन आरोपी पकड़ से दूर

केस 02

काकादेव थानाक्षेत्र में इटावा के नाबालिग छात्र के ऑनलाइन गेम में 20 हजार रुपये हारने के बाद 11 दोस्तों ने छात्र को हॉस्टल के कमरे अर्द्धनग्न करके बर्बरतापूर्वक मारापीटा था। जलाया भी था। पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस गंभीर प्रकरण में अभी भी तीन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। अब तक पुलिस उन लोगों को ट्रेस नहीं कर पाई है। काकादेव थाना प्रभारी केपी गौड़ ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

केस 03

कोतवाली थानाक्षेत्र के अतिसंवेदनशील घनी आबादी वाले क्षेत्र मेस्टन रोड में स्थित बीच वाले मंदिर को अराजकतत्वों ने पर्चे चस्पाकर और फेंककर मंदिर को बम से उड़ाने और पुजारी को जान से मारने की धमकी दी थी। ये मामला जनवरी माह का है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और सर्किल के फोर्स ने छानबीन की थी। पुलिस ने उस व्यक्ति को भी ट्रेस कर लिया। लेकिन पांच माह बाद भी गिरफ्तार नहीं की जा सकी है। पुलिस की टीमों ने आसपास इलाके के सारे सीसीटीवी फुटेज खंगाल डाले जिसमें हकीकत सामने आ गई थी। कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि आरोपी को ट्रेस कर लिया गया है, उसने सुरक्षा पाने के लिए कृत्य रचा था, जल्द खुलासा किया जाएगा।

टप्पेबाजी करने वालों का नहीं लगा पता

केस 04

फजलगंज थानाक्षेत्र में सरोजनी नगर की रहने वाली विमला सिंह ने पुलिस को बताया था कि 16 मई को वह घर से सामान लेने जा रही थीं कि तभी रात आठ बजे करीब दो व्यक्ति मिले। दोनों ने उनसे कहा कि छोटे बेटे का एक्सीडेन्ट हो गया है, वह अपने गहने उतार कर अपने पर्स में रख लें तो आपका लड़का बच जाएगा। घबराकर उनकी बात मानते हुए अपने कान का झुमका और पैंडल युक्त सोने का माला पर्स में रख लिया था। दोनों व्यक्ति उनके साथ साथ टप्पेबाजी करके भाग निकले थे। इस मामले को दर्ज हुए 14 दिन बीत गए लेकिन पुलिस किसी को भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इस संबंध में फजलगंज थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने जा रहे हैं।

अधिवक्ता और साथियों पर रंगदारी मांगने का आरोप

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला ने अधिवक्ता समेत उसके साथियों पर अहिरवां में उनके प्लॉट की बाउंड्रीवाल तोड़कर गेट चोरी करने और रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत की है।

तिवारीपुर निवासी प्रभा देवी के अनुसार उन्होंने वर्ष 2001 में अहिरवां के संजीव नगर में प्लॉट खरीदा था। प्लॉट में गेट लगवाकर बाउंड्री वाल करवा दी थी। पीड़िता के अनुसार 28 मई की दोपहर को वह प्लॉट पर गईं तो जानकारी हुई कि एक अधिवक्ता अपने साथियों के साथ आया था और बाउंड्रीवाल गिराकर गेट चोरी कर ले गया था। पीड़िता ने अधिवक्ता से विरोध किया तो रंगदारी मांगते हुए धमकाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बार कोड स्कैन के बाद होगी फौजियों के वोटों की गिनती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीमा पर तैनात फौजियों के बैलेट पेपर की गिनती उस पर लगे बार कोड को स्कैन करने के बाद ही की जाएगी। मतगणना से पहले यह भी निर्धारित किया जाएगा कि भेजा गया बैलेट पेपर ही स्पीड पोस्ट से वापस आया है। यहीं कारण है कि बार कोड स्कैन और क्रमांक का मिलान कराया जाएगा।

सीमा पर तैनात फौजियों का मतदान इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिशन पोस्टल बैलेट सर्विस (ईटीपीबीसी) के तहत कराया जाता है। उन्हें ऑनलाइन बैलेट पेपर, बार कोड वाला लिफाफा भेजा जाता है। फौजियों के मतदान के बाद बैलेट पेपर वापस संबंधित जिले को जाता है। एक बड़े लिफाफे में बैलेट पेपर वाला दूसरा लिफाफा होता है, जिस पर बार कोड होता है। इस बार कोड को स्कैन किया जाता है। क्रमांक मिलाने के बाद फिर मतगणना होती है। बार कोड स्कैन की प्रक्रिया इसलिए होती है कि भेजा गया लिफाफा ही वापस आया है। कहीं उसे बदला तो नहीं गया। एसीएम राजेश कुमार ने बताया कि दो लिफाफे होते हैं। पहले में उद्घोषणा और दूसरे में बैलेट पेपर होता है।

डीबीएस में ऑनलाइन व ऑफलाइन एडमिशन की सुविधा

मिशन एडमिशन

- एडमिशन को लेकर महाविद्यालय प्रशासन ने बैठक कर विभागाध्यक्षों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। दयानंद ब्रजेंद्र स्वरूप (डीबीएस) कालेज में अभ्यर्थियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रवेश की सुविधा मिल रही है। अब तक महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की 60 सीटों पर एडमिशन हो चुका है। एडमिशन को लेकर कालेज प्रशासन ने बैठक कर विभागाध्यक्षों को दिशा निर्देश भी दिए।

परीक्षा परिणाम आने के बाद से उच्च शिक्षा के लिए संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उच्च शिक्षा के लिए कालेजों एवं संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। एडमिशन के लिए छात्र-छात्राएं आनलाइन डब्ल्यू.आर.एल हासिल कर अपने पसंद के महाविद्यालयों की सीट लॉक कर रहे हैं। मंगलवार को डीबीएस कालेज में प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार मिश्रा ने विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर नए सत्र में एडमिशन को लेकर चर्चा की और निर्देश दिए। प्रवेश कैसे लेने हैं, इसे उन्होंने विभागाध्यक्षों को समझाया।

60 सीटों पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में हो चुका प्रवेश | **250** सीटें हैं एमएससी की, बीए में 1000 सीटें

डीबीएस कालेज में बैठक लेते प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्रा। अमृत विचार

विकास के लिए करा रहे अतिरिक्त तैयारी

- प्राचार्य ने बताया कि कालेज में संचालित पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ ही छात्रों को अतिरिक्त तैयारी भी कराते हैं। जिससे छात्र-छात्राएं जेआएफ, एसएससी, बैंक एवं सिविल सर्विसेज की परीक्षा में सफल हो सकें। इसी प्रयास के चलते अंग्रेजी में महाविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट क्वालीफाई किया है। इतिहास में 4 एवं समाजशास्त्र में 2 छात्रों ने सफलता हासिल की है। जंतु विज्ञान में एक छात्रा ने जेआरएफ क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि नए सत्र में 60 सीटों पर प्रवेश लिया जा चुका है। प्रवेश संबंधी दिशा निर्देश महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

इतनी सीटों पर होगा प्रवेश

- कालेज में एडमिशन का काम देख रहे कार्यालय अधीक्षक पवन श्रीवास्तव ने बताया कि बीए में करीब 1000 सीटों, बीएससी में 500, बीकॉम में 300, एमए में 500, एमएससी में 250 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही बीएससी कंप्यूटर, बीएससी इलेक्ट्रानिक्स, बीएससी माइक्रोबायोलाजी में भी प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है।

एक नजर

बीच सड़क सीयूजीएल का गैस चैम्बर टूटा

कानपुर। शताब्दी नगर हिमालय भवन के बी ब्लॉक के ठीक सामने सर्विस रोड पे सीयूजीएल का गैस चैम्बर पूरी तरह से टूट गया है। उससे सरिया बाहर निकल आया है।

टूटा पड़ा गैस चैम्बर।

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि चैम्बर रोड से इतना ऊंचा है कि गाड़ी का पहिया चैम्बर से बिना टकराये निकल नहीं सकता। जरा सी चूक हुई कि टायर फट जाता है। इस संबंध में 29 अप्रैल को सीयूजीएल के अधिकारी कौशलेंद्र को व्हाटसएप, फोन और ईमेल से सूचित किया गया। कई बार बात भी हुई। कभी वे कहते हैं कि बरेली से लोग आ रहे हैं कभी कुछ बताते हैं। लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ। इससे राहगीरों को समस्या हो रही है।

चकरपुर मंडी का औचक निरीक्षण किया

कानपुर। पनकी एसीपी तेज बहादुर सिंह, स्वतंत्र थाना प्रभारी डॉ अमोल मुरकुट और मंडी सचिव सुभाष सिंह ने चकरपुर मंडी का औचक निरीक्षण किया। अफसरों ने पूरी मंडी का भ्रमण किया और व्यापारियों से बात की। मंडी में स्थित कैंटीन को भी चेक किया। चेतावनी दी कि शराब पिलाई तो कठोर कार्यवाही होगी।

एसी दे गए दगा, नौतपा में तपे ट्रेनों के यात्री

गर्मी और उमस में किया सफर, स्टेशन पर आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों की बढ़ाई गई कूलिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्पेशल ट्रेनों के एसी कोचों में सवार यात्री भी नौतपा में तपते हुए सफर करने को मजबूर हैं। मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों के एसी दगा दे गए। यात्रियों ने उमस और गर्मी में सैकड़ों किमी सफर तय किया। सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों ने नाराजगी जताई। इस पर रेलवे के तकनीकी स्टाफ ने एसी का कूलिंग बढ़ाकर ट्रेनों को रवाना किया। यात्रियों ने ट्वीट कर दर्जनों शिकायतें रेलवे अधिकारियों से कीं।

भागलपुर से गांधीधाम जाने वाली 09452 स्पेशल ट्रेन के यात्री मुकेश यादव ने ट्वीट किया कि ट्रेन 10 घंटे लेट चल रही है। थर्ड एसी कोच बी-वन का एसी भी काम नहीं कर रहा है। बी-वन में सीट नंबर छह पर वह सफर कर रहे हैं। कई बार सूचना दे चुके हैं, लेकिन अधिकारियों पर कोई फर्क नहीं है। दस घंटे देरी से सेंट्रल के प्लेटफार्म नौ पर दोपहर 11.27 बजे ट्रेन पहुंची, तब मैकेनिक ने एसी की कूलिंग बढ़ाई। इसी तरह आनंद विहार से कामाख्या जाने वाली 12506 नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के बी-फोर कोच में एसी काम नहीं कर रहा था। बी-फोर के सीट नंबर 55 पर सफर कर रहे वसीम अकरम ने ट्वीट कर नाराजगी जताई। वसीम ने कहा कि यात्री गर्मी से तड़प रहे हैं। सेंट्रल के प्लेटफार्म सात पर 1:13 बजे ट्रेन पहुंची। यहां आधे घंटे ट्रेन खड़ी रही। एसी की कूलिंग बढ़ने पर ही यात्री आगे के लिए रवाना हुए। इसी तरह 03635 गया-आनंद विहार स्पेशल, 09190 कटिहार मुंबई सेंटर स्पेशल ट्रेनों में भी यात्री एसी की समस्या से जूझते रहे। यात्रियों ने बताया स्पेशल ट्रेनों के एसी कोच जनरल कोचों से भी बदतर हैं। एसी के बंद कोचों में कूलिंग धड़ाम होने से उमस और गर्मी बेहाल कर देती है। सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

शताब्दी एक्सप्रेस में रही वाइब्रेट की समस्या : नई दिल्ली से लखनऊ जा रही 12004 शताब्दी एक्सप्रेस के कोच ए-वन में वाइब्रेट की समस्या थी। कोच के सीट नंबर 11 व 12 पर सफर कर रहीं प्रमिला गर्ग ने बताया कि उन्होंने ने टूंडला से सफर शुरू किया है। सेंट्रल स्टेशन के आसपास पहुंचने पर वाइब्रेट की समस्या और बढ़ गई है। शताब्दी एक्सप्रेस पूर्व निर्धारित समय से 11 मिनट पहले ही सेंट्रल पर पहुंच गई। ट्रेन के सेंट्रल पर पहुंचने पर करीब 20 मिनट तक टेक्निकल टीम ने कोच का निरीक्षण किया, लेकिन किसी प्रकार की कमी नहीं मिली। इस पर ट्रेन को रवाना किया गया।

स्लीपर कोच में ठसाठस भरे यात्री। अमृत विचार

प्लेटफार्मों के चक्कर लगाते रहे मैकेनिक

- मंगलवार को ट्वीट पर लगातार एसी कूलिंग की शिकायत मिलने से सेंट्रल पर टेक्निकल टीम और अधिकारी दौड़भाग में जुटे रहे। ट्रेन पहुंचते ही स्टाफ एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर चक्कर लगाता रहा, लेकिन बार-बार पूछने पर अधिकारी यह नहीं बता सके कि आखिरकार कूलिंग की इतनी समस्याएं अचानक कैसे आ रही हैं।

भीषण गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी

- 03635 गया-आनंद विहार स्पेशल 22 घंटे लेट
- 18424 आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस 22 घंटे लेट
- 03636 आनंद बिहार-गया स्पेशल साढ़े 14 घंटे लेट
- 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल 11 घंटे लेट
- 05326 मुंबई एलटीटी-गोरखपुर स्पेशल 10 घंटे लेट
- 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल 6 घंटे लेट
- 09190 कटिहार=मुंबई सेंटर स्पेशल 5 घंटे लेट
- 12595 गोरखपुर-आनंद विहार हमसफर 6 घंटे लेट

वेस्ट डंप साइट से लिए गए मिट्टी-पानी के नमूने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। खतरनाक वेस्ट डंप करने में शहर के कई क्षेत्रों में भूमिगत जल दूषित हो चुका है। इसके साथ कई क्षेत्रों में मृदा (मिट्टी) भी उपजाऊ नहीं बची है। शहर में हैजार्डस वेस्ट डम्प साइटों का चिन्हांकन के लिये गठित संयुक्त समिति के सदस्यों ने जूही बंबूरिया (राखी मंडी), रूमा ट्रीटमेन्ट स्टोरेज डिस्पोजल फैसेलिटी, पनकी औद्योगिक क्षेत्र, जाजमऊ औद्योगिक क्षेत्र, नौरेया खेड़ा, तेजाब मिल कैम्पस, अनवरगंज के स्थलों का निरीक्षण कर सर्वेक्षण किया है। इस दौरान समिति ने भू-मृदा एवं भू-गर्भ जल के नमूने एकत्र कर केन्द्रीय प्रयोगशाला (मुख्यालय), उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ को विश्लेषण के लिये भेजा है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की गंगा मॉनीटरिंग कमेटी ने अगस्त 2019 में कानपुर देहात रनियां के खानचंद्रपुर और जूही राखी मंडी क्षेत्र में पानी के नमूने लिए थे। उनकी जांच नई दिल्ली में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की विशेष लैब से कराई गई। खानचंद्रपुर में बोरवेल व हैंडपंप से नमूने भरे गए, जिसका रंग पीला मिला। वहीं राखी मंडी में पेट्रोल पंप की बोरिंग से 150 फीट की गहराई से सैंपल लिया गया। पानी का रंग हरा नजर आया। खानचंद्रपुर में कई जगह पानी के नमूने लिए गए थे। यहां टोटल क्रोमियम (ट्राईवैलेंट और हैक्सावैलेंट) की मात्रा मानक से कई गुणा अधिक मिली। फ्लोराइड का घनत्व भी हानिकारक स्तर पर पाया गया। यह मात्रा पीने योग्य पानी के लिए बिलकुल भी मुफीद नहीं मिला। तीन अलग-अलग स्थानों में टोटल क्रोमियम की मात्रा 1.87, 42.2 और 7.48 मिलीग्राम प्रति लीटर पाई गई। मानक के अनुरूप 0.05 मिलीग्राम प्रति लीटर होनी चाहिए। टीडीएस की मात्रा भी हानिकारक स्तर पर मिली। भूजल में मैगनीज, कॉपर, आयरन, सीलेनियम, लेड, निकिल, कैडमियम आदि खतरनाक तत्वों की पुष्टि हुई। इस मामले में कोर्ट में सुनवाई हो रही है। शहर में हैजार्डस वेस्ट डम्प साइटों का चिन्हांकन के लिये गठित संयुक्त समिति के सदस्यों ने दोबारा मृदा और जल के नमूने लेकर लखनऊ यूपीपीसीबी को भेजे हैं।

पवनसुत के दर्शन को उमड़े भक्त, चढ़ाया चोला

पनकी मंदिर में बाबा की जय-जयकार हुई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जेठ माह के पहले बड़ा मंगल पर मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों के बाहर लगी लंबी-लंबी लाइनों में भक्त अपनी बारी का इंतजार करते रहे। वीर हनुमान के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने प्रसाद बांटा और भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया।

बड़ा मंगल पर हनुमान मंदिरों में सुबह चार बजे से ही भक्त पहुंचने लगे। जीटीरोड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। नौ बजे के बाद भक्तों की भीड़ बढ़ने पर भक्तों की कतार भी दोगुनी हो गई। यही हाल पनकी धाम मंदिर का रहा। देररात से ही भक्तों की भीड़ लाइन में लग गई थी। मंदिर का पट खुलते ही भक्त जयकारे लगाते अंदर प्रवेश किए। भक्तों ने बेसन व बूंदी के लड्डू चढ़ाकर बजरंगबली का पूजन किया। मौनीघाट, कंपनी चौराहा पर दक्षिणेश्वर मंदिर, किदवईनगर के सोटे बाबा मंदिर, मोतीझील व्यायामशाला समेत शहर के सभी हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही।

सुंदरकांड के प्रमुख चरित्र हैं संकटमोचन पवन सुत हनुमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रबुद्धानंद महाराज ने सुंदरकांड के 30 दोहे का संपूर्ण सार बताया
- चिन्मय मिशन की ओर से आयोजित हुआ हनुमान चरित्र ज्ञान यज्ञ

अमृत विचार। चिन्मय मिशन की ओर से आयोजित हनुमान चरित्र ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन प्रबुद्धानंद महाराज ने सुंदरकांड की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुंदरकांड में मुख्य चरित्र संकटमोचन हनुमान हैं। सुंदरकांड के 30 दोहे का संपूर्ण सार भी बताया।

मर्चेंट चैंबर हॉल में चल रही हनुमान चरित्र ज्ञान यज्ञ में प्रबुद्धानंद महाराज ने कहा कि हनुमान सुंदरकांड में कुछ पात्रों से मुलाकात व वार्तालाप करते हैं। जिसमें विभीषण, अशोक वाटिका में बैठी माता सीता, रावण, श्रीराम को माता सीता का संदेश देना है। इस तरह सुंदरकांड के 30 दोहे समाप्त हो जाते हैं। सेतु बंधन की तैयारी, श्रीराम का उपवास, श्रीराम सेना की जानकारी लेते रावण के दूत पकड़े जाते हैं। मगर लक्ष्मण दूतों को मारने से मना कर देते हैं। यह सभी प्रसंग सुंदरकांड में आता है। महाराज ने कहा कि आज भी उसी परंपरा का निर्वाह करते दूतों को नहीं मारा जाता है। महाराज ने आगे बताया कि रावण के तीन शुभचिंतक मंदोदरी, विभीषण व माल्यवंत थे, जो समय-समय पर उन्हें समझाते रहते थे। आगे किष्किंधा कांड का वर्णन करते हुए बताया कि हनुमान श्रीराम व लक्ष्मण को सुग्रीव के पास ले जाते हैं। सुग्रीव से मित्रता के बाद बाली का वध होता है। इसके बाद सीता की खोज के लिए चार दल बनाए जाते हैं।

अच्छी उपज के लिए खेत की करें गहरी जुताई

कानपुर। अच्छी उपज के लिए गर्मी में खेत की गहरी जुताई करें और खेत को खुला छोड़ दें। मंगलवार को सीएसए के वैज्ञानिकों की अगुवाई में गर्मी की गहरी जुताई का प्रशिक्षण किसानों को दिया गया। ग्राम औरंगपुर गहदेवा में मृदा वैज्ञानिक डा.खलील ख़ान ने बताया कि ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई अपने खाली खेतों में अवश्य करें। किसान मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई कर दें। गहरी जुताई से जो ढेला बनते हैं वे धीरे-धीरे हवा व बरसात के पानी से टूटते रहते हैं। साथ ही इससे मिट्टी की सतह पर पड़ी फसल अवशेष की पत्तियां पौधों की जड़ें एवं खेत में उगे हुए खरपतवार आदि नीचे तक जाते हैं। जो सड़ने के बाद खेत की मिट्टी में कार्बनिक खादों एवं जीवांश पदार्थ की मात्रा में बढ़ोतरी करते हैं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

रोजगार के नए मौके देगा जॉब्सगार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गोविंद नगर में मंगलवार को अनूठे करियर स्टार्टअप जॉब्सगार के पहले सेंटर का उद्घाटन जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर शशि शेखर ने किया। उन्होंने बताया कि शहर में 72 हजार से अधिक रजिस्टर्ड एमएसएमई हैं और इनमें से 15,621 नए एमएसएमई पिछले चार महीनों में खुले हैं। इन आंकड़ों के साथ कानपुर तेजी से रोजगार और व्यापार वृद्धि का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर ने बताया कि हमें टियर टू और थ्री शहरों में रहने वाले लोगों के लिए आसानी से नौकरी के मौके उपलब्ध कराने पर ध्यान देना होगा। जॉब्सागर सेंटर इस बात को सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है कि योग्य उम्मीदवारों को सही नौकरी के अवसर मिले, वो भी पारंपरिक तरीकों के चलते आने वाले रुकावटों को दूर करते हुए। जॉब्सगार की सलाहकार पूनम कौल ने कहा कि जॉब्सगार केवल एक जॉब पोर्टल नहीं है, यह एक संपूर्ण करियर मैनेजमेंट पालीफार्म है। जो छोटे शहरों में नौकरी चाहने वालों की खास चुनौतियों को अच्छी तरह से समझता है।

उन्होंने कहा कि हमारा तकनीक आधारित दृष्टिकोण रोजगार के परिदृश्य को बदल देगा, जिससे नौकरी खोजने की प्रक्रिया और अधिक कुशल और प्रभावी बन जाएगी। सह संस्थापक अतुल प्रताप सिंह ने बताया कि हम एक ऐसा प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहे है, जो नौकरी की जरूरतों के साथ हुनर का सही मिलान करता है। जिससे कंपनियों को उनकी जरूरत के कर्मचारी मिलें और साथ ही उम्मीदवारों को असली अवसर भी मिल सके।

जॉब्सगार सेंटर का उद्घाटन करते ज्वाइंट कमिश्नर (जीएसटी) शशि शेखर।

- गोविंद नगर में जीएसटी ज्वाइंट कमिश्नर ने किया सेंटर का उद्घाटन

खेल जगत | स्टैग ग्लोबल टे.टे. मुकाबला, 250 से अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिता में कर रहे प्रतिभाग

स्टैग ग्लोबल टेबल टेनिस में खिलाड़ियों ने दिखाया हाथों का दम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्टैग ग्लोबल टेबल टेनिस मुकाबला मंगलवार से सर पदमपति सिंघानिया एजुकेशन सेंटर कमलानगर में शुरू हुआ। प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में अंडर-11, 13, 15, 17, 19 के 250 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल और फाइनल में जगह बनाई है।

टेबल टेनिस संघ और सर पदमपत सिंघानिया स्कूल की ओर से आयोजित स्टैग ग्लोबल टेबल टेनिस प्रतियोगिता 28 से 30 मई तक होगी। सर पदमपति सिंघानिया एजुकेशन सेंटर में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का मंगलवार को उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक, एजुकेशन सेंटर की प्रधानाचार्य भावना गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अंडर-11, 13, 15, 17, 19 वर्ग में 250 से अधिक बालक व बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

उद्घाटन में सचिव संजय टंडन, संयुक्त सचिव सुनील सिंह, मुख्य निर्णायक रवि पाप्तानी, अविनाश यादव, आशुतोष सत्यम झा, प्रदीप चौहान, दीपक गौड़, अलका पाठक, अभिसारिका यादव, साहिल श्रीवास्तव, शुभम यादव, चेतन पाठक, अनामिका सैनी, अनिल वर्मा, सुनील वर्मा आदि रहे।

यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक को गुलदस्ता देतीं एजुकेशन सेंटर की प्रधानाचार्य भावना गुप्ता। अमृत विचार

बालक व बालिका वर्ग के नतीजे

- अंडर-11 बालिका वर्ग : प्रेक्षा तिवारी, समृद्धि नारायणी मिश्रा, आन्या वर्मा, देवर्षिका शुक्ला ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में प्रेक्षा तिवारी और देवर्षिका शुक्ला ने फाइनल में जगह बनाई।
- अंडर-11 बालक वर्ग : अपराजित सिंह, विराट गुप्ता, मानस पोपटानी दुर्वांक ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। अपराजित सिंह, दूर्वांक ने फाइनल में प्रवेश किया।
- अंडर-13 बालिका वर्ग : प्रेक्षा तिवारी, आन्या गुप्ता, भव्या सिंह आराध्य सिंह ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रेक्षा तिवारी, आराध्या सिंह ने फाइनल में जगह बनाई।
- अंडर-13 बालक वर्ग : विहान, दुर्वांक, युग अग्निहोत्री दक्ष सिंह ने अगले चक्र में प्रवेश किया।

खेल समर कैंप में पूर्व छात्रों ने किया प्रशिक्षित

- **कानपुर।** जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कालेज विकासनगर में दो सप्ताह से चल रहे खेल समर कैंप में पूर्व छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया। समर कैंप में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों ने बैडमिंटन, बास्केटबॉल, क्रिकेट, टेबल टेनिस, स्केटिंग के गुर सीखे। समर कैंप के संयोजक आशुतोष सत्यम झा ने बताया कि समर कैंप में बच्चों ने खेल की बारीकियां सीखने के साथ मस्ती भी की। समर कैंप का समापन 29 मई बुधवार को होगा। जिसमें विद्यालयों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद लिया। अमृत विचार

कुशाग्र की याद में लगाया भंडारा

लखनऊः कानपुर के चर्चित कुशाग्र अपहरण-हत्याकांड को लोग अब भी नहीं भूले हैं। कुशाग्र की याद में उनके पिता मनीष कनौडिया व चाचा सुमित कनौडिया ने आलमबाग के रामनगर इलाके में पहला बड़ा मंगल भंडारे के रूप में धूमधाम से मनाया।

सुबह दस बजे से शुरू हुआ भंडारा शाम सात बजे तक चलता रहा। भंडारे में भक्तों की लंबी कतारें दिखीं। लोग श्रद्धा के साथ बड़ा मंगल प्रसाद ले रहे हैं। कुछ वहीं पर खाते हुए दिखते हैं।

कुछ इस प्रसाद को घर तक लेकर जा रहे हैं। कुशाग्र के चाचा के मुताबिक प्रसाद में पूड़ी-सब्जी और बूंदी है और प्रयास करेंगे कि भंडारे का यह सिलसिला हर साल चलता रहे।

एक नजर

तोड़फोड़ करने वाले भेजे गए जेल

कानपुर। रविवार देर रात नजीराबाद थानाक्षेत्र के मधुबन ढाबेपर संचालक और उसके कर्मचारियों से मारपीट के आरोपी गौरव राय उर्फ नाटी, हिमांशू, गौरव को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बजरिया में जुआ खिलवाने वाली महिला गिरफ्तार

कानपुर। बजरिया थानाक्षेत्र के वशीरगंज में घर में जुआ खिलवाने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान रानी के रूप में हुई। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर में कुछ युवकों को पर्ची देते एक महिला का वीडियो संज्ञान में आया था।

प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर जुर्माना

कानपुर। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति का अभियान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंगलवार को मोतीझील गोल चौराहा और रावतपुर में चलाया। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि नौ स्ट्रीट वेंडर और दो रेस्टोरेंट के पास सिंगल यूज प्लास्टिक पाई गई है। सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

मनु पांडेय की दादी का मिला चार दिन पुराना शव

बिठूर क्षेत्र की घटना, इलाके में मचा हड़कंप, पुलिस और फोरेंसिक ने की मौके पर जांच, दर्ज किए बयान

बिकरु कांड

संवाददाता,बिठूर

अमृत विचार। देश के चर्चित बिकरू कांड की आरोपी मनु पांडेय की दादी सेवानिवृत्त शिक्षिका 70 वर्षीय माधुरी शुक्ला उर्फ मुनिया का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मकान के दूसरी मंजिल में बने कमरे में नीचे गिरा पाया गया। शव से जब दुर्गंध उठी तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने इस मामले में किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। वहीं पुलिस भी प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक मान रही है, उसका कहना है, कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस दौरान क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

बहलोलपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका माधुरी शुक्ला के दो बेटे संजय और मयंक थे। मयंक की कोविड के दौरान मौत हो गई थी, उनका परिवार दिल्ली में रहता है। बहू सुनीता से आपस में नहीं बनती थी, इस कारण शिक्षिका ऊपरी मंजिल पर रहती थी। जबकि बहू सुनीता बच्चों 23 वर्षीय हर्ष शुक्ला उर्फ मानस और बहन तृप्ति के साथ निचले हिस्से में रहती थी। शिक्षिका बाहर से खाना मंगवाकर अपना पेट भरती थीं। बुधवार सुबह करीब 11 बजे जब टिफिन सर्विस वाला अंशु तिवारी खाना लेकर पहुंचा तो कमरे से आ रही बदबू के बारे उसने मकान के निचले हिस्से में रहने वाली बहू को बताया।

इस पर सुनीता का बेटा हर्ष शुक्ला ऊपरी मंजिल पर गया। हर्ष की सूचना पर मंधना चौकी इंचार्ज अमित मलिक फोर्स के साथ पहुंचे, दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस कमरे में गई तो माधुरी का शव किचन में पड़ा हुआ था, शव में कीड़े भी पड़ गए थे। शव करीब तीन दिन पुराना होने से बदबू आ रही थी। बिठूर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने पुलिस को बताया कि मौत हार्ट अटैक या प्राकृतिक हो सकती है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। अमृत विचार

इस समय फरार है बिकरू की मनु पांडेय

बिकरू कांड में आरोपी मनु पांडेय 26 सितंबर से फरार है। बहलोलपुर मंधना में उसका मायका है, जहां मनु के दो बच्चे आध्या और कान्हा का पालन पोषण उसकी मां सुनीता के यहां हो रहा है। मनु पांडेय सुनीता की सबसे बड़ी बेटी हैं, जबकि दूसरी बेटी लवी की भी शादी हो चुकी है।

> बिठूर थानाक्षेत्र के बहलोलपुर में एक वृद्ध का तीन दिन पुराना शव कमरे में जमीन पर पड़ा वपाया गया है। टिफिन सर्विस वाले खाना देने गया तो उसने सूचना नीचे परिजनों को दी। जिसके बाद पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-अभिषेक पांडेय, एसीपी कल्याणपुर**

चीफ इंजीनियर के आदेश पर जोड़े बिजली कनेक्शन

खबर का असर

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। क्षेत्र के गणेशपुर तथा महिपालपुर जेई बताकर लाइनमैनों ने ट्रांसफार्मर से केबिल काट दिए थे। साथ ही ट्रांसफार्मर में भी तोड़फोड़ की थी। सोमवार को हुए इस मामले को अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया। जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्य अभियंता ने सभी काटी गई केबिलों को जुड़वा। साथ ही जेई से स्पष्टीकरण मांगा है।

ग्रामीणों का कहना था कि सलामतपुर फीडर के संविदा लाइनमैन आलोक अवस्थी, अंजनी तिवारी छोटे तिवारी, सुरेश वरिष्ठ अधिकारी बन कर ग्रामीणों को परेशान करते हैं। पुलिस की मिलीभगत से जबरदस्ती बिजली कनेक्शन को काट दिया गया। इस मामले में चौकी नंदना प्रभारी आशीष कुमार तथा बृजेंद्र पर पैसों की उगाही का आरोप भी ग्रामीणों ने लगाया है। अमृत विचार समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद बिजली विभाग एक्शन में आया। मुख्य अभियंता ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों के जो कनेक्शन काटे गए थे, उन्हें जुड़वाया। साथ ही जेई आलोक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य अभियंता ने इस मामले की जांच एसडीओ घाटमपुर को सौंपी है।

बिजली कर्मियों ने ट्रांसफार्मर में की तोड़फोड़, लोगों में रोष

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। क्षेत्र के गणेशपुर तथा महिपालपुर में सोमवार की बिजली विभाग के लाइनमैन आलोक अवस्थी, अंजनी तिवारी, छोटे तिवारी और लाइनमैनी ने चौकी के दरोगा आशीष कुमार के सहयोग से गांव में बिजली काट दी और ट्रांसफार्मर को तोड़फोड़ दिया। गांव के चारों तरफ लगे खंभों को फलकर चारों गए। जिसमें अरुण तिवारी दुकुमपाल कनौजिया नंद लाल से किसानों को सिंचाई बाधित हो गई है। वहीं कई घरों में बिजली गुल हो गई। बिजली कटने से ऐसी भीषण गर्मी में ग्रामीणों को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। गांव गणेशपुर में बिजली कनेक्शन उपभोक्ता भगवान

ट्रांसफार्मर तोड़फोड़। अमृत विचार

● लाइनमैन पर मीटर चैक करने के नाम पर उपभोक्ताओं से उगाही का आरोप

लगाकर बिजली का बिल भी ले लेते हैं और रसीद नहीं देते। फिर बकाया

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

● ट्रांसफार्मर तोड़फोड़ मामले में अवर अभियंता से मांगा गया स्पष्टीकरण

छापा मारकर सात जुआरियों को पकड़ा, 56 हजार नकद बरामद

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहे जुआ के अड्डे पर मंगलवार शाम क्राइम ब्रांच की टीम के साथ थाना पुलिस ने छापा मारा। बहलीपुर गांव के निकट इस अड्डे से सात जुआंरियों को गिरफ्तार किया किया गया। उनके कब्जे से 56 हजार रुपए नकद व ताश की गड्डियां बरामद की गई।

गंगा तटवर्ती क्षेत्र पटकापुर व बहलीपुर गांव में कई दिनों से बड़े पैमाने पर जुआ की सोशल मीडिया पर चर्चा बनी हुई थी। जुआ की फड़ शहर के एक शातिर अपराधी गौरव शर्मा के संरक्षण में सज रही थी। यहां आसपास क्षेत्र के अलावा शहर से लोग आते हैं।

मुखबिर की सूचना पर मंगलवार शाम क्राइम ब्रांच की टीम के साथ थाना पुलिस ने क्षेत्र के बहलीपुर गांव के निकट जंगल में छापेमारी की। कुछ जुआरी भाग गए। सात जुआरियों पुलिस ने धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मौके पर ताश की गड्डियां व 56 हजार रुपये बरामद किए गए।

जुआ की फड़ चलाने वाला तमंचा समेत गिरफ्तार

क्षेत्र में जुआ के अड्डे संचालित कराने वाले शातिर गौरव शर्मा को मंगलवार सुबह पुलिस ने तमंचा व कारतूस उसके साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। पकड़े गए आरोपी पर विभिन्न थानों में 9 मुकदमे रजिस्टर्ड बताए गए हैं। क्षेत्र के पटकापुर व बहलीपुर गांव में विगत कुछ दिनों से बड़े पैमाने पर हुए का खेल संचालित हो रहा था। जो शातिर अपराधी गौरव शर्मा निवासी गंगपुर, बिठूर की देखरेख में चल रहे हैं। सरगना गौरव शर्मा को मंगलवार सुबह क्षेत्र के बिठूर मार्ग स्थित नोन नदी पुल के पास से दबोच लिया गया। उसके पास से तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए मास्टरमाइंड के खिलाफ बिठूर, पनकी, काकादेव,चौबेपुर आदि थानों में विभिन्न धाराओं में 9 मुकदमें दर्ज हैं।

जुआ के फड़ का सरगना गौरव शर्मा।

नव विवाहिता का शव फंदे पर लटकता मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। महाराजपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात नवविवाहिता का शव फंदे पर लटकता मिला है। जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने विवाहिता के ससुराल वाले मौके पर नहीं मिले। भाई ने बहन की हत्या कर शव फंदे पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

उन्नाव के अचलगंज निवासी अजय निषाद ने बताया कि उनकी 24 वर्षीय बहन श्रीकांती की शादी 26 जून 2023 को सुभाष निषाद के साथ हुई थी। शादी के बाद से श्रीकांती महाराजपुर के करन खेड़ा गांव में पेंटर पति व ससुराल वालों के साथ रहती थी। अजय ने बताया कि मंगलवार की सुबह बहनोई सुभाष ने फोन कर उनसे शाम को ससुराल आने के लिए कहा था। देर शाम के न आने पर उन्होंने बहनोई को फोन किया, तो रिसीव नहीं हुआ।

कुछ देर बाद सुभाष की बहन अंजलि ने फोन कर उनकी भाभी को श्रीकांती के फंदा लगाकर जान देने की सूचना दी। बकौल अजय व परिवार वालों के साथ मौके पर पहुंचे, तो श्रीकांती का शव फंदे पर लटक रहा था, लेकिन ससुरालीजन गायब थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर जांच की। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

● 26 जून 2023 को करनखेड़ा के सुभाष निषाद के साथ हुई थी शादी

कैम्प लगा कर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। अमृत विचार

राहगीरों को रोक कर पिलाया ठंडा शर्बत

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी को देखते हुए शिव हरि धाम बिच्छीपुर की ओर से नवेड़ी व रेउना मार्ग पर गुजर रहे राहगीरों को रोक-रोक कर शरबत पिलाया गया। गर्मी से बेहाल लोगों ने शर्बत पी कर राहत की सांस ली। मंगलवार को शिव हरि धाम ट्रस्ट के प्रबंधक शिवकुमार द्विवेदी ने शरबत वितरण कराया।

सुबह से शर्बत पिलाने का सिलसिला जारी हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। शिव हरि धाम के महंत अभय दास जी महाराज, प्रबंधक शिव कुमार द्विवेदी, ओम बाबा, राजेश अवस्थी पूर्व प्रधान चौबेपुर, रवि अवस्थी सुरैया, महेश दुवेदी, गुड्डू, पुल्ली पांडे पूर्व प्रधान, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पंकज त्रिपाठी सहित आदि मौजूद रहे।

● शिव हरि धाम में शर्बत पी कर लोगों ने ली राहत की सांस

सीआरपीएफ का जवान गश खाकर गिरा, मौत

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। कस्बे के राम नगर मोहल्ले के रहने वाले आनंद उर्फ अन्नू द्विवेदी सीपीआरएफ की 10वीं बटालियन में गुवाहटी में तैनात थे। 22 तारीख को नहाने के दौरान अचानक गश खाकर गिर पड़े थे। उनको उपचार के लिए गुवाहाटी में ही अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां मंगलवार को उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर मृतक के भाई अमित और पिता ओम प्रकाश और मां का रो रोकर बुरा हाल हो गया। बुधवार को पार्थिव शरीर रूरा लाया जाएगा।

अन्नू द्विवेदी।

शिक्षकों को हर माह पूरा कराना होगा पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता

कानपुर देहात। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अब पाठ्यक्रम हर महीने निर्धारित कर उसी महीने में पूरा कराया जाएगा। कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं का चार बार मूल्यांकन होगा। जिसमें अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा भी शामिल रहेगी। जिले में 1925 परिषदीय व कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 1. 40 लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इन छात्रों के विकास के लिए शासन तमाम प्रयास कर रहा है। निपुण भारत मिशन के साथ अन्य प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं।

इस शैक्षिक सत्र में बेसिक शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरह शैक्षिक कैलेंडर जारी किया है। छात्रों के पठन-पाठन के साथ अन्य गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। अब परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक हर महीने पाठ्यक्रम को बांटकर निर्धारित करेंगे। इसी अनुसार पढ़ाई कराते हुए पाठ्यक्रम उक्त महीने में ही पूरा किया जाएगा। छात्र-छात्राओं का शैक्षिक सत्र में चार बार मूल्यांकन किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह मूल्यांकन हर तीन माह में होगा। अगस्त व दिसंबर में सत्रीय परीक्षा होगी। जबकि अक्तूबर में अर्द्धवार्षिक व मार्च में वार्षिक परीक्षा कराई जाएगी।

1925 परिषदीय व कंपोजिट विद्यालय जिले में चल रहे

1.40 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं इन विद्यालयों में पंजीकृत हैं

> शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में पढ़ाई लिखाई के साथ अन्य गतिविधियां कराए जाने के निर्देश सभी प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को दे दिए हैं।
> **रिद्धी पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**

● छात्रों के विकास के लिए शासन की ओर से कई प्रोग्राम चलाए जा रहे

सार-संक्षेप

खतरनाक नस्ल के कुत्ते का गांव में आतंक

घाटमपुर। नंदना क्षेत्र के गांव आगापुर निवासी रमेश ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के ही शिव सागर, विकास उर्फ गुन्नू के पालतू डाबरमैन कुत्ते का गांव में आतंक है। ये कुत्ते आते जाते लोगों पर काटने को दौड़ते है। साथ ही देसी कुत्तों और जानवरों को दौड़ाकर लहूलुहान कर देता हैं। चौकी इंचार्ज आशीष सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

जमीन के विवाद में चली चाकू, दो घायल

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के धनऊपुरवा निवासी देशराज ने पुलिस को बताया कि बैरी अकबरपुर में आराजी संख्या 797 डॉ. संजय निषाद और पंकज निषाद की है। इसकी देखभाल वह करते हैं। 26 मई को गांव के रंजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र, सचिन, मनोज, कंधई और रेनू अपने आधा दर्जन अज्ञात साथियों के साथ जमीन पर पहुंचे। वहां बंधे जानवरों और झोपड़ी को हटाने लगे। आरोप है कि विरोध पर दबंगों ने कट्टा लहराते हुए उनके भाई रंजीत और शिवबाबू पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना में शामिल धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया।

स्वास्थ्य का ख्याल | माहवारी स्वच्छता दिवस पर स्वास्थ्य केंद्रों पर हुए जागरूकता कार्यक्रम

स्वच्छता महिलाओं के सेहतमंद जीवन का आधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मासिक धर्म के दौरान स्त्रियों को न केवल आराम करने की जरूरत होती है, बल्कि पौष्टिक आहार का सेवन भी जरूरी होता है। कुछ स्त्रियों व महिलाओं को ऐसे में पेट दर्द और कमजोरी की अधिक शिकायत होती है। ऐसे डॉक्टर से परामर्श जरूर लेना चाहिए। वहीं, साफ-सफाई का इस दौरान विशेष महत्व होता है। सेहतमंद जिंदगी जीने के लिए माहवारी स्वच्छता बहुत जरूरी है। यह जानकारी राष्ट्रीय किशोर/किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश ने दी।

माहवारी स्वच्छता दिवस पर मंगलवार को डफरिन अस्पताल समेत स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश ने निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाली ऐसी स्त्रियों व महिलाओं की स्क्रीनिंग जरूर करें, जिनको महावारी से संबंधित समस्या है। उनको सही इलाज व दवा आदि जरूर उपलब्ध की जाए। प्रमुख अधीक्षिका डॉ.सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि अनियमित मासिक धर्म या शारीरिक बदलाव होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और घरेलू उपाय से बचना चाहिए। किशोरी सुरक्षा योजना के तहत सभी केंद्रों पर किशोरियों को सैनिटरी पैड भी वितरित किये गए।

माहवारी स्वच्छता दिवस पर महिलाओं को पैड देते एसीएमओ डॉ .सुबोध प्रकाश। अमृत विचार

लापरवाही से हो सकता है सवाईकल कैंसर भी

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे पांच (2019-21) की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 15 से 24 वर्ष तक की 87 .6 फीसदी स्त्रियां माहवारी के दौरान सुरक्षित साधनों का इस्तेमाल कर रहीं हैं। जबकि 12 .4 प्रतिशत स्त्रियां कपड़े का इस्तेमाल करती हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक इस स्थिति में और अधिक सुधार लाने की जरूरत है ताकि स्त्रियों व महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन आदि बीमारियों से बचाया जा सके।

टंकी का निर्माण पूरा नहीं कागजातों में बनी दिखाई

संवाददाता रूरा

अमृत विचार। क्षेत्र के भिखनापुर गांव में बन रही पानी टंकी सिर्फ कागजों पर बनाई जा चुकी है। जबकि हकीकत यह है कि दो साल बीतने के बाद भी टंकी का निर्माण पूर्ण नही हो सका है। इसको लेकर ग्रामीणो में रोष व्याप्त है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर नल योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी टंकी का निर्माण होना था। ज्यादातर ग्राम पंचायतों में पानी टंकी सिर्फ कागजों पर पूर्ण दिख रही है। यही स्थिति अकबरपुर ब्लॉक के भिखनापुर ग्राम पंचायत में देखने को मिल रही। ग्राम पंचायत में करीब 2.85 करोड़ की लागत से 200 किलो लीटर की क्षमता की पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन ये निर्माण सिर्फ कागजों पर पूर्ण दिख रहा है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीण पानी की किल्लत कैसे झेल रहे है इसको बयां नही किया जा सकता है। ग्रामीण मूलचंद्र,राजेश,कृपाशंकर,मोनू, धुरव आदि का कहना है। टंकी निर्माण कार्य जब शुरू हुआ था तो भिखनापुर, बैजूपुरवा, कुरियनपुरवा गांवों के लोगों को बहुत खुशी हुई थी। दो वर्ष पूर्ण होने के बावजूद भी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण न हो सका है। जिससे अब ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। जबकि तीनों गांवो में की करीब छह हजार की आबादी है। जिसमें जल विभाग द्वारा करीब डेढ़ हजार लोगो को कनेक्शन मुहैया कराए गए है। हालांकि घर-घर में लगी टोटियां सिर्फ दिखावा बन कर रह गई। बीडीओ ने बताया कि ठेकेदार को टंकी का निर्माण जल्द कराने के लिए कहा गया है।

निर्माणाधीन खड़ी पानी टंकी।

● टंकी निर्माण न होने से ग्रामीणों में नाराजगी

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

कंटेनर खराब होने से हाईवे पर लगा जाम

शुक्लागंज, उन्नाव। कानपुर लखनऊ हाइवे स्थित जाजमऊ पुल पर एक कंटेनर खराब हो गया। जिससे लंबा जाम लग गया। जाम में तमाम वीआईपी फंसे रहे। जाम को देख पहुंची पुलिस ने कंटेनर को किनारे करवाया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा एक कंटेनर मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे पुराने जाजमऊ पुल पर खराब हो गया। जिस कारण मार्ग संकरा हो गया। पीछे से आ रहे बड़े वाहन निकल नहीं सके और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में पुल से लेकर त्रिभुवन खेड़ा तक लंबा जाम लग गया। जाम को देख पहुंची पुलिस ने किसी तरह कंटेनर को किनारे करवाया।

डेढ़ घंटे का ब्लॉक लेकर हुआ मरम्मत कार्य

शुक्लागंज, उन्नाव। कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल की डाउन लाइन पर पटरियों की मरम्मत के लिये डेढ़ घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान रेल कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। जिस कारण रेल संचालन प्रभावित रही। मंगलवार दोपहर 03 :10 बजे से शाम 04 :40 बजे के बीच डेढ़ घंटे का ब्लॉक लिया गया। ब्लॉक अवधि के दौरान रेल कर्मियों ने रेलवे पुल पर टेढ़ी पटरियों की मरम्मत का कार्य किया। इसके साथ ही गई स्थानों पर पटरियों को बदला भी गया।

नौतपा की तपन नहीं हो रही बर्दाश्त, मंगलवार रहा माह का सबसे गर्म दिन

46 डिग्री पहुंचा पारा, लू के थपेड़ों से लोग हुए बेहाल

उफ ! यह गर्मी

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। नौतपा नक्षत्र चलने के कारण पारा दिनों दिन रिकॉर्ड तोड़ता जा रहा है। मंगलवार दोपहर पारा 46 डिग्री पहुंच गया। जिस कारण नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिले। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग मुंह को पूरी तरह से ढक कर निकले। इसके बावजूद लू के थपेड़ों से परेशान हो गये। वहीं दोपहिया वाहन सवार रेंगते हुये आने जाने को मजबूर हुये।

मंगलवार को दिन मई माह का सबसे गर्म दिन रहा। सुबह दस बजे से ही तेज धूप होने के कारण राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारह बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। आवश्यक कार्य से जाने वाले लोग भी गमछे, तौलिया से सिर को पूरा ढके हुए गन्तव्य की रवाना हुए। दोपहर दो बजे तक राजधानी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी नगण्य रही। तेज धूप के कारण पशु पक्षी भी बेहाल दिखाई दिए। वहीं फोरलेन से जरूरी काम को आने जाने वाली महिला और युवती दुपट्टे, स्टॉल से पूरा मुंह ढक कर निकली। इसके साथ ही छोटे बच्चों के साथ निकले उनके माता पिता भी बच्चों को छाता लगाकर धूप से बचाव करते रहे। पारा 46 डिग्री तक पहुंचने के कारण शाम के समय भी लू के थपेड़ों का एहसास होता रहा। लोगों के मुताबिक यदि यही हाल रहा तो जून माह में इस बार पारा पिछले कई रिकार्ड तोड़ सकता है। भीषण गर्मी से आमजनमानस पूरी तरह बेहाल है। वहीं रात में हो रही बिजली कटौती के चलते लोग रात को भी चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं।

दोपहर के समय फोरलेन पर इस तरह पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

प्रमुख मार्गों और चौराहों पर रहा सन्नाटा

पारा अधिक चढ़ने के कारण मंगलवार दोपहर नवीन पुल, आजाद मार्ग, बैराज मार्ग, फोरलेन, मरहला चौराहा के अलावा अन्य गलियों में सन्नाटा पसरा रहा। जिससे न के बराबर चहलकदमी देखने को मिली।

एबीसी केबिल डालने को लेकर 8 घंटे बंद रही बिजली

शुक्लागंज उन्नाव। नगर में जर्जर तारों को बदलने के लिये कार्यदायी संस्था पिछले काफी दिनों से कार्य करा रही है। मंगलवार को नगर के आर्य नगर और अंबिकापुरम में जर्जर तार बदलने का काम हुआ। इस दौरान सुबह से शाम तक दोनों मोहल्लों की बिजली बंद रही। बिजली न आने से घरों में मौजूद लोग बिलबिला उठे। मंगलवार सुबह कार्यदायी संस्था के कर्मचारी नगर के अंबिकापुरम और आर्य नगर मोहल्ले में पहुंचे। जहां पुराने तारों को बदलने के लिये कर्मचारियों ने सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी। जिसके बाद आर्य नगर में 100 केवीए के दो ट्रांसफार्मर और अंबिका पुरम में 400 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बंद कराई गई। इस दौरान कर्मचारियों ने पोल से पुरान तार हटाये। जिसके बाद नई एबीसी केबिल डाली। दोपहर के समय बिजली न आने पर गर्मी में लोग बिलबिला उठे। शाम छह बजे के बाद कार्य पूरा होने पर दोनों मोहल्लों की आपूर्ति चालू हो सकी। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।

पीएचसी में ओपीडी के दौरान लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

भीषण गर्मी के चलते ओपीडी फुल

शुक्लागंज, उन्नाव। मई माह में गर्मी का पारा दिनों दिन चढ़ता जा रहा है। जिस कारण तरह-तरह की बीमारियां भी लोगों में फैल रही हैं। मंगलवार को सरकारी अस्पताल में ओपीडी के दौरान भारी भीड़ रही। जहां सर्दी, जुकाम, बुखार, हीट स्ट्रोक, त्वचा और डायरिया के लक्षण वाले मरीज पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज कर दवाइयां दी। इसके साथ ही धूप से बचने की सलाह दी।

गर्मी का प्रकोप हर रोज बढ़ता ही जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोजाना डायरिया, हीट स्ट्रोक के लक्षण वाले मरीज पहुंच रहे हैं। मंगलवार को पीएचसी में ओपीडी कराने के लिये मरीज पहुंचे। जिसमें अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा डायरिया, हीट स्ट्रोक के थे। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उनका परीक्षण किया। जिसके बाद उन्हें दवाइयां दी। सुबह दस बजे से ही पीएचसी में मरीजों की लाइन लगी रही। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते डायरिया के मरीज बढ़े हैं। पानी कम पीने से गर्मी की चपेट में लोग ज्यादा आ रहे हैं। जिससे सिर दर्द, भारीपन, पेट में दर्द जैसे लक्षण वाले मरीज भी ओपीडी में आ रहे हैं। मंगलवार को सुबह दस बजे से दो बजे के बीच हुई ओपीडी के दौरान 155 मरीज देखे गये। जहां डॉक्टरों ने उनका परीक्षण कर दवाइयां दी।

गर्मी में इन चीजों से करें बचाव

- गर्मी को देखते हुये तेज धूप से आने के बाद सीधे ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक के अलावा अन्य तरल ठंडी चीजों का सेवन करते हैं। जिससे बीमार पड़ रहे हैं। साथ ही बाजार से फास्टफूड खाना, कटे फल, वासी भोजन का सेवन करने से दस्त, उल्टी, पेट दर्द की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं।

यह हैं हीट स्ट्रोक के लक्षण

- तेज धूप में अधिक देर रहने से लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में आ रहे हैं। इसमें शरीर का तापमान अचानक बढ़ जाना, पानी की कमी के कारण पसीना न आना। शरीर में सूखापन या लाल होना, उल्टी दस्त के साथ शरीर में कमजोरी महसूस होना, अचानक बेहोश जैसे लक्षण होने पर डॉक्टरों से तुरंत सलाह लें।

किशोरी की हत्या में शामिल दो युवकों को मिली उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- माखी थाना के शिव बक्श खेड़ा में हुई थी हत्या

अमृत विचार। माखी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई किशोरी की हत्या के मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने दो युवकों को इसका दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा के साथ उन पर 15-15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। ।

बता दे माखी थानाक्षेत्र पवई गांव के मजरा शिवबक्स खेड़ा निवासी विनोद पुत्र राम नरेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 वर्षीय बहन 12 जुलाई 2020 की सुबह करीब साढ़े छह बजे शौच के लिए खेत पर गई थी। जहां पहले से घात लगाए खड़े गांव के ही सुशील पुत्र प्रीतम और संदीप पुत्र दयशांकर ने उसकी हत्या कर दी और उसका शव पास में एक बांस कोठी में छिपा दिया था। बताया कि इन्ही युवकों ने दो दिन पहले बहन से छेड़छाड़ भी की थी। इसका विरोध करने पर उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी सुशील को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तत्कालीन एसओ पवन कुमार सोनकर नें जांच के बाद सुशील के विरुद्ध 27 सितंबर 2020 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। वहीं दूसरे आरोपी संदीप का नाम जांच के आईओ ने हटा दिया था। इस पर विनोद ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर संदीप का नाम शामिल करने की मांग की। जिसकी सुनवाई के बाद संदीप का नाम बढ़ाया गया।

मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार कुशवाहा की ओर से पेश की गई दलीलों व पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर एडीजे असलम सिद्दकी ने आरोपी सुशील व संदीप को उम्र कैद के साथ 15-15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

चंदन घाट पर मिले शव की नहीं हुई पहचान

शुक्लागंज उन्नाव । सोमवार देर शाम जाजमऊ चंदन घाट पर एक चालीस वर्षीय अज्ञात युवक का कई दिन पुराना शव पड़ा झाड़ियों में पड़ा देखा था। जिस पर मौजूद लोगों ने हत्या का आशंका जाहिर की है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को झाड़ियों से बाहर निकलवाया। जिसके बाद आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया था। दूसरे दिन भी पुलिस मृतक की पहचान नहीं करा सकी। चौकी इंचार्ज विमल गोयल ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही सोशल मीडिया का भी सहारा लिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

हनुमान मंदिरों में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। जेठ माह में पड़ने वाले पहले बड़े मंगल को लेकर नगर व ग्रामीण क्षोत्रों में जगह-जगह शर्बत वितरण किया गया। इसके अलावा नगर के हनुमान मंदिरों में बाबा के भक्त विधि विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद और शर्बत वितरण किया।

जेठ के बड़े मंगलवार पर राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में रोटी बैंक के प्रदीप शुक्ला, बृजेश मिश्रा, आनंद वर्मा, राममोहन शुक्ला, शिवम पांडे आदि पदाधिकारियों ने बाबा की पूजा अर्चना करने के बाद सुबह साढ़े सात बजे से ही शर्बत वितरण शुरू कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने शर्बत का प्रसाद चखा। वहीं राजधानी मार्ग स्थित महावीर मंदिर में बाबा का भव्य श्रंगार कराया गया। इसके साथ ही दुर्गा मंदिर के सामने शर्बत वितरण कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में ठंडा-ठंडा शर्बत पिया। इसके अलावा नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही सुंदरकांड का पाठ कराया गया। जिसके बाद समापन के बाद विशाल भंडारा कराया गया। वहीं कई स्थानों पर गर्मी को देखते हुये शर्बत वितरण कराया गया। शर्बत वितरण सुबह से शाम तक चलता रहा। इसके अलावा राजधानी मार्ग, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, कंचन नगर समेत आस पास ग्रामीण इलाकों में भी ज्येष्ठ मंमल पर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं राजधानी मार्ग पर रोटरी क्लब के विवेक गुप्ता ने शर्बत वितरण कराया। वहीं आजाद नगर स्थित श्री बाला जी मंदिर में बाबा का भव्य श्रंगार किया गया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां राधेश्याम निषाद, राजकुमार निषाद, डॉ. प्रकाश, जीतू, पप्पू रावत, नन्हक्के, सचिन मौजूद रहे। इसी तरह इंद्रा नगर में सपा नगर अध्यक्ष शुभ गुप्ता ने शर्बत बांटा। जहां ओमप्रकाश मिश्रा, हिमांशु सिंह, राजन कनौजिया, सत्यम, साजन सोनी, स्वस्तिका गुप्ता, विनायक गुप्ता मौजूद रहे।

आजाद नगर बाला जी मंदिर में बाबा का हुआ श्रृंगार।

राजधानी मार्ग पर लोगों को शर्बत पिलाते आयोजक।

मार्ग दुर्घटनाओं में दस लोग हुए घायल

संवाददाता औरास/बांगरमऊ

- औरास में एक्सप्रेस वे का डिवाइडर तोड़ कर पलटी कार
- बांगरमऊ में हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल

अमृत विचार। औरास व बांगरमऊ में हुए सड़क हादसों में दस लोग घायल हो गए।

बहराइच जिले के थाना दरगाह अंतर्गत हमजापुर गांव निवासी अभिषेक त्रिपाठी (25) पुत्र संतोष त्रिपाठी, काजल शुक्ला पत्नी घनश्याम शुक्ला, श्रेया त्रिपाठी पुत्री ओम प्रकाश त्रिपाठी, बबलू शुक्ला पुत्र घनश्याम शुक्ला व सुमन त्रिपाठी पत्नी ओमप्रकाश त्रिपाठी लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे से भिंड मुरैना से बहराइच जा रहे थे। औरास थाना क्षेत्र के गहा खेड़ा गांव के पास कार चला रहे अभिषेक को झपकी लग गई। इससे अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा कर जाली तोड़ते हुए एक्सप्रेसवे के नीचे पलट गई। हादसे में कार सवार सभी यात्री गंभीर घायल हो गए। जिन्हे यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाल कर सीएचसी पहुंचाया। जहां से सभी को प्राथमिक लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। वहीं क्षतिग्रस्त कार को क्रेन से खिंचवाकर को टोल प्लाजा में खड़ा कराया गया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अतरधनी निवासी मैनुद्दीन (30) व मंगलवार सुबह बाइक से तकिया चौराहा जा रहा था। तभी रास्ते में पड़ने वाले ईट-भट्ठे के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। फतेहपुर चौरासी अंतर्गत ग्राम मौहाई निवासी सोनू (19) पुत्र ताम्र ध्वज व धर्मेंद्र (21) बाइक से बांगरमऊ आ रहे थे। हरदोई मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

बाइक पर स्टंट करते युवक का वीडियो वायरल, पुलिस ने लिया संज्ञान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक का बाइक से स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ। जिसे जिले के अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और गंगाघाट कोतवाली प्रभारी को वीडियो के संदर्भ में युवक का पता लगाकर उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। वीडियो वॉयरल की पुष्टि आपका अमृत विचार नहीं करता है।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक दस सेंकेंड का वीडियो वॉयरल हुआ। जिसमें एक युवक बाइक की शीट पर खड़ा होकर तेजी से बाइक भगाता दिखाई पड़ रहा है। जिस पर लोगों ने तरह-तरह के कमेंट किये। यहां तक कि कुछ लोगों ने बताया कि अक्सर यह युवक भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी इसी तरह बाइक से स्टंट करता रहता है। जिससे कई बार आने जाने वाले लोग भी इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच चुके हैं। स्टंटबाजी का वीडियो एक्स पर पोस्ट होने के बाद उन्नाव के पुलिस आलाधिकारियों ने संज्ञान में लिया और गंगाघाट कोतवाली प्रभारी को वॉयरल वीडियो में स्टंट कर रहे युवक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि युवक मंशा खेड़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि आपका अमृत विचार नहीं करता है।

बाइक पर खड़े होकर स्टंट करता युवक।

दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान बांगरमऊ पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो के वांछित को गिरफ्तार किया।

बांगरमऊ थाना क्षेत्र के ग्राम गहरपुरवा मान सिंह पुत्र बैजू के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था। वह दर्ज मुकदमें में वांछित चल रहा था। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान दरोगा अचल कुमार रावत मंगलवार को आगरा-एक्सप्रेस वे टोल प्लाजा के पास हरदोई- बांगरमऊ मार्ग के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया।

महिला ने पति पर बेटी के साथ गलत काम करने का लगाया आरोप: महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसका पति लखनऊ में रहता है और वह गांव में रहती है। पति साथ उसकी नाबालिग बेटी भी रहती हैं। गांव उसका पति छोड़ गया। बेटी ने बताया कि पिता ने उसके साथ गलत काम किये हैं। जिस पर महिला ने पुलिस को तहरीर कार्यवाही की मांग की ।

पुलिस गिरफ्त में खड़ा दुष्कर्म का आरोपी।

परिवार कल्याण विभाग की टीम ने की जांच

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। परिवार कल्याण विभाग की टीम ने सीएचसी एवं एचडब्लूसी का निरीक्षण किया। टीम ने केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं से सम्बंधित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेने के साथ साफ सफाई रखने पर जोर दिया।

स्टेट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट के राजीव दुबे, केंद्रीय मातृत्व शिशु स्वास्थ्य विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डा. स्नेहा भुतरेजा अपनी टीम के साथ नवाबगंज सीएचसी पहुंची। उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के लिये उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। लेबर रूम का निरीक्षण कर महिला चिकित्सक डा .रिचा श्रीवास्तव व डा. रुचि त्रिपाठी से जानकारी ली। सीएचसी पर आने वाली गर्भवती महिलाओं तथा उनमें चिन्हांकित उच्च जोखिम वाली महिला मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं व उनसे संबंधित दस्तावेजों का मुआयना किया। फार्मेसिस्ट प्रदीप कुमार से महिला मरीजों व शिशुओं के लिये उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली। इसके बाद मकूर स्थित हेल्थ वेलनेश सेंटर भी गई। यहां नियुक्त सीएचओ सोनी देवी से मरीजों के लिये उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान डा. राजेश कुमार, डा. शैलेन्द्र रहे।

मातहतों से जानकारी लेती परिवार कल्याण विभाग की टीम। अमृत विचार

मनमानी सहायक अभियंता बोले स्टीमेट में नहीं है नई ईंटों के इस्तेमाल का प्रावधान

हद कर दी : पुरानी ईंटों से करा दिया पुलिया का निर्माण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र की साईट-एक में पुलिया निर्माण में पुरानी ईंट इस्तेमाल करने का श्रमिक सहित आसपास के ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं। यहां नाली का नया निर्माण कराया गया है। इसके बाद भी यूपीएसआईडीसी के अभियंता स्टीमेट में पुरानी ईंटों के इस्तेमाल का दावा करते हैं।

जी हां कलक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय से मात्र करीब चार किलोमीटर दूर पुलिया का निर्माण कराया गया है। सोमवार तक पुलिया की चुनाई करते हुए राज-मिस्त्री पुरानी ईंटों से निर्माण करते दिखाई दिए। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली से निकली ईंटों से ही पुलिया का निर्माण किया गया है। यही नहीं निर्माण में की गई धांधली छिपाने के लिए मंगलवार को ही पुलिया पर प्लास्टर का कार्य पूर्ण कर लिया गया। यही नहीं आसपास औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों ने बताया कि निर्माण में मौरंग के बजाए डस्ट व बालू के साथ नाममात्र सीमेंट का इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसलिए बनकर तैयार हो रही पुलिया जल्द ही ध्वस्त हो जाएगी। लोगों ने बताया कि नाली व पुलिया निर्माण पर बड़ा बजट खर्च किया जा रहा है। अभियंताओं की सह पर ठेकेदार निर्माण में मोटी कमाई के लिए मनमाने ढंग से कार्य करा रहा है। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि वह ठेकेदार के कहे मुताबिक सामग्री तैयार करते हैं। साथ ही पुरानी ईंट भी ठेकेदार के कहने पर इस्तेमाल की हैं।

क्या बोले जिम्मेदार : निर्माण एजेंसी यूपीएसआईडीसी के सहायक अभियंता अरुण गोस्वामी ने बताया कि स्टीमेट में नई ईंट का प्रावधान नहीं है। इसीलिए ठेकेदार पुरानी ईंटों का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि स्टीमेट के आधार पर ही निर्माण हो रहा है। समय-समय पर वह स्वयं साईट का निरीक्षण कर रहे हैं।

पुरानी ईंटों से पुलिया का निर्माण करते श्रमिक। अमृत विचार

अनियमितता छिपाने को आनन-फानन में किया गया प्लास्टर। अमृत विचार

युवक का खेत के पास पड़ा मिला शव, कोहराम

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- सड़क हादसे में मौत होने की संभावना

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी थाना अंतर्गत मंगलवार को एक युवक शव खेत के पास पड़ा देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई।

सफीपुर कोतवाली के गांव लच्छीखेड़ा निवासी सुदामा उर्फ लुझरी (30) पुत्र राम खेलावन एक हाथ से दिव्यांग था। वह लोगों मांग कर अपना व दृष्टिबाधित पिता का पेट भरता था। मंगलवार सुबह उसका शव उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कठिघरा गांव को जाने वाले मोड़ पर रामचंद्र के खेत में पड़ा देख लोग दंग रह गए। बताते है सोमवार को कठिघरा गांव निवासी इंसाफ अली की दो बेटियों की बारात म लच्छीखेड़ा व मंगली खेड़ा गांव से आई थी। लच्छीखेड़ा से आई बरात में शामिल लोगों के नाश्ते की व्यवस्था हरदोई-उन्नाव मार्ग के किनारे थी। कुछ लोगो ने सुदामा को रात में नाश्ता करते देखा था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वहां से निकलने के दौरान किसी वाहन की टक्कर से मौत हुई है। कठिघरा गांव निवासी राजू की सूचना पर पुलिस पहुंची जांच कर उसके पिता को सूचना दी। बेटे की मौत की सूचना पर पहुंचे पिता ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह बेटे के साथ माढ़ापुर गांव में थे। दोपहर को सुदामा 130 रुपये लेकर कर पैदल चला आया था।

फैक्ट्री में हुई श्रमिक की मौत, किया हंगामा

रात भर फैक्ट्री में ही पड़ा रहा शव सुबह सहकर्मियों के पहुंचने पर हुई जानकारी, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता बिछिया उन्नाव

अमृत विचार। दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री श्रमिक की छुट्टी के बाद कपड़े बदलते समय मौत हो गई। इसकी जानकारी किसी को नही हो सकी और सभी कर्मचारी अपने घर चले गए। सुबह कपड़े बदलने पहुंचे श्रमिको ने उसका शव पड़ा देखा तो सनसनी फैल गई। फैक्ट्री प्रबंधक की सूचना पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसमें उसकी ब्रेन हैमरेज से मौत की पुष्टि हुई। वहीं पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर फैक्ट्री पहुंचे और मुआवजे मांग को लेकर हंगामा किया। दही एसओ ने दोनों पक्षों की वार्ता कराई इसके बाद परिजन माने।

सत्य नारायण।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी निवासी सत्यनारायण (45) पुत्र स्व. मथुरा प्रसाद दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र साइट 2 स्थित सुपर हाउस की एसेसरीज़ फैक्ट्री में 10 वर्ष से हेल्पर पद पर काम करता था। वह कंपनी का नियमित कर्मचारी था। सोमवार सुबह को वह रोज की तरह काम पर गया था। शाम को छुट्टी होने के बाद वह कपड़े बदलने के लिए फैक्ट्री के द्वितीय तल पर गया और वही पर पैंट पहनते समय अचेत हो गया। इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। फैक्ट्री के सभी कर्मचारी चले गए। केवल गेट पर सुरक्षा गार्ड मौजूद था। इधर घर नही पहुंचने पर जब बड़े भाई शिवराम ने साथी श्रमिको से जानकारी करने के बाद भाई के मंदिर जाने की बात सोच कर सो गया। मंगलवार सुबह ड्यूटी पर पहुंचे श्रमिक कपड़े बदलने पहुंचे तो सत्यनारायण का शव पड़ा देख उनके होश उड़ गए। श्रमिको की भीड़ एकत्र हो गई। मैनेजर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। जहां उसकी ब्रेन हैमरेज से मौत की बात सामने आई। दिवंगत युवक तीन भाइयों में छोटा था। उसने शादी नही की थी इसलिए वह भाई के साथ रहता था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर फैक्ट्री गेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने काफी देर हंगामा काटा। दही एसओ मौके पर पहुंचे और परिजनों और प्रबंधन की वार्ता कराई। जहां दो लाख रुपए आर्थिक सहायता दिए जाने के अश्वाशन पर परिजन गेट से हटे। एसओ अनुराग सिंह ने बताया फैक्ट्री में शव पड़ा होने की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। किसी का कोई आरोप नही है।

ट्रैक्टर चालक की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

उन्नाव। सदर कोतवाली के हाफिजाबाद गांव निवासी युवक पड़ोसी गांव रहकर ट्रैक्टर चलाता था। सोमवार की रात को उसके सिर चोट लगने के बाद ट्रैक्टर मालिक ने परिजनों को बिना सूचना दिए अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने मालिक पर एक साल से वेतन नहीं देने और मांगने पर पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमे शराब मिलने के साथ ही गिरने से सिर में आई चोट से मौत की बात सामने आई है।सदर कोतवाली के हाफिजाबाद गांव निवासी जोहधा लोधी (22) पुत्र रामपाल बीते एक साल से पड़ोस के गांव रुस्तमपुर निवासी रज्जन व सज्जन सोनकर के यहां रहकर उनका ट्रैक्टर चलाता था। ट्रैक्टर एक ईट भट्ठे में लगा था। वह कभी-कभी घर आता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। बड़े भाई सरवन ने आरोप लगाया कि करीब एक साल इन लोगों ने भाई को ट्रैक्टर चलाने की तनख्वाह नहीं दी।

जोहधा।

जंगल में ले जाकर किशोरी से किया दुष्कर्म

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। असोहा थाना अंतर्गत एक किशोरी को गांव का ही एक युवक बहला कर जंगल में ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की जांच शुरू की है।

असोहा थाना क्षेत्र कें एक गांव निवासी महिला ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया की रविवार को करीब चार बजे उसकी नाबालिग बेटी घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव का सुधीर यादव उसकी बेटी को बहला फुसला कर गांव के बाहर जंगल में गया। और उसने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बेटी को घर के बाहर न पाकर मां ने उसकी तलाश की तो वह घर करीब 500 मीटर दूर बेसुध जंगल पड़ी मिली। होश में आने उसने अपने संग हुई हैवानियत की जानकारी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक ने किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की जांच शुरू की है। इस बावत एसओ रामऔतार ने बताया की तहरीर के आधार पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

- मां ने गांव के युवक पर लगाए आरोप, जांच शुरू

महिला ने पिता-पुत्र पर दर्ज कराई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

- **पुरवा उन्नाव।** असोहा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने पिता-पुत्र पर मारपीट करने के साथ ही बेटी से छेड़खानी का आरोप लगाया है। जिस पर एसपी की निर्देश पर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। असोहा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया की गांव का अशोक पुत्र कल्लू आये दिन शराब पीकर गाली गलौज करता है। बताया कि 15 मई की शाम उसकी बेटी घर पर अकेली थी। तभी अशोक वहां पहुंचा और उसके दरवाजे पर गाली देने लगा। बेटी ने इसका विरोध किया तो उसने अपने बेटे अरविन्द के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। शोर सुन कर इसकी देवरानी बचाने पहुंची तो दोनों ने उसके साथ भी मारपीट की। इस दौरान अरविंद ने बेटी से छेड़छाड़ भी की थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह इसकी शिकायत लेकर थाने गई लेकिन एसओ नहीं मिले। पुलिस कर्मी रात भर हम लोगो को थाने मे बैठाए रखे लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसपी के आदेश पर आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस बाबत एसओ रामऔतार ने बताया महिला ने थाने में कोई शिकायती पत्र नहीं दिया था। एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एनडीसन कालेज को बीईओ ने थमाया नोटिस

फालोअप

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

- मेधावी बेटे को सम्मानित न किए जाने की पिता ने की थी शिकायत

अमृत विचार। कक्षा तीन के मेधावी छात्र को सम्मानित न किए जाने की शिकायत को बीईओ ने गंभीरता से लेकर एनडीसन पब्लिक इंटर कालेज को नोटिस जारी किया है। विद्यालय से पांच दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा है।

बताते चलें कि पिछले सप्ताह कस्बे के राहतगंज बाजार निवासी रामानुज अग्निहोत्री ने विभागीय अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके बेटे कक्षा तीन के छात्र तेजस को परीक्षा में 98.6 फीसदी अंक प्राप्त हुए हैं। इसके बावजूद विद्यालय प्रबंधन ने अन्य मेधावियों के साथ उसके बेटे को नहीं सम्मानित किया। अभिभावक ने विद्यालय की इस उपेक्षा से छात्र के मर्माहत होने का दावा किया था। साथ ही प्रबंधन पर मनमाने ढंग से अभिभावकों पर दबाव बनाकर विभिन्न तरह के शुल्क वसूलते हुए आर्थिक उत्पीड़न का आरोप भी लगाया था। पीड़ित छात्र के पिता की ओर से दिए गए शिकायती पत्रों के आधार पर अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

मंगलवार को बीईओ ने विद्यालय को नोटिस भेजकर पांच दिन में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने को कहा है। नोटिस में सम्मानित करने में भेदभाव का कारण स्पष्ट करने के साथ यूनीफार्म सहित अन्य मदों में वसूली करने के आरोपों का जवाब भी मांगा गया है।

प्रतिभा दिखाने को खिलाड़ियों को मिले पांच-पांच ओवर

अंडर-16 का ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के मार्गदर्शन में शहर के निखत स्टेडियम में सत्र 2024-25 के लिए अंडर-16 क्रिकट टीम की ट्रायल प्रतियोगिता शुरू हुई। डीसीए के बैनर तले आयोजित ट्रायल में शामिल सभी 36 खिलाड़ियों को उनकी मांग पर पांच-पांच ओवर गेंदबाजी व बल्लेबाजी का मौका दिया गया। डीसीए सचिव पीके मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर ट्रायल प्रतियोगिता के तहत चयनित खिलाड़ियों की घोषणा होगी।

पहले चरण का ट्रायल पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराया गया था, लेकिन ग्राउंड न मिलने की वजह से मंगलवार को दूसरे चरण की ट्रायल प्रतियोगिता निखत स्टेडियम में कराना तय हुआ। डीसीए की ओर से निर्धारित सुबह छह बजे से शुरू ट्रायल में शामिल होने के लिए प्रतिस्पर्धियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। तय समय पर आयोजकों ने तैयार रणनीति के मुताबिक बल्लेबाजों को पांच-पांच ओवर बैटिंग और गेंदबाजों को पांच-पांच ओवर गेंदबाजी करने का मौका दिए जाने की घोषणा की। डीसीए सचिव पीके मिश्रा ने बताया कि दूसरे चरण के ट्रायल में 16 बल्लेबाजों, 10 तेज गेंदबाज, चार स्पिनर व चार विकेट कीपर शामिल थे। सभी बल्लेबाजों व गेंदबाजों को पांच-पांच ओवर खेलते हुए स्वयं की प्रतिभा दिखाने को कहा गया। इसी तरह विकेट कीपिंग का समय भी उपलब्धता के अधार पर विभाजित कर तय किया गया। मौसम की मार को देखते हुए सुबह जल्दी ट्रायल शुरू कराए जाने के बाद भी सूरज की तपिश में पसीना बहाते हुए सभी प्रतिस्पर्धी स्वयं को साबित करने को कड़ी मशक्कत करते रहे। डीसीए की ओर से तय किए गए चयनकर्ता नवीन सिन्हा, मंसूर खान, अभिषेक श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, विकास सिन्हा व ओम मिश्रा लगातार प्रतिस्पर्धियों पर नजर बनाए रखकर बारीकी से उनकी प्रतिभा का आकलन करते रहे। वहीं डीसीए सचिव स्वयं भी पूरे समय मौजूद रहकर खिलाड़ियों की प्रतिभा परखते रहे।

चयनकर्ताओं व डीसीए पदाधिकारियों के साथ ट्रायल में शामिल खिलाड़ी। अमृत विचार

- सुबह छह बजे से ट्रायल शुरू कराने के बाद भी गर्मी से बेहाल रहे प्रतिस्पर्धी

प्रदूषण बोर्ड का बाबू 50 हजार रिश्वत लेते धरा गया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पीड़ित की शिकायत पर पहले से मौजूद थी एंटीकरप्शन टीम

अमृत विचार। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में लिपिक पद पर तैनात विजय कुमार को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया। लिपिक को एक कोल्ड स्टोर प्रबंधन से 50 हजार रुपये रिश्वत लिए जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल माथुर ने मामले को स्वीकारा।

टेनरियों, स्लॉटर हाउस व चर्म इकाइयों के संचालन वाले इस जिले में बोर्ड के स्टाफ पर हमेशा भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। जानकारों के मुताबिक एक कोल्ड स्टोर प्रबंधन बीते काफी समय से बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे। कार्य को करने के लिये स्टाफ बिना रिश्वत के राज़ी नहीं हुआ। संबंधित लोग स्टाफ की मांग पूरी करने में असमर्थता जताते हुए रियायत मांग रहे थे लेकिन बाबू मानने को तैयार नहीं हुआ। इससे क्षुब्ध होकर संबंधित लोगों ने एंटीकरप्शन विभाग से संपर्क किया। इसी पर योजना के तहत एंटीकरप्शन टीम ने मौके पर पहुंचकर प्लान के मुताबिक पीड़ित को कार्यालय भेजा, जहां काम करने के एवज में संबंधित व्यक्ति ने क्लर्क को मांगी जा रही रकम सौंप दी। इसी बीच एंटीकरप्शन टीम ने क्लर्क को दबोच लिया। इतना ही नहीं मौके पर ही क्लर्क के कब्जे से रिश्वत में ली गई रकम भी बरामद कर ली। टीम पकड़े गए क्लर्क को अपने साथ ले गई। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि वह मौके पर मौजूद नहीं थे। जानकारी पाकर कार्यालय पहुंचने से पहले टीम क्लर्क को लेकर जा चुकी थी। उन्होंने मामले को स्वीकार करते हुए पूरे मामले की रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी।

चोरी की स्कूटी के साथ दो गिरफ्तार

उन्नाव। मंगलवार को सदर कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्धों को रोका। जहां पुलिस ने उनके पास से चोरी की स्कूटी बरामद करते हुये कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। सदर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कोतववाली क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट से स्कूटी चोरी हो गई थी।

स्कूटी चोरी का मामला पंजीकृत किया गया था। इधर मंगलवार को एसपी के निर्देश पर मंगलवार को दरोगा राजेश दीक्षित हमराहियों के साथ हरदोई मोड़ तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे, तभी पुलिस ने कानपुर नगर के थाना छावनी काला माता मंदिर गोलाघाट निवासी विक्रम सिंह और ऋषि सोनी को रोका।

जहां स्कूटी के कागज मांगे। कागज न दिखा पाने पर उनसे कड़ाई से पूछताछ की। जहां दोनों ने स्कूटी चोरी की होने की बात कही। जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

राहतः सीडीओ ने बीडीओ को तालाब भरवाने के दिये आदेश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- पानी भरवाने के बाद फोटो भेजने के लिए भी कहा गया

अमृत विचार। गोवंश सहित पशुओं को पानी पिलाने में हो रही दिक्कत से त्राहि-त्राहि के बाद आखिरकार सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना ने मंगलवार को तालाब-पोखर भरवाने का आदेश जारी कर दिया है। सभी बीडीओ को जारी पत्र में दो दिन में तालाबों को भरवाकर फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

वैसे तो गर्मी की शुरुआत शुरुआती अप्रैल माह से ही हो गई थी, लेकिन मई माह में जारी शरीर का झुलसा देने वाली गर्मी सभी को बेहाल किए है। इंसान की प्यास तो एक-दो गिलास में बुझ जाती है, लेकिन दुधारू पशुओं खासकर भैंसों को पानी पिलाना पशु पालकों के लिए मुश्किलों का सबब साबित हो रहा था। यही नहीं तालाबों में घंटों न रह पाने से वह लगातार दूध भी कम करती जा रही थीं। इससे पशु पालकों जबर्दस्त गर्मी में भैंसों को लेकर दुरस्थ तालाबों तक जाना पड़ रहा था। हीट वेव को लेकर एडवाइजरी जारी होने के बाद भी पशु पालकों को पूरा-पूरा दिन लू और धूप में बिताना पड़ रहा था। सीडीओ ने मंगलवार को जिले के सभी बीडीओ को तालाब भरावाने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में जारी पत्र में स्वीकार किया गया है विभिन्न स्त्रोत से लगातार तालाब सूखने की सूचना मिल रही है। इसलिए सभी बीडीओ अभियान चलाकर दो दिन सूखे पड़े क्षेत्रीय तालाब भरवाएं और साक्ष्य के तौर पर संबंधित स्थानों के फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। किसान व पशु पालक सोमनाथ आशीष, रविंद्र सिंह, महानंद अमित पाठक ने कहा कि बीडीओ से भरे हुए तालाबों की फोटो मांगकर सीडीओ ने सही किया है।

हनुमंत लाल के दर्शन-पूजन को उमड़ा भक्तों का सैलाब

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जेठ माह के पहले बड़े मंगल पर शहर सहित जिले के हनुमान मंदिरों में सुबह से रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही। भक्तगण हनुमंतलाल की जय सहित जय-जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए मंदिर पहुंचते रहे। उन्होंने मंदिरों में न सिर्फ प्रसाद चढ़ाया, बल्कि कोई हनुमान चालीसा तो कोई बजरंग बाण का पाठ करता रहा।

शहर के स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर में भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। आमदिनों की अपेक्षा मंगला आरती में अधिक भक्तगण शामिल होने मंदिर पहुंचे। यहां दोपहर कुछ समय के अलावा सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा। इसी तरह मोतीनगर, डीएसएन कालेज रोड व जवाहरनगर स्थित हनुमान मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा। इसके अलावा विभिन्न मंदिरों में स्थापित श्रीराम भक्त हनुमान की पूजा-अर्चना का सिलसिला लगातार जारी रहा। दोपहर बाद मोतीनगर स्थित भोलेनाथ मंदिर पियूष चौहान, बब्लू सिंह, दिनेश, चंदन व बब्ली आदि की मौजूदगी में सुंदरकांड का पाठ हुआ। इसी तरह हनुमान मंदिर में शाम के समय ही भजन गायन किया गया। शहर के सीमावर्ती सोनिक स्थित हनुमान मंदिर में भी दर्शनार्थियों के पहुंचने का क्रम जारी रहा। भक्तगण बड़े ही श्रद्धाभाव से जयकारा लगाते हुए मंदिर पहुंचकर बजरंगबली महाराज की पूजा-अर्चना करते रहे। माखी स्थित टीकादास और भिनकीपुर के हनुमान मंदिर में दूर-दराज से भक्तगण दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते रहे। यहां भी भक्तों ने शर्बत आदि बंटवाया।

शहर के बड़े हनुमान मंदिर में जुटी दर्शनार्थियों की भारी भीड़। अमृत विचार

पूजा-अर्चना करते नगर पंचायत अध्यक्ष सौरभ बाजपेई।

बच्चों ने किया संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ

उन्नाव। जेठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल स्थित पवन तनय मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ कर मंदिर को जयकारों से गुजायमान किए रखा। विद्यालय प्रबंधन ने भक्तों व बच्चों में प्रसाद वितरण कराया। राष्ट्र संत मोरारी बापू की व्यास पीठ के स्थान पर वर्ष 2007 में पवन तनय हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। मंदिर में पुजारी के रूप में विधवा शैल कुमारी नियुक्त हैं। ज्येष्ठ माह के हर बड़े मंगल पर मंदिर में विशेष पूजन होता है। इस बार पहले बड़े मंगल पर सुबह सुंदरकांड पाठ हुआ। बाद में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। बच्चों ने पवन तनय महाराज के सामने माथा टेका। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में डा. कुसुमलता द्विवेदी, प्रिंसिपल शिवानी सिंह, शिखा त्रिपाठी, सुनील अवस्थी, सोनाली सिंह, रश्मि सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, राजकुमार, रजत गुप्ता, आदित्य सिंह, ललिता प्रजापति, देवेंद्र यादव, मोहम्मद अफजल व क्षितिज कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

जेठ माह का प्रथम मंगल | राहगीरों को बुला-बुलाकर प्रसाद बांटते रहे श्रद्धालु और आयोजक, लोगों ने छका भंडारा

भक्तों ने ग्रहण किया पूड़ी-सब्जी व शर्बत का प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जेठ माह के पहले मंगलवार को शहरी, कस्बाई व ग्रामीण इलाकों में भंडारा व शर्बत वितरण की धूम रही। मंदिरों के आसपास जहां भंडारा आयोजित हुए। वहीं जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्टाल सजाकर राहगीरों को रोक-रोककर शर्बत आदि बांटने का सिलसिला जारी रखा।

सुबह नौ बजे से ही शहर में राजा शंकर सहांय इंटर कालेज पास, ओवरब्रिज के पास स्थित आटो मार्केट, आईबीपी चौराहा स्थित पुरानी मोटर मार्केट, आवास विकास कालोनी, सिविल लाइंस दरोगाबाग, कब्बाखेड़ा, मोहारीबाग, कल्याणी, मोतीनगर, गांधीनगर, जवाहरनगर, लोकनगर व रामपुरी सहित अन्य मोहल्लों में श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर शर्बत वितरण शुरू कर दिया। वहीं कई स्थानों पर दोपहर करीब 12 बजे से भंडारा भी आयोजित किए जाते रहे।

हसनगंज संवाददाता के अनुसार जेठ के पहले मंगलवार पर तहसील क्षेत्र में जगह-जगह भंडारा आयोजित हुए। किसी ने पूड़ी-सब्जी व कोई हलवा-पूड़ी या खीर बंटवाता रहा। बड़ी संख्या में हनुमान भक्तों ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शर्बत वितरित कराया।

मोहान कस्बे में नगर पंचायत अध्यक्ष समरजीत यादव ने भंडारा आयोजित कराते हुए केसरीनंदन का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह समदपुर भावा गांव में प्रकाश पाल व लाला सिंह ने भी भंडारा आयोजित किया। सीएचसी में प्रभारी डा. प्रमोद कुमार के मार्ग दर्शन में आशा बहुओं ने बूंदी का प्रसाद बंटवाया।

दरोगाबाग में राहगीरों को शर्बत पिलाते श्रद्धालु। अमृत विचार

भंडारा का प्रसाद बांटते मोहान नगर अध्यक्ष समरजीत यादव। अमृत विचार

शर्बत पीकर लोगों ने ली राहत की सांस

सफीपुर संवाददाता के मुताबिक बड़े मंगल पर कस्बा सहित क्षेत्र के हनुमान भक्तों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर प्रसाद बांटा। कहीं पूड़ी-सब्जी का वितरण किया जाता रहा तो कई स्थानों पर बूंदी व शर्बत आदि बांटा जाता रहा। तहसील मुख्यालय गेट पर अधिवक्ताओं ने शरबत वितरण कराया। वहीं बस स्टैंड पर समाजसेवी अनुराग तिवारी व रामजी शुक्ला ने हनुमानजी के पूजन-अर्चन के बाद राहगीरों के बीच गन्ने का रस बंटवाना शुरू किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता सौरभ बाजपेयी राजा बेटा ने पंचमुखी हनुमानजी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ने तपती धूप में लोगों को राहत दिलाने के लिए जेठ माह में बड़े मंगल पर शर्बत व पानी सहित अन्य सामग्री बांटी।

पुलिस अफसर से आई कार्ड मांगना टोल कर्मी को पड़ा महंगा

नवाबगंज उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर स्थित टोल बैरियर पर सोमवार की रात एक पुलिस अधिकारी से उसकी आईडी मांगने की शिकायत पर पहुंची टोल कर्मी को कोतवाली लाई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 11 बजे पुलिस के अफसर लखनऊ से कानपुर जा रहे थे। निजी कार में पुलिस अफसर के होने की जानकारी देते हुए कार चालक ने उनका परिचय देते हुए उनकी आईडी दिखाई लेकिन मौजूद टोल कर्मी जिसका कार्ड है। उसको सामने लाने की बात कही। यह सुनकर अफसर गाड़ी से उतरे अजगैन कोतवाली को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस पहुंची और टोल कर्मी को कोतवाली उठा लाई। जानकारी पर टोल के अधिकारी पहुंचे और माफी मांगी।

सार-संक्षेप

युवक पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक किशोर को कारखाना मालिक ने मारा पीटा था। मंगलवार को पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दुलियाखेडा मराजेपुर निवासी कन्हईया लाल पुत्र रमेश पर 16 अप्रैल को उसका बेटा शोरभ बाबा के साथ बुद्धीखेड़ा चक्की कारखाने पर सरसों पिराई के लिये गया था। तभी कारखाना मालिक शिवकान्त पुत्र बृजपाल ने उसके बेटे से बोरी में खरी भरने का दबाव बनाया था। जब उसके बेटे ने मना किया तो उसे मारा पीटा। जिसका मामला दर्ज था। उसी मामले में शिवाकान्त वांछित चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

दो लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान सफीपुर पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उनके पास से लूट का माल बरामद करते हुये कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक श्यामनारायण सिंह हमराहियों के साथ गश्त पर थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने देवगांव निवासी प्रतीक कुशवाहा पुत्र अनूप कुशवाहा व कृष्ण कुमार उर्फ कन्हैया पुत्र लखपति गौड को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उनके पास से एक बाइक, 315 बोर तमंचा, कारतूस, दो मोबाइल व लूट के 2410 रुपये बरामद किये। प्रभारी ने बताया कि 8 मई को ब्रजपालपुर में हुई लूट की घटना में दोनों शामिल थे। जिसका मुकदमा भी दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पकड़े गये आरोपियों पर कई आपराधिक मामले सफीपुर, माखी, आसीवन, सादर कोतववाली में गंभीर धाराओं में दर्ज हैं।

छत से गिरकर घायल हुई किशोरी

बांगरमऊ। हरदोई जिला के मल्लावां थाना अंतर्गत ग्राम पुन्ना निवासी इतवारी लाल की 12 वर्षीय बेटी सोनम सोमवार की रात अपनी छत पर सो रही थी। आधी रात के लघुशंका के लिए उठने के दौरान उसका संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर कर घायल हो गई। परिजन उसे घायल हालत में बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

एससी/एसटी अदालत ने सुनाई सजा, दोषियों पर 25-25 हजार अर्थदंड भी, नौ साल पूर्व कॉलेज के सामने से किया था अगवा

छात्रा के अपहरण व दुष्कर्म में दो को 20-20 साल सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। अनुसूचित जाति की छात्रा को अगवाकर गैंगरेप करने के नौ साल पुराने मामले में अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीध एससीएसटी एक्ट सुशील कुमार खरवार की अदालत ने दोनों दोषियों को 20-20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 25 हजार का अर्थदंड लगाया है। वहीं संयुक्त रूप से पीड़ित पक्ष को 50 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश दिया है।

जरिया थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित मां ने 15 अप्रैल 2014 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि एक अप्रैल 2014 को उसकी बेटी (पीड़िता) कस्बा सरीला स्थित एक महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा देने गई थी। परीक्षा देकर जब घर नहीं लौटी तो वह व उसका परिवार सभी रिश्तेदारियों में बहुत खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। ढाई माह घर लौटी पीड़िता ने घटना की आप बीती घर में बताई। बताया कि दोषी लेखपाल राजपूत उसे महाविद्यालय के सामने से कार में डालकर उसे जरिया ले गया। वहां से उसकी आंखो में पट्टी बांधकर जबरदस्ती उरई ले गया। उरई से भोगनीपुर, भोगनीपुर में उसे 10 दिन रखा, फिर वापस जरिया ले गया। जरिया में उसे आठ दिन महेंद्र राजपूत के घर में रखा। उसकी मर्जी का खिलाफ उसके साथ दोनों उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। वह उक्त लोगों से आरजू मिन्नत करती रही कि उसके मां बाप के पास उसे छोड़ दो, लेकिन उक्त लोग उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते थे। वह किसी तरह मौका पाकर वहां से बचकर गुजरात चली गई।

पुलिस ने उक्त दोनों लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित गैंगरेप का मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले में अदालत ने जनपद जालौन थाना उरई के इंदिरा नगर मोहल्ला निवासी दोषी लेखपाल राजपूत व जलालपुर थानाक्षेत्र के पुरैनी निवासी महेंद्र राजपूत को सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

गैर इरादतन हत्या में पति को 10 वर्ष का कारावास

हमीरपुर। देर रात खाना खाने के बाद हुए विवाद में पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या कर दी। इस मामले में अदालत ने आरोपी पति को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पीके जयंत की अदालत ने दोषी पति को 10 वर्ष की कैद व 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जरिया थानाक्षेत्र के चंडौत गांव निवासी वादी लट्टी अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था, कि उसका बड़ा भाई दोषी पन्नालाल अपनी पत्नी पान कुंवर के साथ उसके बगल वाले मकान में रहता है। भाई के दो बेटे व दो बेटियां हैं। दोनों बेटे अपने-अपने परिवार के साथ बाहर ईट भट्ठों पर रहकर काम करते हैं। जबकि दोनों बेटियां अपनी ससुराल में हैं। बताया कि उसका बड़ा भाई व भाभी पहले से आपस में वाद विवाद करते रहते थे। दोनों अलग-अलग अपना भोजन खाते बनाते थे। कुछ दिन पूर्व दामाद राकेश ने दोनों लोगों का आपस में राजीनामा करा दिया था। बताया कि 31 जनवरी 2022 की रात खाने के बाद दोनों में फिर से विवाद हो गया। जिस पर उसके भाई ने अपनी पत्नी के ऊपर कुल्हाड़ी से हमलाकर उसकी हत्या कर दी है। मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने हत्या मामले को गैर इरादतन हत्या का मामला मानते हुए दोषी पति को 10 वर्ष की सजा सुनाई है।

हाईकोर्ट ने चार पर दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे को किया रद

सुमेरपुर हमीरपुर। कस्बे के दो सगे भाइयों सहित चार लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे को उच्च न्यायालय ने रद्द करने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने इस गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई को अवैध और मनमानी करार दिया है। उच्च न्यायालय के इस आदेश से पीड़ित पक्ष ने राहत महसूस की है। कस्बा निवासी शिवप्रकाश उर्फ सोनू गुप्ता, रामप्रकाश उर्फ प्रांशु गुप्ता, उमाकांत उर्फ बाबा गुप्ता व रिजवान उर्फ गुड्डू के खिलाफ सुमेरपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना कुरारा थानाध्यक्ष को सौंप गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्टशीट दाखिल किया। जिस पर जिलाधिकारी ने आरोपियों की संपत्ति सीज करने के आदेश दिए थे। इस आदेश के बाद पुलिस अधीक्षक ने भी आदेश का पालन करने के लिए अधीनस्थों निर्देश दिए। इस पर 14 मई को एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर राजेश कमल के नेतृत्व में संपत्ति को सीज किया गया था। इसमें सोनू गुप्ता एवं प्रांशु गुप्ता की करीब पांच करोड़ की संपत्ति थी। जबकि बाबा गुप्ता की 23 लाख की संपत्ति थी। रिजवान उर्फ गुड्डू के पास किसी तरह की निजी संपत्ति नहीं मिली थी। इस मुकदमे को रामप्रकाश उर्फ प्रांशु गुप्ता ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के वकीलों को सुनने के बाद गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे को रद्द करने का आदेश पारित किया। यह आदेश 24 मई को पारित किया गया है। हाईकोर्ट से मुकदमा रद्द होने पर आरोपियों ने राहत की सांस ली है।

डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 10 घायल

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। ईशन नदी पुल के पास बच्चे के मुंहबोर (अन्नप्राशन) संस्कार के लिए जाते समय ट्रैक्टर ट्राली में डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर ट्राली पर सवार 35 लोगों में से 10 घायल हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने डंपर में तोड़फोड़ करते हुए अन्य वाहनों के शीशे भी तोड़ने का प्रयास किया। इससे राहगीरों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायलों को अपनी गाड़ियों से सीएचसी में भर्ती कराया। इस दौरान आधा घंटा रोड पर जाम लग रहा और आक्रोशित भीड़ को पुलिस ने खदेड़ कर जाम खुलवाया।

मंगलवार को छिबरामऊ थाना क्षेत्र के गांव अतरौली निवासी रिशु उर्फ अमन पुत्र अहिवरन राजपूत के पांच माह के बेटे अंश के मुंहबोर संस्कार के लिए गांव एवं रिश्तेदारी से 60 लोग दो ट्रैक्टरों से सौरिख थाना क्षेत्र के गांव कुसका में ब्रह्मदेव मंदिर पर जा रहे थे। दोपहर बाद करीब सवा दो बजे ईशन नदी के पास अडनापुर मोड़ पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने एक ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और उसमे बैठे 10 लोग घायल हो गए। लोगों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी होते ही गांव से सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए और डंपर में तोड़फोड़ कर दी। अन्य वाहनों के शीशे भी तोड़ने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल अंश (05) पुत्र रिशु ,काजल(17) पुत्री अवधेश ,साधना (16) पुत्री अशोक, अंशुल (9)पुत्र अमन, टर्री(7) पुत्र अमन, प्रीति (28) पत्नी रिशु, कमला देवी (55)पत्नी अहिवरन सिंह, सभी निवासी गढ़ अतरौली, रिश्तेदार नीतू (30) पत्नी धर्मेंद्र निवासी गढ़िया ब्रहिमपुर, रामपोती(60) पत्नी प्रताप राजपूत निवासी रेरी रामपुर , ऋतिक पुत्र रोहित निवासी निधौरा जिला औरैया को अपनी गाड़ियों से सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने अंश,नीतू साधना,अंशुल, काजल की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं अन्य के मामूली चोटें आई थी जिनका इलाज सीएचसी में चल रहा है।

अस्पताल में भर्ती हादसे में घायल लोग।

घटना के बाद सीएसबी रोड पर लगा रहा जाम

घटना के बाद सौरिख-छिबरामऊ रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। घटना दोपहर के 2:15 बजे हुई थी। उसके बाद बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली एवं डंपर के खड़े होने के चलते एक साइड पूरी बंद होने से आवागमन ठप हो गया। आधे घंटे से अधिक जाम लगने के चलते वाहनों की लंबी कतारें लग गई। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने क्रेन मगाकर दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाकर जाम खुलवाया।

ट्रक में पीछे से घुसा टेंपो, तीन महिलाओं की मौत

ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा, अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे सभी

संवाददाता,नरैनी (बांदा)

- दुर्घटना में मरने वाली तीनों महिलाएं एक ही परिवार की
- हादसे में नौ गंभीर घायल, सात मेडिकल कॉलेज रेफर

सीएचसी में मौजूद परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार। बबूल की कटान लाद कर जा रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लेते ही पीछे से आ रहा टेंपो ट्रक के पीछे घुस जाने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई। जबकि हादसे में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से सात घायलों को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अंतर्गत धरमपुर थाना क्षेत्र के गांव अमरछी निवासी एक ही समुदाय के लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नसेनी गांव आ रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव के नजदीक नहर बंबा कलीम बोरिंग के पास जमवारा सहित कई क्षेत्रों की बबूल कटान लाद कर नरैनी की तरफ आ रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे से आ रही तेज रफ्तार टेंपो ट्रक के पीछे घुस गई। टेंपो सवार अमरछी निवासी समीना पत्नी महबूब (55), शिफा पुत्री महबूब (15), यूनुस (55) पुत्र यूनुस, नफीसा (45) पत्नी बाकर, नूर बीवी (30) पत्नी अकरम, वसीम का 7 वर्षीय पुत्र मुदस्सर, नवी खान का 42 वर्षीय पुत्र गौस मोहम्मद, हाजी मुस्तफा की 70 वर्षीय पत्नी मुन्नू बीबी, व इस्माइल की 45 वर्षीय पत्नी हाजरा गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर कोतवाली प्रभारी सुरेश सैनी, कस्बा इंचार्ज अनिल सिंह, कालिंजर, करतल पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां मुन्नू बीबी और हाजरा की मौत हो गई।

जबकि अन्य सात लोगों को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज से गंभीर हालत में घायल नूर बीवी ,युनुस, नफीसा, गौस मोहम्मद को कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उन्हे कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में नूर बीबी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

10 साल पहले गायब हो गया था पति

मृतक हाजरा के भतीजे तोसीब ने बताया कि इनके पति 10 साल पहले लापता हो गए थे। जिनका आजतक पता नही चला । दूसरो के यहा मजदूरी करके परिवार का खर्च चलाती थी इनके दो लड़के , पाच लड़किया है जिसमे तीन लड़कियां आखों से अंधी है । मृतक हाजरा कोतवाली क्षेत्र के नसेनी गांव में रिशेदार सख्खी पत्नी लतीफ की मिट्टी हो जाने पर शामिल होने जा रही थी तभी यह हादसा हो गया।

आये दिन होती हैं दुर्घटनाएं

कस्बा के मुख्य चौराहे से दिन भर ओवरलोड वाहनों के निकलने का सिलसिला जारी रहता है। आटो गाड़ी में दर्जन भर से ऊपर की सवारिया लादकर ढोया जा रहा है। जिससे आए दिन दुर्घटना होती है। कस्बा के मुख्य चौराहे पर सैकड़ो अवैध डग्गामार वाहन दिन भर खड़े होकर सवारियो कों गड़ियो में भूसे की तरह लादकर ले जाते है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। लेकिन नगर प्रशासन द्वारा कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाई देती है।

सीओ ने परिजनों से ली जानकारी

भीषण सड़क दुर्घटना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर दिनेश वर्मा, डाक्टर लवलेश सिंह पटेल, सहित स्टाफ ने सभी का प्राथमिक उपचार करने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । अस्पताल परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबुजा त्रिवेदी ने पहुंचकर मृतक के परिजनों से पूछताछ कर घायलों का हाल जाना। मौके पर प्रभारी निरीक्षक सुरेश सैनी, क्राइम इंस्पेक्टर रामकिशोर सिंह, उपनिरीक्षक अनिल सिंह, गौरव मिश्रा, अकाश शुक्ला, रवि कुमार, सहित भारी फोर्स मौजूद रहा।

गैंगस्टर बब्बल के भाई के तीन ट्रक जब्त

चित्रकूट। अवैध खनन और परिवहन की धरपकड़ के लिए जाने वाली टीमों की जानकारी देने वाले गिरोह के सरगना के भाई की लगभग एक करोड़ रुपये की संपत्ति को जिला प्रशासन ने जब्त कर लिया है। आरोपी के भाई के तीन ट्रक और स्कार्पियो को जब्त किया गया है। आरोप है कि बब्बल ने अवैध संपत्ति से भाई के नाम ये वाहन खरीदे थे।

ज्ञात रहे कि जिले में लोकेशन गैंग की कमान संभालने वाले गैंगस्टर बब्बल उर्फ बजहूल कमर के भाई प्रयागराज जिले के आइमा थाने के छीते मऊ निवासी अलमास की एक करोड़ से अधिक कीमत के वाहन जिला प्रशासन ने जब्त कर लिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनंद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक एके सिंह ने इस बाबत प्रस्ताव भेजा था। इसमें गैंगस्टर बब्बल पुत्र समशुल कमर द्वारा अवैध खनन और परिवहन के लिए सरकारी अधिकारियों की लोकेशन लेकर वाहनों को निकलवाने को गिरोह के संचालन की बात सामने आई थी। अवैध धंधे से गैंगस्टर बब्बल ने अपने सगे भाई अलमास के नाम से तीन ट्रक व एक स्कार्पियो ली थी।

श्रद्धालुओं से भरा लोडर पलटा, 20 यात्री हुए घायल

संवाददाता, फर्रुखाबाद

स्ट्रेचर पर लेटे घायल। अमृत विचार

लोहिया अस्पताल में पहुची भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। पूर्णागिरी मंदिर से लौट रहा श्रद्धालुओं से भरा लोडर मवेशियों को बचाने के चलते पलट गया। लोडर में सवार 20 यात्री घायल हो गए। शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र में हुई घटना के 10 घायलो को लोहिया अस्पताल लाया गया तो अफरातफरी मच गई।

सोमवार देर रात करीब 12 बजे थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव कुइयां गांधी के श्रद्धालुओं को लेकर पिकअप लोडर लौट रहा था। जैसे ही यह लोडर शाहजहांपुर जिले के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव चौरसिया के पास पहुंचा कि सड़क पर बेसहारा मवेशियों का झुंड आ गया। इससे चालक बाबू निवासी रामनगर छिबरामऊ, कन्नौज लोडर से अपना नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू हुआ लोडर सड़क किनारे खाई में पलट गया। इससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों की चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और लोडर से बाहर निकाला।

इस दौरान विशाल (19), आकाश (24), देव (15), विशाल की 20 वर्षीय पत्नी निशु, नितिन (18), वंदना (20), राजो (45) पत्नी राजेंद्र निवासीगण कुइयां, गांधी, राजेपुर, व छिबरामऊ कन्नौज निवासी देवेंद्र (27), सौरभ व उसका दो वर्षीय पुत्र कारव निवासी सांडी हरदोई को डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक साथ आए 10 मरीजों को देख अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई।

इमरजेंसी वार्ड में घायलों को बेड नहीं मिला तो स्ट्रेचर पर ही उनका उपचार किया गया। आकस्मिक सेवा में तैनात डा. अमर नाथ ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। सभी घायलों की स्थिति सामान्य है।

टेंपो-लोडर की भिड़ंत में नौ घायल, पांच गंभीर

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव पहरैया निवासी सर्वेश कुमार मंगलवार दोपहर बाद लगभग 3 बजे नवाबगंज से टेंपो में सवारियों को लेकर अलीगंज जा रहे थे। टेंपो जैसे ही नवाबगंज-अचरा मार्ग पर गांव नगला जाटवान के निकट पहुंचा। उसी दौरान सामने से तेज गति से आ रहे लोडर के चालक ने टेंपो में सीधी टक्कर मार दी। जिसमे टेंपो चालक सर्वेश कुमार व टेंपो में बैठी जनपद एटा के थाना नयागांव के गांव उगई निवासी गुड्डी देवी पत्नी रामवीर, थाना जैथरा के गांव नगला सवित निवासी रामौतार, कोतवाली कायमगंज के गांव वराबिकू निवासी प्रिया पत्नी नवनीत, थाना मेरापुर के गांव देवरा महसोना निवासी राधा पत्नी सचिन कुमार, गांव सिलसंडा निवासी रुवी पत्नी अजय यादव, गांव कोला निवासी रक्षपाल सिंह, थाना नवाबगंज के गांव समैचीपुर निवासी चांदनी पत्नी पंकज सिंह व उनकी पुत्री नेहा गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां मौजूद अधीक्षक डॉ लोकेश शर्मा ने रक्षपाल, रामौतार, सर्वेश की हालत गंभीर देख उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

लापरवाही | खुले आसमान और बरामदे में पढ़ रही हैं छात्राएं

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया राजकीय बालिका इंटर कॉलेज

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

राजकीय बालिका इंटर कालेज का अर्द्धनिर्मित भवन। अमृत विचार

अमृत विचार। सरकार प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत शासकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों को चिह्नित कर रही है, कायाकल्प योजना में इन भवनों का सुंदरीकरण कर रही है। वहीं राजापुर का जीजीआईसी भवन है, जिसकी ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा। लोग कहते हैं, यह महत्वाकांक्षी भवन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य 2008-09 में शुरू हुआ था, जो आज खंडहर हो चुका है। कॉलेज पुराने समय से जिला पंचायत द्वारा लीज पर चल रहा है। इसके कमरे जर्जर व क्षतिग्रस्त हो जाने से छात्राएं खुले आसमान, बरामदे या टीनशेड के नीचे शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। इस स्थिति को समाप्त करने के लिए तत्कालीन प्रदेश सरकार ने 98 लाख रुपये कार्यदायी संस्था को निर्गत किए थे। बताते हैं कि संस्था ने राजापुर बाईपास एसडीएम कॉलोनी के पास 2008-09 में काम शुरू कराया पर भ्रष्टाचार के चलते भवन पूरा नहीं हुआ। लगभग 16 वर्ष बाद भी ठेकेदार व कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में अभिभावकों, समाजसेवियों आदि ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को कई बार पत्र दिए पर सुनवाई नहीं हुई। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया है कि डीएम के निर्देशानुसार सरकार की प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों का सर्वे लेखपालों से कराया जा रहा है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के जर्जर भवन को भी चिह्नित किया जाएगा।

डीएम ने किया था मुआयना

अमित मिश्रा बताते हैं कि कई माह पहले जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी ने भवन का निरीक्षण किया था। जांच के आदेश दिए गए थे लेकिन इसके बाद क्या हुआ पता नहीं चला। उन्होंने मांग की है कि कार्यदायी संस्था व ठेकेदार से रिकवरी कराई जाए।

लोगों ने जताई नाराजगी

संजीव मिश्रा।

अमित मिश्रा।

सुनील मिश्रा।

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि भवन निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के संदर्भ में शिक्षा विभाग से जांच व भवन निर्माण की मांग की गई है। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, समाजसेवी सुनील मिश्रा ने भी इस उदासीनता पर रोष जताया। कहा कि प्रकरण में कई बार अधिकारियों व शासन को शिकायती पत्र भेजे जा चुके हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई और न अर्धनिर्मित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भवन को बनाया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 213 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये, जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण नामान्तरण का आधार
1	श्री सर्वेश कुमार पुत्र रामशंकर	श्री शिवदयाल पुत्र हरदयाल	सिकन्दरपुरा –I	01	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 215 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती हेमा पत्नी सर्वेश कुमार	श्री लक्ष्मनदास पुत्र ईश्वरदास	सिकन्दरपुरा –I	01	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 214 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती हेमा पत्नी सर्वेश कुमार	श्री लक्ष्मनदास पुत्र ईश्वरदास	सिकन्दरपुरा –I	01	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 212 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण नामान्तरण का आधार
1	श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र चन्द्रप्रकाश गुप्ता	श्री आशीष कुमार पुत्र राजेश कुमार	सिकन्दरपुरा –2	04	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़नेवाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

संपादकीय

एआई पर अंतर्राष्ट्रीय संधि

हर क्षेत्र में आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दायरा और हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। एआई से आने वाले वर्षों में मानव जीवन के लगभग हर पहलू के बदलने की उम्मीद है। पिछले दिनों एआई के उपयोग को नियंत्रित करने वाली कानूनी रूप से बाध्यकारी पहली अंतर्राष्ट्रीय संधि को मंजूरी दी गई। यूरोप परिषद का यह कदम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह संधि एआई तकनीक का ज़िम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किए जाने को प्रोत्साहित करती है। यानी यह संधि समानता, गैर-भेदभाव, निजता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सैद्धांतिक उद्देश्यों के मुताबिक एआई के उपयोग को बढ़ावा देती है। संधि गैर-यूरोपीय देशों के लिए भी खुली है और एक कानूनी ढांचा तैयार करती है जो एआई सिस्टम के पूरे जीवनचक्र को कवर करती है और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देते हुए उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले जोखिमों को संबोधित करती है। गौरतलब है कि एआई पर वैश्विक साझेदारी की जरूरत पर भारत हमेशा से बल देता रहा है।

वैश्विक साझेदारी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी के लिए एआई सबसे बड़ा वरदान बन सकता है तो यह 21वीं सदी को तबाह करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। इसलिए नैतिक मूल्यों पर आधारित एआई के लिए वैश्विक सहमति से फ्रेमवर्क बनाने की आवश्यकता है। देखा जाए तो यह संधि एआई के उपयोग को लेकर वैश्विक स्तर पर एक कानूनी मानक स्थापित करना चाहती है। लेकिन एआई को नियम-क़ानून के दायरे में बांधना बेहद मुश्किल है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि एआई का विस्तार बहुत व्यापक है, यानी एआई किसी खास क्षेत्र या प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विज़न और न्यूरल नेटवर्क्स यानी एआई की एक विधि जो कंप्यूटर को मानव मस्तिष्क से प्रेरित होकर आंकड़ों का विश्लेषण करना सिखाती है, जैसी अत्याधुनिक और लगातार विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है। संधि की लचीली कार्यान्वयन रणनीति और स्वतंत्र निरीक्षण तंत्र महत्वपूर्ण घटक हैं, फिर भी दायित्वों और देयताओं पर स्पष्ट दिशा निर्देशों की कमी व्यावहारिक लागू करने और प्रवर्तन में बाधा उत्पन्न करती है। वैसे भी अंतर्राष्ट्रीय संधि का मसौदा तैयार करने और विचार-विमर्श के दौरान सिर्फ यूरोपीय परिषद के सदस्य देश और कुछ अन्य देशों ने ही भाग लिया है, बाकी दुनिया के राष्ट्रों की इसमें कोई भागीदारी नहीं है। जाहिर है कि इससे इस संधि की वैधानिकता पर सवाल खड़े होते हैं और यह कहीं न कहीं इसे ज़मीनी स्तर पर लागू करने में रुकावटें पैदा कर सकता है।

मंडेला की एएनसी पर संकट, क्यों खफा भारतवंशी

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया।

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में बुधवार (29 मई) को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतीय मूल के कुछ राजनेता दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव लड़ भी रहे हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। एससिंह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक एलायंस के उम्मीदवार हैं। इनके अलावा भी कुछ निर्दलीय के रूप में क्वाजुलु-नटाल प्रांत से चुनाव लड़ रहे हैं। क्वाजुलु-नटाल प्रांत के प्रमुख शहर डरबन में भारतीयों की आबादी खासी है। इसे मिनी दिल्ली या मुंबई भी कहा जाता है। यह डरबन शहर ही है जहां महात्मा गांधी 1893 में भारत से आए थे। बाद में गांधी जी ने पास के शहर फ़ीनिक्स में अपना आश्रम बनाया था, उसे कुछ साल पहले हुई हिंसा में बुरी तरह से तबाह कर दिया गया था। डीएलसी ने चुनावों में भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। वहां के भारतवंशी भी बेरोजगारी के शिकार हैं। माइनॉरिटी फ्रंट पार्टी की शमीन ठाकुर-राजबंसी दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत की विधानसभा की सदस्य हैं। वह भी अपने देश के भारतवंशियों के हक में सक्रिय रहती हैं। भारतीय मूल के तीन व्यक्ति, फसीहा हसन, मागेशवरी गोवेन्दर और शाएक इमरान सुब्रथी नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन कांग्रेस पार्टी (एएनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। राजधानी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग का होना इस बात की गवाही है कि सारा भारत मंडेला की कुर्बानियों से प्रेरित होता है। मंडेला 1995 में भी भारत आए थे। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कान्फ्लिक्ट कनफिल्कट रेज़लूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सदभाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में भी अफ्रीकन अध्ययन केंद्र है।

> दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ सकता। बताते चलें कि वे 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में बदनाम राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के अनगिनत केस लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' (अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक, एएनसी से अवाम की नाराजगी की वजह जुमा के कुशासन के कारण ही हुई थी।

बेशक, एक दौर में एएनसी के प्रति दक्षिण अफ्रीका के अवाम के मन में गहरा प्रेम मंडेला के कारण था। एएनसी को पिछले 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था। तब उसे देश की 60 फीसद जनता का भी समर्थन नहीं मिला था। तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे।

दक्षिण अफ्रीका हत्याओं के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है, देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल हो जाता है। जनता पुलिस की काहिली से बहुत नाराज है। बेरोजगारी, बिजली की बार-बार कटौती, पानी का संकट के स्थायी हल ना खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार से एएनसी को नुकसान ही हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका की जनता राष्ट्रपति रामाफोसा में मंडेला का अक्स देखती थी। पर वे भी जनता के मसलों को हल करने में नाकाम ही रहे। उन्होंने कुछ समय पहले एक भाषण में स्वीकार किया था, "भ्रष्टाचार ने हमारे लोकतंत्र को घायल कर दिया है और लोगों का हमारे संस्थानों में विश्वास हिला दिया है। अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। सबसे बड़ा नुकसान स्वयं लोकतंत्र में विश्वास के लिए होगा।"

दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए), का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए, डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ एक गठबंधन ब्लॉक बनाया है। कहने वाले कह रहे हैं कि डीए सत्ता पर काबिज हो सकती है। अगर सर्वेक्षणों पर विश्वास किया जाए, तो एएनसी को जरूरत पड़ने पर इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) या डीए के साथ गठबंधन बनाने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। डीए के नेता स्टीनहुइसन ने अपनी ओर से, एएनसी के साथ गठबंधन में जाने से इनकार नहीं किया है। यानी एएनसी और डीए भी मिलकर सरकार बना सकते हैं। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है जिसका नेतृत्व एएनसी के पूर्व युवा नेता जूलियस मालेमा करते हैं।

खैर, भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को और मित्र देश दक्षिण अफ्रीका में 2 जून को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद दोनों देशों में नई सरकारें बनेंगी। उम्मीद करनी चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार भारतवंशियों के हितों के हल तलाश करेगी। भारतीयों के बिना अधूरा है दक्षिण अफ्रीका। वहां के शिखर क्रिकेटर हाशिम आमला और केशव महाराज भारतीय मूल के ही हैं।

प्रसंगवश

सनातन धर्म का एक चेहरा

19 वीं सदी में हिंदू धर्म सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह और छुआछूत समाप्ति के बड़े सुधारों से गुजर रहा था। वह अपने नए आधुनिक गौरव की तरफ बढ़ रहा था, तभी 1885 में 'सनातन धर्म सभा' की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य हिंदू धर्म में चल रहे सुधारों का विरोध करना था और संरक्षणवाद को फैलाना था। यह दयानंद सरस्वती के आर्य समाज के भी विरोध में था और दलितों को छुआछूत से मुक्त करने के उनके अभियान के पक्ष में नहीं था। सनातन धर्म सभा के मुख्य कर्ताधर्ता एक संपन्न ब्राह्मण पुरोहित दीन दयालु थे। इस संगठन ने आगे चलकर गांधी के अछूतोद्धार कार्यक्रम का भी विरोध किया, पर उस दौर में उन सबका विरोध आंधी में पतंग उड़ाने जैसा था।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हिंदू धर्म में सुधारों का विरोध करने के उद्देश्य से ही 1902 में 'भारत धर्म महामंडल' की स्थापना की गई। ये सभी सनातनी संगठन उस दौर में विवेकानंद के विचारों के भी विरोधी थे। 1910 में छपी एक पुस्तिका 'भारत धर्म महामंडल रहस्य' में रूढ़िपोषक सनातन पंथियों की देशभक्ति का उदाहरण इस प्रकार है, 'परम दयालु परमेश्वर की कृपा से आर्य प्रजा को इस प्रकार की नीतिज्ञ और उदार गवर्नमेंट मिली है कि ऐसी गवर्नमेंट विदेशियों के हित के लिए विश्व भर में और कहीं देखने में नहीं आती।' रूढ़िपोषक सनातनपंथियों की एक बड़ी सीमा आर्यावर्त है, अर्थात उत्तर भारत को ही भारत समझने की है, जबकि भारत एक बड़ा देश है। निश्चय ही हिंदू धर्म सनातन धर्म से अधिक व्यापक है। हम अप्पर, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, सूर, मीरा, तुलसी, सहजोबाई, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, श्री अरविंद आदि को सनातनी नहीं कह सकते। स्पष्ट है कि सनातन धर्म के पुनरुत्थान में लगे लोग वस्तुतः जाति व्यवस्था और पितृसत्ता के तो कट्टर समर्थक हैं ही, ये भारत के स्वभाव से ही अनजान हैं। हम प्राचीन काल से ही 'नवोन्मेषशील सनातन' और 'जड़ांध सनातन' की दो धाराएं स्पष्ट देख सकते हैं। इसलिए इस समय सनातन को लेकर बढ़ रहे हुंकार को देश पर एक बड़े खतरे की घंटी के रूप में देखना चाहिए।

पर्यावरण विनाश का कारण बनते घातक हथियार

डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

> इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं।

विज्ञान एवं तकनीकी युग में आज मनुष्य एक ओर तो प्रकृति पर विजय प्राप्त करना चाहता है, कई वर्षों तक जीवित रहना चाहता है, बुढ़ापे को दूर भगाना चाहता है, जिंदगी को आराम दायक बनाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर अपनी बढ़ती महत्वाकांक्षा से चालित प्रकृति को जाने-अनजाने में तरह-तरह से हानि पहुंचा रहा है। साथ ही समय-समय पर विभिन्न देशों के मध्य होने वाले युद्ध, युद्धाभ्यास, आतंकी हमलों में प्रयुक्त घातक हथियार और उनकी टेस्टिंग जल (समुद्र), वायु, थल, नभ को बुरी तरह से प्रभावित कर रही हैं, प्रदूषित कर रही है। आजकल जो युद्ध हो रहे हैं, वे इतिहास की किताबों में दर्ज परंपरागत युद्ध जैसे नहीं हैं, जिनमें तलवार, धनुष और तोपखाने का उपयोग किया जाता हो। उन्नीसवीं शताब्दी से युद्ध में उपयोग होने वाले हथियार और सामग्री में बहुत बदलाव आया है। कंप्यूटरीकरण प्रणाली तथा सूचना तंत्र का उपयोग हथियारों में बढ़ा है। युद्धक विमान, मिसाइल, राकेट लांचर, तोप, बम और उनमें उपयोग होने वाले तरह-तरह के विस्फोटक और उनकी सटीक मारक क्षमता ने युद्ध को मनुष्य और पर्यावरण के लिए पहले से ज्यादा घातक और नुकसान दायक बना दिया है। उदाहरण के लिए लगभग पिछले दो वर्ष से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध में तरह-तरह के घातक हथियारों का उपयोग हो रहा है यथा-विस्फोटक हथियार जो अपने विखंडन, विस्फोटक, आगजनी के प्रभाव से प्रकृति और मानव को बेतहाशा नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरे रासायनिक हथियार (क्लोरोपिक्रिन जैसे दम घुटने वाले ऐजेंट आदि) जो मनुष्य सहित विभिन्न जीव-जंतुओं के फेफड़ों, आंखों, त्वचा में जलन पैदा करके तथा उल्टी, मतली, दस्त का कारण बन हथियार के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले हर व्यक्ति और जीवों को मौत के घाट उतार रहे हैं, इनका वनस्पतियों पर क्या प्रभाव पड़ा है, युद्ध समाप्ति पर होने वाले शोध से ही अवज्ञत हो सकेगा। कुछ हथियार ऐसे भी उपयोग में लाए जा रहे हैं जो आगजनी तथा धुआं फैला कर जन-धन को हानि पहुंचा रहे हैं (नेपान, थर्माइट, सफेद फास्फोरस आदि) तथा कुछ हथियार ऐसे हैं जिन्हें ईंधन वायु विस्फोटक (थर्मोबेरिक हथियार)कहा जाता है (एरोसोल बम या वैक्यूम बम) जो उच्च तापमान वाले विस्फोट को उत्पन्न करने के लिए हवा से आक्सीजन का उपयोग करते हैं। इन विस्फोटक से उत्पन्न गर्मी इंसान को झुलसा देती है। इसके घातक प्रभाव को देखते हुए इन हथियारों को गैर परमाणु हथियार में सबसे ख़तरनाक माना जाता है। परमाणु हथियार को अभी होल्ड पर रखा है जो बड़े क्षेत्र में सामुहिक विनाश का कारण बन सकता है। रुस-यूक्रेन युद्ध में इस विनाशक हथियार के उपयोग की आंशका बनी हुई है।

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं और युद्ध विराम के बाद भरपाई करने या यूं कहें युद्ध के पहले की स्थिति में लाने में वर्षों लग सकते हैं।

आज विश्व के देशों में गुटबाजी स्पष्ट दिखाई देती है। एक तरफ रूस, चीन, उत्तरी कोरिया जैसे देशों का समूह है तो दूसरी तरफ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे नाटों देशों का समूह है तो तीसरी ओर भारत जैसे वे देश है जो अभी किसी गुट में नहीं है तथा विश्व शांति के पक्ष में है और उन्हें अपने देश में पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास की रफ्तार को तेज करना है, विकसित राष्ट्र बनना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है तथा अपने नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। विश्व में कुछ ऐसे भी देश है जो सीधे तौर पर तो युद्ध में शामिल नहीं है पर युद्ध करने के लिए देशों को उकसा रहे हैं, उन्हें घातक हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं, शांति-वार्ता को किसी परिणामदायक स्थिति में पहुंचने से अप्रत्यक्ष रूप से रोक रहे हैं। वास्तव में युद्ध विराम न होना या यूं कहें युद्ध का लंबा खिंचना वर्तमान में चल रहे युद्ध और उससे उपजे पर्यावरणीय संकट की स्थिति को और भयावह बना रहा है, परमाणु हमले की आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ऐसा लगता है जिन देशों के मध्य युद्ध (ईजराइल-हमास,रुस-यूक्रेन आदि) जारी है वे शांति, युद्ध विराम जैसे शब्द अपने शब्दकोश से मिटा चुके हैं, उन्हें कराहती मानवता की आवाज सुनाई ही नहीं देती। जबकि युद्ध में संलग्न देशों को भलीभांति ज्ञात है कि आधुनिक घातक अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के जैविक घटकों (पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षी तथा मानव आदि) को बेतहाशा नुकसान पहुंचता है।

सोशल फोरम

कृत्रिमता का परिणाम

फ्लैटों ने हमें सुविधा तो दी है लेकिन हमारा बहुत कुछ छीन भी लिया है। न ऊपर आसमान अपना न नीचे धरती। वो बड़े बड़े आंगन, बरामदे और दालान वाले घर तो अब सपना हो गए। अब तो लोग खुले में सोते भी नजर नहीं आते। आधुनिक सुविधा के लालच ने इंसान को दड़बों तक सीमित कर दिया। अब पूरा जीवन दो से तीन कमरों के बीच सिमट कर रह जाता है। अब तक कि नौकरी पेशा जिंदगी भाड़े के घरों में कट गई। जहां अपनी मर्जी संभव नहीं थी। बचपन मे घर के आंगन में या ऊपर छत पर सोने का आनन्द लगभग भूल चुका था। सयुंक्त परिवारों में छत पर बिस्तर लगा रात को गप्पें मारने का भी एक अलग सुख होता था। पास पड़ोस के साथ उम्र के हिसाब से अलग अलग टोलियां बन जाती थी। आज कृत्रिम सुविधाओं की आदि देह भी अब ये सारे आनन्द भूल चुकी है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

16 साल पहले सासाराम में गर्मी में हम बाहर ही सोया करते थे। क्योंकि बिजली केवल 6-7 घंटे के लिए ही आती थी। इस कष्ट के बावजूद एक सुख भी था। प्रदूषण कम होने के कारण आकाश तारों से भरा दिखता था और पूर्णिमा की चांदनी तो ऐसी थी जैसे किसी ने छोटा बल्ब जला रखा हो। हम अक्सर रात का खाना मून लाइट में ही खाया करते थे।

इतने सालों में बढ़े प्रदूषण और शहर की जगमगाती लाइटों ने आकाश से तारों को ही गायब कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम रोशनी के बढ़ते उपयोग से पशुओं के स्वभाविक जीवन पर असर होता है और मानव शरीर को भी अनिद्रा, मधुमेह, मोटापा, डिप्रेशन, कैंसर और दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन डी के लिए अब हम सूरज के बजाय टैबलेटों की शरण में जाते हैं। जीवन में बढ़ती कृत्रिमता का परिणाम तो हमें भोगना ही होगा।

अलग किस्म के सुख और दुख हमारे चारों तरफ बिखरे पड़े हैं। अब ये हमारा चुनाव है कि अपनी मानसिकता अनुसार हम किसे दुख समझे और किसे सुख। देखा जाए तो हमारी पृथ्वी से अंधेरा भाग रहा है लेकिन ये हमारे लिए खुशी नहीं बल्कि दुख की बात है। खुशी की बात तब होती जब हमारे दिलों दिमाग पर छाया अंधेरा भागता।

-फेसबुक वॉल से

आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे चौधरी चरण सिंह

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

> 1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया।

देश की आजादी के शुरूआती दशकों में जनसंचार माध्यमों के पर्याप्त अभाव के बाद भी किसानों की लड़ाई लड़ने वाले नेता की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर किसान मसीहा के रुप में स्थापित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह समकालीन पीढ़ी के लिए उस दौर के अचंभित करने वाले नेता के तौर पर ही पहचाने जाते हैं। आज भी सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसानों के हक और हकूक की लड़ाई लड़ने वाले नेता के रूप में लोगों की जुबान पर बरबस चौधरी साहब का नाम सहज ही आ जाता है। उनके किसान हितैषी व्यक्तित्व का ही प्रभाव रहा कि मौजूदा भारत सरकार को चुनावी वर्ष में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उस महान धारा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना पड़ी।

चौधरी चरण सिंह आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे। लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में पहली बार उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में खेतिहर और ग्रामीणों के लिए पचास फीसदी आरक्षण की बात की। खेती-किसानी और नौजवानों के रोजगार को ही मुद्दा बनाते रहे। जहां एक ओर उन्होंने राजनीतिक भ्रष्टाचार से खुद को आजीवन बचाए रखा, वहीं दूसरी ओर अपने से जुड़े लोगों की शुचिता और साख के मजबूत बने रहने के लिए विशेष अनुशासन के नियम को बनाए रखा। चौधरी साहब के लेखन को पढ़ने और समझने से एक दृष्टि पैदा होती है कि कैसे राजनीति में रहते हुए चकाचौंध से दूर रह कर आमजन के हित का काम पूरी ईमानदारी से किया जा सकता है।

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया। इसी तरह 1964 में सुचेता कृपलानी की सरकार में बतौर कृषि मंत्री उन्होंने 'कृषक समाज' की स्थापना के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकि से जोड़ने का प्रयास शुरू किया। जिसे आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री बनने के बाद 'चकबंदी कानून' को अतिरिक्त मजबूत करते हुए किसान हित का ध्यान रखा।

23 दिसम्बर 1977 को केंद्र सरकार द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से निकाले जाने के विरोध में आयोजित किसान रैली के ऐतिहासिक भीड़ के विषय में जानकर तत्कालीन समय में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 1977 में जनता पार्टी की प्रथम बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था और किसान नीति की बेहतरी के लिए बनाए गई रिपोर्ट की चर्चा करते हुए उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर व्यय करने से लेकर 50 फीसदी गांवों के विकास पर खर्च करने का पक्ष उनके गांव-किसान से गंभीर जुड़ाव को ही दर्शाता है। किसान विकास योजनाओं में धन की पर्याप्त उपलब्धता करने के लिए उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान नाबार्ड का गठन किया, जिसकी सफलता आज भी निर्विवाद बनी हुई है। "मेरे सपनों के भारत" विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने पांच बिंदुओं पर अपनी बात कही थी कि प्राथमिक आवश्यकताएं सब की पूरी हो, ऐशो-आराम की चीजें नहीं। दूसरे सब को रोजगार मुहैया हो, तीसरे अमीरों और गरीबों में अंतर कम से कम होता जाए। चौथे यह कि हर आदमी ईमानदार हो अर्थात देश में भ्रष्टाचार ना हो और हर आदमी रोटी कमाने के काम में स्वतंत्र रहे, अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करता रहे। पांचवें यह कि हर आदमी अपने मुल्क को तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाने का स्वप्न देखे और एक यह भी कि भारत में ऊंच-नीच का भेदभाव बिल्कुल ना रहे। इसके साथ ही चौधरी साहब ने एक ठोस आर्थिक नीति का मॉडल प्रस्तुत किया जिससे देश की गरीबी और बदहाली को दूर करने का रास्ता सुझाया जा सके।

गांधीवादी परंपरा के चौधरी चरण सिंह अपने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत संपत्ति के आग्रह से पूरी तरह दूर रहे। चौधरी साहब के प्रिय शिष्य 1974 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में दो नौजवान छात्रनेता सतपाल मलिक और राजेंद्र चौधरी आज भी उस धारा के प्रकाश बिंदु के रूप में क्रमशः पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के रूप में उस वैचारिकी को जीवंत बनाए हुए हैं। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह किसानों के मुद्दों और उनका दखल एक दबाव समूह के रूप में उभरा है उसे चौधरी साहब की नीतियों के आधार पर समाजवादी विचार परंपरा के वाहक अखिलेश यादव राजनीति के केंद्र में बनाए हुए है। आज जब राजनीति व्यवसाय, विचारहीनता और पदलोलुपता के मकड़जाल में उलझता चला जा रहा है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह की याद बेपटरी हो चुकी राजनीति में एक प्रकाशपुंज की भांति प्रतीत होती है जिनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समृद्धि और समरसता कायम की जा सकती है। चौधरी साहब की पुण्यतिथि पर सबसे सच्ची श्रद्धांजलि उनके किसानोंन्मुख छवि पर आम जनता में विमर्श करते हुए किसानों की मूलभूत समस्याओं के विषय में मौलिक एवं सहज समाधान प्राप्त करने के माध्यम से किया जा सकता है।

विश्व में भुखमरी की स्थिति

> 2022में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023,में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ लोगों को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है।

विश्व में भूख दिवस यानी हंगर डे हर साल 28 मई को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2011 में की गई थी और उद्देश्य था भुखमरी को दूर करना। ताकि हर व्यक्ति को दो समय की रोटी मिल सके। उद्देश्य यह भी था कि आगामी 2030 तक विश्व पटल से भूखमरी समाप्त की जा सके किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार 820 मिलियन लोग अभी भी भूख, बीमारी और कुपोषण से ग्रस्त बने हुए हैं। मध्य अफ्रीकी देश और मेडागास्कर इस सूची में सबसे प्रभावित देशों में रखे गए हैं, इस विषय में हमारे देश की स्थिति बिल्कुल भी अच्छी नहीं। 2022 में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023, में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ गरीब जनता को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है। इस इंडेक्स के अनुसार पड़ोसी छोटे देश श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल भी बेहतर स्थिति में हैं। हालांकि भारत सरकार हंगर इंडेक्स के इन आंकड़ों को सही नही मान रही। परंतु यह एक विचारणीय विषय है कि इस स्थिति में सुधार कैसे किया जा सके। अब देखना है कि आने वाले दिनों में हमारे देश की स्थिति में कैसे सुधार होगा, देश की बड़ी आबादी को भुखमरी और कुपोषण की संख्या से निकालने के लिए अथक प्रयासों की जरूरत है ताकि देश हंगर इंडेक्स में बेहतर स्थान प्राप्त कर सके।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

चर्चित महिला इंस्पेक्टर 50 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

रंगदारी और आइटी एक्ट की आरोपी से एफआर लगाने के नाम पर मांगे दो लाख

संवाददाता, इस्लामनगर (बदायूं)

- एक लाख रुपये देने के बाद भी शेष एक लाख रुपये का दबाव बना रही थी इंस्पेक्टर क्राइम

अमृत विचार: एंटी करप्शन टीम ने थाने में 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते इंस्पेक्टर क्राइम को गिरफ्तार किया। उन्होंने रंगदारी, धमकाने और आइटी एक्ट की आरोपी और दुष्कर्म पीड़िता से मुकदमे में एफआर लगाने के बदले दो लाख रुपये की मांग की थी। पीड़िता ने एक लाख रुपये दे दिए थे लेकिन इंस्पेक्टर और एक लाख रुपये देने का दबाव बना रही थी। बिनावर थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

थाना उघैती क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 10 अप्रैल 2024 को थाना इस्लामनगर क्षेत्र निवासी रवेंद्र शर्मा पर दुष्कर्म और 40 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद रवेंद्र शर्मा की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने और आइटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसकी विवेचना थाना इस्लामनगर की इंस्पेक्टर क्राइम सिमरजीत कौर कर रही थीं। विवेचना के दौरान महिला के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिला जिसके चलते एफआर लगाने की तैयारी थी। इंस्पेक्टर सिमरजीत ने आरोपी महिला से एफआर लगाने के एवज में दो लाख रुपये की मांग की। महिला के अनुसार उसने एक लाख रुपये दे दिए थे लेकिन इंस्पेक्टर शेष एक लाख रुपये देने के बाद ही एफआर लगाने की बात कह रही थीं। परेशान महिला ने बरेली एंटी करप्शन में शिकायत की। एंटी करप्शन टीम ने योजना बनाई। मंगलवार को सीओ एंटी करप्शन यशपाल सिंह के नेतृत्व में टीम थाना इस्लामनगर पहुंची। महिला को 50 हजार रुपये लेकर थाने भेजा। जैसे ही इंस्पेक्टर सिमरजीत ने रुपये लिए टीम ने पकड़ लिया। अपराध निरीक्षक को थाना बिनावर ले जाया गया जहां उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अधिकारियों का कहना है कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

सिमरजीत कौर, इंस्पेक्टर क्राइम।

निठारी कांड में हुई थी बर्खास्त

इंस्पेक्टर सिमरनजीत कौर सब इंस्पेक्टर रहने के दौरान नोएडा के निठारी कांड में शिथिल विवेचना के चलते बर्खास्त की गई थी। करीब 8 साल बाद वह कोर्ट के आदेश पर बहाल हुई। कुछ दिन बरेली रही फिर चुनाव से पहले बदायूं भेज दिया गया था। तभी से इस्लामनगर थाने में इंस्पेक्टर क्राइम की जिम्मेदारी संभाल रही थीं।

> थाना इस्लामनगर की इंस्पेक्टर क्राइम को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा है। थाना बिनावर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा जाएगा।
>
> **– यशपाल सिंह, सीओ एंटी करप्शन, बरेली**

जेल निरीक्षण में अफसरों ने खंगाली आजम खां की बैरक

सीतापुर। जिला न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय ने डीएम-एसपी के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां की बैरक सहित अन्य बैरकों की खंगाला कर जमा तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार से किसी प्रकार की संदेहास्पद वस्तु नहीं मिली।

मंगलवार की शाम जिला न्यायाधीश मनोज कुमार ने डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा व सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह के साथ जिला कारागर पहुंचकर बंदियों से वार्ता की। निरीक्षण के दौरान महिला और पुरुष बंदियों से वार्ता कर अफसरों ने जेल मैनुअल और वहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बंदियों से वार्ता के बाद उनकी समस्याओं के निराकरण को लेकर जेल अफसरों को जिला जज ने निर्देशित किया। बैरकों के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने जेल में बंद आजम खां की बैरक को खंगाला। चेकिंग के दौरान अफसरों को कोई संदेहास्पद वस्तु नहीं मिली।

परवानों में गलती के चलते जमानत पर रिहा नहीं हो सकीं आजम की पत्नी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- 18 अक्टूबर 2023 को दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सुनाई थी सात साल की सजा

अमृत विचार : दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में हाईकोर्ट से कुछ रोज पहले डॉ. तजीन फात्मा,सपा नेता आजम खां, अब्दुल्ला आजम खां को जमानत मिल गई है। हालांकि अभी आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला का जेल से आने का तय नहीं हुआ है। लेकिन पूर्व सांसद डा. तजीन फात्मा का जमानत के बाद जेल से रिहा होने का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को परवानों में कुछ त्रुटि होने के कारण वह जेल से रिहा नहीं हो सकीं। हालांकि, सपाई देर शाम तक उनका जिला कारागार के गेट पर इंतजार करते रहे।

पूर्व सांसद डा. तजीन फात्मा की रिहाई का सोमवार को आदेश दाखिल कर दिया था। मंगलवार को सपाई शाम से जेल के बाहर इंतजार कर रहे,लेकिन परवानों में कुछ कमियां हो जाने के बाद मंगलवार को तजीन फात्मा जेल से रिहा नहीं हो सकीं। बता दें कि अब्दुल्ला के दो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने सपा नेता आजम खां, डा.तजीन फात्मा और अब्दुल्ला आजम खां को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रहा था। 18 अक्टूबर 2023 को कोर्ट ने तीनों को सात-सात साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद तीनों लोग अलग-अलग जेल में शिफ्ट कर दिए गए थे। डा. तजीन फात्मा रामपुर जिला कारागार में अपनी सजा काट रहीं थीं। इस मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जि सोमवार को आदेश को कोर्ट में दे दिया था और उसके बाद जमानती तस्दीक कराए गए थे। पूरी प्रकिया होने के बाद मंगलवार को परवाने जिला कारागार पहुंच गए। जहां जांच करने पर कुछ परवानों में नाम और धाराएं गलत हैं। जिसके बाद डा. तजीन फात्मा की रिहाई रुक गई। हालांकि, शाम से ही सपाई जिला कारागार के पास एकत्र होने लगे थे। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, यूसुफ मालिक, अदीब आजम, ओमेंद्र चौहान, राधेश्याम राही आदि शामिल थे।

डॉ. तजीन फात्मा।

> जिला कारागार को भेजे गए परवानों में कुछ नाम गलत हो गए हैं। वह कोर्ट से सही हो जाएंगे। उसके बाद जिला कारागार को भेज दिए जाएंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।
>
> **– जुबैर अहमद, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता**
>
> डॉ. तजीन फात्मा के कुछ परवानों में काफी कमियां हैं। जिस कारण से उनको नहीं छोड़ा गया है। बुधवार को दोबारा से परवाने सही होकर आएंगे।
>
> **– प्रशांत मौर्य, जेल अधीक्षक**

ट्रक में घुसी टेंपो, 3 महिलाओं की मौत

संवाददाता,नरैनी (बांदा)

- दुर्घटना में मरने वाली तीनों महिलाएं एक ही परिवार की
- हादसे में नौ गंभीर घायल, सात मेडिकल कॉलेज रेफर

अमृत विचार। बबूल की कटान लाद कर जा रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लेते ही पीछे से आ रहा टेंपो ट्रक के पीछे घुस जाने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई। जबकि हादसे में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से सात घायलों को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अंतर्गत धरमपुर थाना क्षेत्र के गांव अमरछी निवासी एक ही समुदाय के लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नसेनी गांव आ रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव के नजदीक नहर बंबा कलीम बोरिंग के पास जमवारा सहित कई क्षेत्रों की बबूल कटान लाद कर नरैनी की तरफ आ रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे से आ रही तेज रफ्तार टेंपो ट्रक के पीछे घुस गई। टेंपो सवार अमरछी निवासी समीना पत्नी महबूब (55), शिफा पुत्री महबूब (15), यूनुस (55) पुत्र यूनुस, नफीसा (45) पत्नी बाकर, नूर बीवी (30) पत्नी अकरम, वसीम का 7 वर्षीय पुत्र मुदस्सर, नवी खान का 42 वर्षीय पुत्र गौस मोहम्मद, हाजी मुस्तफा की 70 वर्षीय पत्नी मुन्नू बीबी, व इस्माइल की 45 वर्षीय पत्नी हाजरा गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर कोतवाली प्रभारी सुरेश सैनी, कस्बा इंचार्ज अनिल सिंह, कालिंजर, करतल पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां मुन्नू बीबी और हाजरा की मौत हो गई।

सीएचसी में मौजूद परिजन। अमृत विचार

दंपति को वाहन ने कुचला, मौत

शाहजहांपुर: वाहन की टक्कर से लखीमपुर खीरी के बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। युवक पत्नी को उसके मायके ले जा रहा था।

लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया के गांव पिराह निवासी सुरजीत कुमार(25) सोमवार शाम बाइक से पत्नी क्रांति कुमारी (22) को पीलीभीत के थाना पूरनपुर के भूपसिंह गुलड़िया स्थित उसके मायके ले जा रहे थे। क्रांति के पिता बीमार थे, दोनों उन्हें देखने जा रहे थे। पुवायां से दोनों बंडा के लिए चले। रात करीब नौ बजे बसंतापुर के पास सामने से किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात उधर से गुजरे एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों को बंडा सीएचसी लेकर पहुंची जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं क्रांति कुमारी ने देर रात दम तोड़ दिया।

महोबा की महिला के पेट से निकला ढाई किलो का बालों का गुच्छा

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- गर्भावस्था के दौरान पड़ी बाल खाने की आदत हुई जानलेवा

अमृत विचार। गर्भावस्था के दौरान एक महिला को बाल खाने की लत लग गई। हालत यह हो गई कि वह बच्चे को जन्म देने के बाद भी बाल खाती रही। जब पेट में दर्द बढ़ा तो वह सद्गुरु सेवा संघ के जानकीकुंड अस्पताल पहुंची। वहां अल्ट्रासाउंड होने पर पेट में बालों का गुच्छा होने की जानकारी हुई। आपरेशन हुआ और लगभग ढाई किलो बालों का गुच्छा निकला। अब वह स्वस्थ है।

मामला महोबा जिले की एक महिला का है। इसे परिजनों ने भीषण पेटदर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया था। दरअसल कुछ दिनों पहले इसने एक बच्चे को जन्म दिया था। इसके बाद भी पेट में दर्द रहने लगा तो परिजन जानकीकुंड अस्पताल लाए। यहां वरिष्ठ सर्जन डा. पूनम आडवाणी (निर्मला गेहानी) ने इसका इलाज शुरू किया। सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि जांचों में पेट में गांठ का मामला सामने आया। जब आपरेशन हुआ तो चिकित्सक तक दंग रह गए। महिला के आमाशय से लगभग ढाई किलो बालों का गुच्छा निकला। परिजनों ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिला को बाल खाने की आदत पड़ गई थी। हालत यह हुई कि बालों से उसका आमाशय पूरी तरह से भर गया था। उसे लगातार उल्टियां हो रही थीं और वह कुछ खा नहीं पा रही थी। अगर समय रहते यह अस्पताल न पहुंचती तो जान भी जा सकती थी। बहरहाल, आपरेशन के बाद महिला पूरी तरह स्वस्थ बताई जा रही है।

चिकित्सकों ने बताया कि बाल खाने के इस तरह के मामलों और बीमारी को ट्राइकोमेज्योर कहा जाता है। अक्सर गर्भावस्था के दौरान बाल खाने वाली महिलाएं कम उम्र की होती हैं।

महिला के पेट से निकला बालों का गुच्छा।

साले को नंगा कर पीटा वीडियो भी बनाई

बरेली: बारादरी क्षेत्र में एक युवक के घर में घुसकर जीजा ने एक युवती और छह साथियों के साथ मिलकर हमला बोल दिया। युवक का आरोप है कि सभी ने उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े उतरावकर वीडियो बनाई। पुलिस ने दो नामजद समेत छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्रीन पार्क निवासी प्रांशु के मुताबिक वह किराए के मकान में रहते हैं। आरोप है कि उनके बदायूं के डोलापुर दातागंज निवासी जीजा हेमपाल का किसी अन्य महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है, जिसका वह विरोध करते हैं। इसी रंजिश में हेमपाल 26 मई की रात करीब 12 बजे नेहा और छह अज्ञात लोगों के साथ उनके घर में घुस आया और मारपीट की।आरोप है कि सभी ने मिलकर उनकी पिटाई की और कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाई।

जाकिर हुसैन ट्रस्ट पंजीकरण के बिना चला रहा अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस हैं ट्रस्टी
- फार्मेसी में अवैध तरीके से दवाओं का भी भंडारण मिला

अमृत विचार। नवाबगंज में सड़क किनारे पड़ी मिली दवाइयों की जांच के संबंध में सीएमओ जाकिर हुसैन ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में जांच के दौरान सीएमओ ने पाया कि अस्पताल का पंजीकरण ही नहीं हुआ है। जिस ट्रस्ट द्वारा यह अस्पताल संचालित है, उसकी ट्रस्टी पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद हैं।

जाकिर हुसैन ट्रस्ट में बिना पंजीकरण के ही चिकित्सा संबंधी कई यूनिटों को संचालित हो रहा है। इसमें पैथोलॉजी यूनिट डायलिसिस यूनिट ,एक्स-रे यूनिट फॉर फार्मेसी यूनिट, रेडियोलाजी युनिट के कक्ष बने दिखे। वही मौके पर सीएमओ को कोई भी चिकित्सक या फार्मासिस्ट उपलब्ध नहीं मिला। फार्मेसी में एक कर्मचारी व एक कंप्यूटर ऑपरेटर सीएमओ को मौके पर मिला। फार्मेसी में अवैध तरीके से दवाओं का भी भंडारण मिला। सीएमओ ने मौजूद कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। सीएमओ को ट्रस्ट के परिसर में एक कांग्रेस का झंडा लगी गाड़ी भी खड़ी मिली।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि जांच के दौरान बिना पंजीकरण के जाकिर हुसैन ट्रस्ट में अस्पताल संचालित होता मिला है। कोई जिम्मेदार कर्मचारी या चिकित्सक मौके पर नहीं मिला है। संबंधित को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा और अस्पताल सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

धनखड़ कल कैंची धाम के करेंगे दर्शन

पंतनगर/हल्द्वानी: देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को नैनीताल जिले के दौरे पर पहुंच रहे हैं। उनका भवाली में कैंची धाम में बाबा नीब करौरी आश्रम में दर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसको लेकर पंतनगर एयरपोर्ट की निदेशक मोनिका गुप्ता डेम्बला ने बताया कि उपराष्ट्रपति धनखड़ के आने का कार्यक्रम उन्हें मिल गया है। इसके तहत उनका विमान बरेली, पंतनगर अथवा हल्द्वानी में लैंड हो सकता है। हालांकि इसकी पुष्टि आज अधिकारिक कार्यक्रम आने के बाद होगी। इधर, हल्द्वानी के सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उपराष्ट्रपति गुरुवार को कैंची धाम जा सकते हैं। विमान आर्मी कैंट में बने हेलीपैड पर उतर सकता है।

जगदीप धनखड़।

छात्रा पर एसिड अटैक के दो दोषियों को 20-20 वर्ष कैद

संवाददाता,बहराइच

- प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा
- अदालत ने एक-एक लाख के अर्थदंड से भी किया दंडित

अमृत विचार। नगर क्षेत्र के निवासी दो अभियुक्तों को नाबालिग बालिका पर एसिड फेंकने के आरोप में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने मंगलवार को 20/20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्तों को एक-एक लाख के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि 21 दिसंबर 2020 की शाम करीब सवा पांच बजे शहर के मोहल्ला चांदपुरा स्थित एक कोचिंग से पढ़कर 17 वर्षीय छात्रा घर जा रही थी। तभी दुलदुल हाउस के पास शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी ऐहतशाम उर्फ सद्दाम और थाना दरगाह शरीफ के गुल्लावीर कालोनी निवासी सुहेल उर्फ पीके बाबा ने छात्रा पर ज्वलनशील पदार्थ तेजाब फेंक दिया था। छात्रा के पिता ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना अधिकारी योगेंद्र कुमार ने घटना का नजरी नक्शा तैयार कर आरोपपत्र 19 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय को सौंपा था। वि प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा की कोर्ट ने साक्ष्यों का परीक्षण कर घटना में अभियुक्तगणों को दोषी करार देते हुए 17 मई 2024 को निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को कोर्ट ने अभियुक्तगणों की सजा पर अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अभियुक्तगणों को बीस-बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

सड़क पर बाघों में संघर्ष, सहमे राहगीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों के बीच आपसी संघर्ष में एक बाघ हुआ घायल
- डिप्टी डायरेक्टर ने टीम संग मौके पर संभाली कमान, बढ़ाई गई निगरानी

अमृत विचार: पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में मंगलवार सुबह दो बाघों के बीच आपसी संघर्ष हो गया। बाघों को भिड़ता और उनकी दहाड़ सुनकर राहगीरों में हड़कंप मच गया। जानकारी लगते ही डिप्टी डायरेक्टर ने टीम के साथ मौके पर कमान संभाली। बताते हैं कि संघर्ष में बाघों को चोट भी लगी है। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से टीमों को निगरानी के लिए लगाया गया है।

माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर मंगलवार सुबह रोजाना की तरह लोग आवाजाही कर रहे थे। मुस्तफाबाद एवं लालपुल के बीच मार्ग पर सुबह करीब नौ बजे अचानक दो बाघ अचानक आ पहुंचे। राहगीरों के मुताबिक इनमें से एक बाघ के खून टपक रहा था। मार्ग पर आते ही दोनों बाघ तेज दहाड़ के साथ आपस में भिड़ गए। बाघों को आपस में लड़ता देख मार्ग से गुजर रहे राहगीरों में दहशत फैल गई। मार्ग के दोनों ओर वाहन रुक गए। घटना की जानकारी क्षेत्रीय वनकर्मियों को मिली तो वह तत्काल मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रेस्क्यू ट्रैक्टर की सहायता से वनकर्मियों ने बमुश्किल बाघों को अलग किया। आपसी संघर्ष में बाघ घायल भी हो गए। बताते हैं कि इसमें एक बाघ तो मार्ग के किनारे ही बैठ गया, जबकि दूसरा बाघ मार्ग के किनारे-किनारे चलते हुए आगे की ओर चला गया।

माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर आपस में भिड़ते बाघ। संघर्ष के बाद जाता बाघ।

> जानकारी के बाद मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई। यह एक नेचुरल घटना है। टाइगरों के बीच ऐसा होता है। बाघों को थोड़ी चोट लगी है। टीमों द्वारा निगरानी की जा रही है।
>
> **– मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर**

एसएनसीयू में एक घंटे में दो बच्चियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला महिला अस्पताल में दोनों को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल की नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में भर्ती दो बच्चियों की मंगलवार को एक घंटे में मौत हो गई। चिकित्सकों के मुताबिक एक गंभीर सांस रोग से ग्रसित थी, जबकि दूसरी बच्ची का वजन काफी कम था। दोनों को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। एक ही दिन में दो बच्चियों की मौत से स्टाफ में खलबली मच गई।

फरीदपुर के गांव बकैनिया निवासी सचिन ने प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी सोनम को सोमवार दोपहर जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। रात में ही सामान्य प्रसव से जुड़वा बच्चे हुए। इनमें बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे एसएनसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। मंगलवार सुबह 10 बजे बच्ची ने दम तोड़ दिया। वहीं, बिथरी चैनपुर के गांव पदारथपुर निवासी ताहिर सैफी ने प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी निशा को नरियावल स्थित निजी अस्पताल में 12 दिन पहले भर्ती कराया था। यहां बच्ची का जन्म हुआ, लेकिन बाद में बच्ची की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने सात दिन पहले जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती कराया। जांच में बच्ची गंभीर सांस रोग से ग्रसित मिली। इलाज के दौरान मंगलवार सुबह 11 बजे बच्ची की सांसें थम गईं।

एक मां बेहोश तो दूसरी गोद में बच्ची को लेकर फूट-फूटकर रोई

- दो बच्चियों के परिजन एसएनसीयू के बाहर थे। बच्चियों की मौत की खबर मिली तो उनके परिजन बिलख पड़े। इस दौरान निशा बेहोश हो गईं। परिजनों ने उन्हें संभाला। जबकि सोनम बच्ची को गोद में लेकर फूट-फूटकर रोती रहीं। यह मंजर देख वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

सीएमएस बोले- दोनों बच्चियों की हालत थी गंभीर

- सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि एक बच्चे का प्रसव निजी अस्पताल में हुआ था। गंभीर हालत में उसे यहां भर्ती कराया गया था। परिजनों को हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी थी, लेकिन रेफर प्रक्रिया से पूर्व ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। दूसरे मामले में महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। बच्ची का वजन काफी कम था। तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया लेकिन बच्ची की मौत हो गई।

मां नयना देवी मंदिर का स्थापना दिवस मनाने की तैयारियां तेज

नैनीताल। मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से 15 जून को मंदिर का 141वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगलवार को पत्रकार वार्ता में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने बताया कि 7 जून से 15 जून तक मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम होंगे, जिसमें 7 जून ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को सुबह जल पूजन व कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे आरती व प्रसाद वितरण होगा, जिसके बाद 9 दिन तक हर रोज श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन पंडित मनोज कृष्ण जोशी की ओर से किया जाएगा। वहीं 11 जून को दोपहर में सुंदरकांड का पाठ होगा।

सुविधा | ढाई लाख रुपये की मशीन पर उद्यान विभाग दे रहा 80 प्रतिशत तक सब्सिडी

अब मोबाइल से घर बैठे कीजिए खेतों की सिंचाई

मृगांक मौली, पंतनगर

- स्मार्ट सिंचाई तकनीक बूंद-बूंद सिंचाई को ऑटोमेटिक करने में मदद करती है

अमृत विचार: अब किसानों को सिंचाई के लिए खेतों पर रहकर रात-रात भर जागने की जरूरत नहीं होगी। वह घर बैठे अपने मोबाइल के जरिए खेतों की सिंचाई कर सकेंगे। यह कारनामा यूके की एक कंपनी ने कर दिखाया है। भारत में यूके की इस कंपनी का कार्य देख रहे पंतनगर विवि के पूर्व छात्र हरिंदर सिंह ने बताया कि यह इरीगेशन ऑफ टेक्नोलॉजी बेस्ड मशीन है, जिसको मोबाइल से संचालित किया जा सकता है।

हरिंदर ने बताया कि स्मार्ट सिंचाई तकनीक बूंद-बूंद सिंचाई को ऑटोमेटिक करने में मदद करती है। यह मशीन खेत की मिट्टी की नमी को जांचकर उसमें आवश्यकतानुसार पानी की आपूर्ति करती है। इस मशीन को मोबाइल पर कनेक्ट कर लेने से किसान कहीं भी बैठकर मशीन को संचालित कर सकता है। इसके अलावा यह मशीन रिमोट सेंसिंग के माध्यम से फसलों के रोगों और मृदा के स्वास्थ्य का अंदाजा लगाने में भी मदद करती है। इस मशीन की कीमत करीब ढाई लाख रूपये है। जिस पर उद्यान विभाग 80 प्रतिशत तक सब्सिडी मुहैया करवा रहा है।

ऐसे काम करती है मशीन

- **पंतनगर :** इस तकनीक में मशीन को खेत के पास स्थापित कर सेंसरयुक्त इलेक्ट्रोड को खेत की मिट्टी में घुसा दिया जाता है। इसके बाद मशीन में मिट्टी की नमी की मात्रा सेट कर ट्यूबवेल के मोटर से कनेक्ट करना होता है। जैसे ही मिट्टी में नमी की मात्रा कम होती है, मशीन ट्यूबवेल का मोटर स्टार्ट कर देती है और सिंचाई प्रारंभ हो जाती है। जैसे ही मिट्टी में सेट निर्धारित नमी की मात्रा पूरी होती है, मशीन मोटर को बंद कर देती है।

किसानों का उत्थान एकमात्र लक्ष्य

- **पंतनगर :** जीबी पंत विवि से कृषि स्नातक हरिंदर ने बताया कि उन्होंने किसानों के उत्थान के लिए वर्ष 2020 में ट्रेड फार्मगुरु के सहयोग से रियैत ईकोफाम्स लिमिटेड नाम से स्टार्टअप शुरू किया था। कंपनी नानकमत्ता में एक ही छत के नीचे कई तकनीकी सेवाएं उपलब्ध करा रही है। यदि किसानों को मशीन का प्रदर्शन देखना हो या मशीन खरीदनी हो तो वह उनसे सितारगंज में संपर्क कर सकते हैं।

कमजोर संगठन के साथ बसपा के दांव से मुश्किल में कांग्रेस

देवरिया में चार दशक का सूखा खत्म करने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार । महान संत देवरहा बाबा की धरती देवरिया में चुनावी घमासान अब जीत-हार के दावों के बीच जातीय गुणा-भाग में बदल गया है। भाजपा के पास इस बार देवरिया लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही कांग्रेस के सामने 40 साल से बना सूखा समाप्त करने का मौका है। कांग्रेस को इस सीट पर आखिरी बार 1984 में जीत मिली थी। पार्टी कई चुनावों में चौथे नंबर पर पिछड़ती रही है। ऐसे में कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर ही टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव जाति के प्रत्याशी द्वारा की जा रही सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है।

देवरिया में सबसे बड़ा मुद्दा समस्या चीनी मिलों को चालू करना और बेरोजगारी है। बातचीत में लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याएं बताने के साथ बाढ़ से छुटकारा दिलाने के उपाय करने और रिंग रोड बनाए जाने की जरूरत बताते हैं। इसी तरह जनता के एजेंडे में नया जिला अस्पताल, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने जैसी मांगें भी हैं। पिछले दो चुनावों से यहां भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, शायद लोगों की इसी नाराजगी को भांपकर भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां अपने पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश के साथ कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

देवरिया में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी भले ही पहला चुनाव लड़ रहे हों, लेकिन उनका परिवार राजनीति से जुड़ा रहा है। शशांक के दादा विधान परिषद सदस्य और उनके चाचा विधायक रहे हैं, तो पिता लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त होने के बाद दो बार भाजपा से सांसद चुने जा चुके हैं। शशांक मणि पिछले काफी समय से क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए सक्रिय हैं। वह युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार दिलाने में आगे रहे हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। वह वर्ष 2012 में बांसगांव की रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। लेकिन उनके द्वारा इलाके में कराए गए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बसपा प्रत्याशी संदेश यादव जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं, जिस तरह सजातीय मतों में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं, उससे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप की मुसीबत बढ़ रही है। देवरिया सीट से 2019 के चुनाव में भाजपा के रमापति राम त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,80,644 मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से मैदान में उतरे बसपा के बिनोद कुमार जयसवाल ने 3,30,713 वोट पाए थे। कांग्रेस के नियाज अहमद खान को 51,056 वोट मिले थे। देवरिया लोकसभा सीट पर 17.54 लाख मतदाता हैं। इनमें इस सीट ब्राह्मण, राजपूत और कुर्मी वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं। लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 51 फीसदी ओबीसी वोटर हैं। करीब 13 फीसदी मुस्लिम वोटर माने जाते हैं। अनुसूचित जाति के वोटर 14 फीसदी से कुछ अधिक और अनुसूचित जनजाति के करीब तीन फीसदी वोटर गिने जाते हैं। सामान्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 19% के आसपास है।

शशांक मणि त्रिपाठी।


अखिलेश प्रताप सिंह।

- भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के सामने फंसे नजर आ रहे कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप

सभी पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था कमल

देवरिया लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें कुशीनगर जिले की तमकुही राज और फाजिल नगर भी शामिल है। देवरिया जिले की पथरदेवा, रामपुर कारखाना और देवरिया सीट हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

2014 में 51% वोट पाकर जीते थे कलराज

- 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नेता कलराज मिश्रा ने जीत हासिल की थी। उन्हें 4,96,500 (51.1%) वोट मिले थे। कलराज ने बसपा प्रत्याशी नियाज अहमद 2,65,386 (27.3%) मत को हराया था। तीसरे स्थान पर सपा के बलेश्वर यादव 1,50,852 (15.5%) वोट थे। कांग्रेस प्रत्याशी चौथे स्थान था।

सपा के सहारे भगवा गढ़ में जातीय घेरेबंदी

महाराजगंज लोकसभा सीट

अमृत विचार। गोरखपुर मंडल में आने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट से मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। इस बार उनका मुकाबला करने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में फरेंदा से जीते अपने विधायक वीरेंद्र चौधरी को उतारा है। महाराजगंज सीट से पंकज चौधरी भाजपा से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं और राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी माने जाते हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें पहली बार यहां से टिकट दिया था, इसके बाद से पार्टी अब तक नौ बार उन पर भरोसा जता चुकी है, जिसमें आधा दर्जन बार पंकज चौधरी ने कमल खिलाया है। साल 2014 को चुनाव में पंकज चौधरी को 44.65 और 2019 में 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। ऐसे में यहां चर्चाओं में भाजपा को एक बार फिर भारी माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस इस सीट को हल्के में नहीं ले रही है। वीरेंद्र चौधरी के नामांकन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा महासचिव शिवपाल सिंह मौजूद रहे थे।

पंकज चौधरी।

वीरेंद्र चौधरी।

- अब तक छह चुनाव जीत चुके केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को चुनौती दे पाएंगे कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी
- बसपा से किस्मत आजमा रहे मोहम्मद मौसमे आलम सपा-कांग्रेस गठबंधन की बढ़ा रहे मुश्किल

18% वोटों के अंतर से भाजपा ने पिछली बार सपा-बसपा का गठबंधन होने पर जीती थी सीट

चार विधानसभा सीटें भाजपा के पास

महाराजगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से चार पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों का कब्जा है तो एक सीट कांग्रेस के पास है।

2019 का परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	पंकज चौधरी	7,26,349	59.20
सपा	अखिलेश सिंह	3,85,925	31.45
कांग्रेस	सुप्रिया श्रीनेत	72,516	5.91
-	-	-	-

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	पंकज चौधरी	4,71,542	44.65
बसपा	काशी नाथ शुक्ल	2,31,084	21.88
सपा	अखिलेश सिंह	2,13,974	20.26
कांग्रेस	हर्ष वर्धन	57,193	5.42

दो चौधरी, असमंजस में कुर्मी वोटर

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की बहुलता है, जिनका एकमुश्त समर्थन पंकज चौधरी को मिलता रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी के चुनाव लड़ने के कारण कुर्मी मतों में बंटवारा होना तय माना जा रहा है। वीरेंद्र चौधरी अब तक पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण क्षेत्र में पहचान और प्रभाव रखते हैं। 2017 के चुनाव में वह मात्र दो हजार वोट से हार गए थे। इसके चलते इलाके में कुछ लोग इसे दो चौधरियों की जंग भी बता रहे हैं।

लेकिन इस लड़ाई में बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद मौसमे आलम पर दांव लगाकर इंडिया गठबंधन की चुनौती को कमजोर करने का प्रयास किया है। देवरिया सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 25% मतदाता हैं, इनमें कुर्मी वोटर 10% और यादव 9% गिने जाते हैं। अनसूचित जाति के 18% और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं की संख्या 17% है।

ब्राह्मण लगभग 8%, वैश्य और निषाद मतदाता 7-7 % तथा क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या लगभग 3% है। भाजपा और कांग्रेस दोनों तरफ से जातीय समीकरण साधने का प्रयास हो रहा है।

हिमाचल में दो मोर्चों पर छिड़ा चुनावी घमासान

सरकार का संघर्ष

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। यहां सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आ रहा है। भाजपा ने साल 2014 और 2019 के चुनाव में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था, पार्टी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी कमल खिलाने की पुरजोर कोशिश में लगी है, ताकि राज्य में कांग्रेस की सुक्खू सरकार के पतन का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटें हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और शिमला हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी चारों सीटें जीती थीं, लेकिन साल 2021 में मंडी सीट से भाजपा के सांसद रामस्वरूप शर्मा का निधन हो जाने के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जीत का परचम लहरा दिया था। इस बार प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का मुकाबला कर रहे हैं। मंडी सीट को राज्य की सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां अपनी प्रतिष्ठा लगा रखी है। बसपा ने मंडी में डॉ. प्रकाश चंद भारद्वाज को उतारा है। लेकिन सीधा और दिलचस्प संघर्ष भाजपा तथा कांग्रेस के बीच ही हो रहा है।

शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा के सुरेश कुमार कश्यप के सामने कांग्रेस से विनोद सुल्तानपुरी चुनाव लड़ रहे हैं। यहां बसपा से अनिल कुमार मंगेट प्रत्याशी हैं। हमीरपुर लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को कांग्रेस से सतपाल रायजादा चुनौती दे रहे हैं। यहां बसपा से हेमराज चुनावी मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक यहां अनुराग ठाकुर को कांग्रेस के मुकाबले बढ़त मानी जा रही है। राज्य की कांगड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज को दिग्गज कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। आनंद शर्मा पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। देर से टिकट घोषित होने के कारण पूरे क्षेत्र में प्रचार नहीं कर पाए हैं। यहां बसपा ने रेखा चौधरी पर दांव लगा रखा है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।

भाजपा नेता जयराम ठाकुर।

मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।

मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

- 2014 और 2019 में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में
- मंडी सीट पर कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह और भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मुकाबले पर सभी की नजर

कांग्रेस के लिए छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतना बेहद जरूरी

- हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के नेताओं की लोकसभा चुनाव से ज्यादा दिलचस्पी छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर दिख रही है। इसकी वजह यह है कि इन छह सीटों के परिणाम राज्य में सत्ता परिवर्तन या मौजूदा सरकार का भविष्य तय करेंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की बगावत की वजह से सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार संकट में फंस गई थी। प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के कारण राज्यसभा पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे और भाजपा के हर्ष महाजन को जीत मिली थी। बाद में विधानसभा के स्पीकर ने इन छह बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। इसी कारण इन न सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस के सभी बागी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और भाजपा ने इन्हें टिकट देकर कमल निशान से चुनावी मैदान में उतार रखा है। ऐसे में उपचुनाव वाली सभी सीटों पर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है, ताकि जीत हासिल करके सरकार पर आने वाला संकट टला जा सके।

सलेमपुर में बसपा की चुनौती से बना त्रिकोणीय संघर्ष

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। सलेमपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को मैदान में उतार कर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर से है। रमाशंकर राजभर साल 2009 में बीएसपी के टिकट पर सांसद चुने गए थे। लेकिन बसपा ने यहां भीम राजभर को चुनावी मैदान में उतार कर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर लोकसभा सीट पर पिछड़ी जातियों का दबदबा है। इसमें 32 प्रतिशत माने जाने वाले कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। यहां 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। अनुसूचित जाति के मतदाता 15 फीसदी हैं। साल 2019 के चुनाव में भाजपा के रवींद्र कुशवाहा ने 4.67 लाख वोट पाकर बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार और कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार मिश्रा को 27 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे। सलेमपुर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर भाजपा तथा समाजवादी पार्टी और सुभासपा ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी।

दीदी का रोड मार्च पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोलकता में सड़क मार्च करके टीएमसी समर्थकों में जीत का जोश भरा।

हम में है दम बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जनसभा करके वोट मांगे।

ओडिशा में सरकार बनाने के दावों से साधी दिल्ली की लड़ाई

6 सीटों का रण

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। ओडिशा में सातवें और अंतिम चरण में छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर के साथ इनसे संबंधित 42 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इस बार राज्य में बीजद और भाजपा दोनों ने सरकार बनाने के दावे के साथ सरकार गठन के शपथ ग्रहण के दिन की घोषणा भी कर रखी है। साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ सीटें जीती थीं, जबकि बीजद की सीटों की संख्या घटकर 12 रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में बीजद ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा एक ही सीट जीत पाई थी। सामान्यतया लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होने पर अधिकांश मौकों पर मतदाता एक ही पार्टी को चुनते रहे हैं, शायद यही वजह है कि भाजपा और बीजद लोकसभा चुनाव का प्रचार तो कर रहे हैं, लेकिन असली लड़ाई का मोर्चा विधानसभा चुनाव में खोल रखा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और उनके करीबी सहयोगी वीके पांडियन पर भाजपा खासी हमलावर है। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर चुनाव प्रचार में भाजपा का हर बड़ा नेता ओडिशा के गौरव और सम्मान का सवाल उठाकर यह आरोप लगाता रहा है कि एक तमिल बाबू ओडिशा में शासन कर रहे हैं। एक तमिल व्यक्ति ओडिशा पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर युवा उड़िया भाषी को मुख्यमंत्री बनाएगी।

- भाजपा और बीजद दोनों ने राज्य में सरकार के शपथ ग्रहण के दिन की कर रखी है घोषणा
- साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने लोकसभा की आठ और बीजद ने जीती थीं 12 सीटें

बालासोर में इस बार फिर हो रहा है त्रिकोणीय मुकाबला

- बालासोर में इस बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। यहां भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत कुमार जेना कर रहे हैं। यहां बीजद ने भाजपा से आईं लेखाश्री सामंतसिंघर पर दांव लगाया है। 2014 के चुनाव में बीजद उम्मीदवार ने 41.33 प्रतिशत वोट हासिल करेक भाजपा उम्मीदवार को हराया था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 41.79 प्रतिशत वोट पाकर बीजद को हराया था।

राष्ट्रपति मुर्मू के मयूरभंज में फिर जीतेगी भाजपा ?

- आदिवासी बहुल मयूरभंज लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से जानी जाती है। राष्ट्रपति का गृहनगर होने के नाते इस सीट पर हर किसी की नजर है। वर्तमान में यहां भाजपा सांसद बिश्वेश्वर टुडू हैं। लेकिन भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के विश्वासपात्र नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है, जो रायरंगपुर से विधायक हैं। रायरंगपुर सीट का राष्ट्रपति मुर्मू ने 2009 तक दो बार प्रतिनिधित्व किया था। बीजद ने मयूरभंज सीट पर सुदाम मारंडी को उतारा है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन की बेटी अंजलि सोरेन एक बार फिर किस्मत आजमा रही हैं। अंजिल 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ी थीं।

जाजपुर में बीजद और भाजपा का संघर्ष

- जाजपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने रवींद्र नारायण बेहरा और कांग्रेस ने आंचल दास को मैदान में उतारा है। 2019 में बीजद की शर्मिष्ठा सेठी ने 1,01,693 वोटों से सीट जीती थी। शर्मिष्ठा सेठी को 5,44,020 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के अमियकांता मलिक को हराया था।

ओडिशा वोट शेयर 2019 पार्टी	सीट	वोट %
बीजद	12	42.8
भाजपा	8	38.4
कांग्रेस	01	13.8

भद्रक में फिर से रोमांचक मुकाबले की तस्वीर

- भद्रक लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भद्रक से बीजद को जीत मिली थी। बीजद की मंजूलता मंडल ने भाजपा प्रत्याशी अविमन्यू सेठी को 28,803 मतों के अंतर से हरा दिया था। मंजूलता को 5,12,305 तो अविमन्यू सेठी को 4,83,502 वोट मिले थे। कांग्रेस की मधुमिता सेठी ने 2,07,811 वोट हासिल किए थे। भाजपा ने इस बार भी यहां बीजद सांसद मंजूलता मंडल के सामने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजद नेता अर्जुन चरण सेठी के बेटे अविमन्यु सेठी को ही मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस बार वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अनंत प्रसाद सेठी को मौका दिया है।

जगतसिंहपुर में भाजपा को पहली जीत की तलाश

- जगतसिंह पुर आरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद बिभू प्रसाद तराई, कांग्रेस के रवीन्द्र कुमार सेठी का मुकाबला बीजद की सांसद डॉ. राजश्री मल्लिक से हो रहा है। यहां भाजपा को अपनी पहली जीत की तलाश है। बीजद की राजश्री मल्लिक ने 2019 में चुनाव भाजपा के विभु प्रसाद तराई को हराया था। बीजद और भाजपा को क्रमशः 50.44% और 28.34% वोट मिले थे। 2014 में बीजद प्रत्याशी कुलमणि सामल इस सीट से जीते थे। उन्होंने तब कांग्रेस में रहे बिभू प्रसाद तराई को हराया था। कांग्रेस यहां 1998 से जीत के लिए तरस रही है।

एक नजर

आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट संचालित किए जा रहे हैं। 16 मार्च से 27 मई तक पुलिस विभाग ने आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। वहीं, 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,28,174 लोगों को पाबंद किए जाने के नोटिस किए गए, जिनमें से 26,82,469 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

निवेशकों के लंबित प्रकरणों पर शासन सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ समय सीमा निर्धारित कर मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भेजी गई

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता- 2006 की धारा- 80, 89, 98 एवं 101 के अंतर्गत तहसीलों और कलेक्ट्रेट से की जाने वाली कार्रवाइयों का समय से निस्तारण न होने से शासन सख्त हो गया है। शासन ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर इन मामलों का त्वरित निस्तारण कराने को कहा है। साथ ही पुनः समय सीमा निर्धारित की है। अधिकारियों का कहना है कि निस्तारण में देरी के कारण निवेश मित्र पोर्टल पर कई प्रकरण लंबित दिख रहे हैं, जिसके कारण निवेशकों और उद्यमियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

डीएम, एसडीएम इतने दिनों में निपटाएं मामले: राजस्व संहिता की धारा–80 का निस्तारण एसडीएम स्तर का अधिकारी करता है। निस्तारण की समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। धारा-89 का निस्तारण (20.2344 हेक्टेयर तक) जिलाधिकारी करता है। इसकी समय सीमा भी 45 दिन रखी गई है। शासन ने जिलाधिकारी के प्रस्ताव प्राप्त होने पर राजस्व परिषद एवं संबंधित विभाग की संस्तुति प्राप्त करने की प्रक्रिया (40.4688 हे.) के लिए 30 दिन निर्धारित किया है। धारा-98 के लिए (कलेक्टर की अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए) कुल 45 दिन निर्धारित किया है।

जबकि धारा-101 के (सामान्य श्रेणी की भूमि) निस्तारण के लिए एसडीएम के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा आरक्षित श्रेणी की भूमि के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। मंडलायुक्तों को निर्देश है कि धारा-101 (आरक्षित श्रेणी की भूमि) के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार के वाणिज्यिक विभाग के लिए 40 लाख से अधिक की वस्तु की अनुज्ञा के लिए 60 दिन तथा निजी उद्योगों, संस्था एवं न्यास के लिए भी 60 दिन निर्धारित किया गया है।

30 दिनों में हो निर्णय

आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास में धारा–80 के अंतर्गत कार्रवाही को लेकर निर्देश दिया गया कि इन विभागों में अनापत्ति के लिए 30 दिन की समय निर्धारित किया गया है। तीन दिनों के भीतर आपत्ति अथवा अनापत्ति का निर्णय नहीं होने की स्थित में इसे डीम्ड टू नो आब्जेक्शन मानकर निस्तारित कर दिया जाएगा।

बीमा कंपनी देगी 35 लाख रुपये क्लेम, ब्याज भी

अमृत विचार, लखनऊ : आर्मी साइकिल स्टोर, शाहजहांपुर रोड नकटिया बरेली में आग लगने पर चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी बीमाधारक को 60 दिन में 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति व ब्याज देगी। साथ ही 2.52 लाख रुपये हर्जाना भी अदा करेगी।

यह आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कंपनी द्वारा निरस्त की गई अपील पर दिया है।प्रोपराइट जयदेवी पत्नी स्व. सुखदेव सिंह ने 21 मई 2017 को अपने आर्मी साइकिल स्टोर का कंपनी से बीमा कराया था। बीमित राशि 65.42 लाख रुपये थी।

इंटर कॉलेजों में शुरू होगी करियर काउंसिलिंग क्लास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ छात्रों को बेहतर करियर के लिए किया जायेगा गाइड

अमृत विचार: सरकारी इंटर कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों के लिए अब करियर काउंसिलिंग क्लास भी आयोजित की जायेगी। जिसमें 12वीं के बच्चों को बताया जायेगा कि वह इंटर के बाद किस करियर को चुने या फिर आगे की पढ़ाई के लिए क्या करें। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी कॉलेजों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। छात्र भी शिक्षकों से करियर को लेकर अपनी जिज्ञासा को दूर कर सकेंगे। कई बार छात्रों को 12वीं की पढ़ाई के बाद नहीं पता होता है कि उन्हें क्या करना है, इसको ध्यान में रखते हुए ये क्लास शुरू की जायेगी। निदेशालय की ओर से इस बारे में भी जिला विद्यालय निरीक्षकों और संयुक्त शिक्षा निदेशकों को आदेश जारी किए गये हैं कि हर सरकारी विद्यालय में इसका कड़ाई से पालन कराया जाए।

न्याय के लिए ग्रामीणों की नहीं घिसेगी चप्पल

तहसील स्तर पर ग्राम न्यायालय बनाकर शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने की कवायद

अजय दयाल, लखनऊ

▸▸ नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने रखा मील का पत्थर

▸▸ पीड़ित को इंसाफ पाने के लिए गांव से दूर स्थित अदालत नहीं जाने की पड़ेगी जरूरत

▸▸ विशेष मौके पर मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी होगी संबंधित गांव की सुनवाई

अमृत विचार: न्याय की आस में अब पीड़ित ग्रामीणों की शहर की अदालतों में चक्कर लगाते-लगाते चप्पल नहीं घिसेगी। गांव में ही तहसील व पंचायत स्तर पर बने ग्राम न्यायालय में उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जा रही है। किसी भी सूरत में छह माह की समय सीमा में वाद का निपटारा कर दिया जाएगा। ऐसे में घर बैठे ग्रामीणों को त्वरित और सुगम न्याय मिलेगा। हाल ही में नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने इस दिशा में मील का पत्थर रख दिया है।

दरअसल, शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 पारित किया था। इसके लिए सरकार ने सभी राज्यों को निर्देशित भी किया था। इनको तहसील स्तर पर बनाने का प्रावधान था। इसी कड़ी में लगभग डेढ़ दशक बाद ही सही अब तेजी से गांव स्तर पर एक के बाद बाद कोर्ट स्थापित किए जा रहे हैं। 22 मई को नौ जिलों के तहसील मुख्यालयों पर स्थापित गांव न्यायालय में न्यायाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारी हैं।

वहीं ग्राम न्यायालयों में दीवानी मामलों में आपसी समझौतों और फौजदारी मामलों में 'प्ली बार्गेनिंग' के माध्यम से मामलों का निपटारा करने की व्यवस्था भी की गई है।

मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा

इस कवायद के पीछे उद्देश्य यह है कि किसी भी ग्रामीण को आर्थिक, सामाजिक या किसी और कारण से न्याय से वंचित न रहना पड़े। इससे जिला स्तरीय अदालतों पर मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा और लंबित पड़े मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी। साथ ही किसी पीड़ित को इंसाफ पाने के लिए घर से बहुत दूर बने अदालतों के चक्कर नहीं लगना पड़ेंगे।

इन न्यायाधिकारियों को किया गया नियुक्त

तहसील मुख्यालय बिल्सी (बदायूं) में अर्जित वर्मा, चकरनगर (इटावा) में रजत शर्मा, जखनिया (गाजीपुर) में जीशान मेहदी, कैम्पियरगंज (गोरखपुर) में दीक्षा त्यागी, शाहगंज (जौनपुर) में विपिन कुमार चौरसिया, बदलापुर (जौनपुर) में आशुतोष सिंह, मरिहान (मीरजापुर) में प्रीति द्वितीय, बिलारी (मुरादाबाद) में अशोक कुमार–चतुर्दश और बिलासपुर (रामपुर) में कु. श्वेता को नियुक्त किया गया है। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग से हैं।

इस तरह और ऐसे मामलों की हो सकेगी सुनवाई

ग्रामीण न्यायालय की स्थापना की मंशा लोगों के घर तक न्याय को पहुंचाने की है। इतना ही नहीं, उद्देश्य होगा कि त्वरित व सुलभता से न्याय मिल सके। खास बात यह कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी संबंधित गांव में विशेष मौके पर सुनवाई हो सकेगी। हालांकि ग्राम न्यायालयों में सिर्फ उन्ही मामलों की सुनवाई की जाएगी जिनमें अधिकतम सज़ा दो वर्ष का कारावास (जुर्माने के साथ या बगैर) या इससे कम हो, अपराध क्षमायोग्य हो आदि। इस इसके अलावा इस कोर्ट में बिजली चोरी, 125–सीआर पीसी, बाइक चालान सहित सिविल केस आदि की सुनवाई भी की जा सकेगी।

जीएनएम एकीकृत प्रवेश परीक्षा शासन के लिए बनी समस्या

ग्राम पंचायत स्तर पर न्यायालयों की तक पहुंच से लोगों के लिये समय और धन की बचत होगी। लंबित मामलों में एक बड़ी संख्या उन मामलों की भी है जिनका आपसी सुलह या मध्यस्थता से निस्तारण किया जा सकता है, ग्राम न्यायालयों के गठन से ऐसे मामलों में भारी कमी आएगी। जनता में विधि व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

–राघवेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता, फखरपुर, बहराइच

न्यायाधिकारियों की ग्रामीण स्तर पर नियुक्तियां करने के साथ उनकी व्यवहारिक सुविधाओं और सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। उनके आवागमन और रहने के स्थान की क्या व्यवस्था होगी। **–शैलेन्द्र टंडन, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, लखनऊ**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: जनरल नर्स मिडवाइफरी (जीएनएम) कोर्स में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लेने के निर्णय के खिलाफ नर्सिंग कॉलेजों की आपत्तियां दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। आनन-फानन में नर्सिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए एकीकृत प्रवेश परीक्षा कराने के निर्णय के खिलाफ शासन प्रशासन में शिकायतों का पुलिंदा बढ़ता जा रहा है। इस प्रक्रिया को लागू न करने के पीछे कॉलेजों द्वारा अपने-अपने तर्क भी दिये जा रहे हैं।

आपत्ति दर्ज कराने वालों में बरेली स्थित चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के सुधांशु मिश्रा का कहना है कि मिशन निरामया के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग व जीएनएम आदि पाठ्यक्रमों के प्रति लड़कियों में आकर्षण बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर हम मेंटर को विभिन्न इंटर कॉलेजों में भेजा गया था। हम लोगों ने नर्सिंग पाठ्यक्रम की उपयोगिता और उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को लेकर काउंसिलिंग की थी, दाखिले के लिए छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बताया था कि 12 वीं के प्राप्तांक की मेरिट से लिए जाते हैं, उसी को आधार पर फार्म देकर कॉलेज स्तर पर रजिस्ट्रेशन किये गए थे।

प्रवेश परीक्षा का औचित्य नहीं

प्रवेश परीक्षा के औचित्य पर सवाल उठाते हुए सुधांशु मिश्रा ने बताया कि वर्तमान सरकार में 10 वीं व 12 वीं परीक्षाएं नकल विहीन हो चुकी हैं, यानि शिक्षित बच्चे ही उत्तीर्ण हो रहे हैं, ऐसे में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा कराने से छात्र–छात्राओं की योग्यता के साथ ही कॉलेजों में आवंटित सीटों पर शत–प्रतिशत दाखिले होने पर भी संकट गहरा जायेगा, गत वर्ष नई व्यवस्था से बीएससी नर्सिंग में सीटे खाली रह जाने का परिणाम भुगत रहे हैं।

दो साल पहले जारी करें गाइड लाइन

कॉलेज प्रबन्धक का कहना है कि अगर दाखिले के लिए नई नीति लागू करनी है तो को सत्र शुरू करने के कम से कम दो साल पहले ही गाइड लाइन के साथ सूचना जारी कर देनी चाहिए, ताकि कॉलेज प्रबन्धन के साथ छात्र और अभिभावक भी मानसिक रूप से तैयार रहें।

शासन के निर्णय से बनी असमंजस की स्थिति

दाखिले को लेकर नई नीति की जानकारी न ही उप्र .स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर दी गई और न ही कॉलेज प्रबन्धकों को पत्राचार द्वारा सूचित किया गया है। समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी से दाखिला ले चुके छात्र के साथ ही अभिभावक परेशान हैं और लगातार नर्सिंग कॉलेज प्रबन्धक व प्रधानाचार्यो से संपर्क कर रहे हैं, जबकि कॉलेज प्रशासन के पास भी संबन्धित स्पष्ट और समुचित जानकारी नहीं है। असमंजस की इस स्थिति खत्म नहीं हो रही है।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से रुकी मेट्रो

अमृत विचार, लखनऊ: बिजली आपूर्ति बाधित होने से मंगलवार को दोपहर 3:15 मिनट पर हनुमान सेतु के पास दो मिनट के लिए मेट्रो के पहिए थम गए। इसका वीडिओ भी सामने आया है। मेट्रो की तरफ से ज्येष्ठ के मंगल को यात्रियों से मेट्रो से यात्रा करने की अपील की गई थी।

लखनऊ मेट्रो के पीआरओ पंचानन मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की बिजली आपूर्ति बाधित होने से समस्या उत्पन्न हुई। दो मिनट मेट्रो का संचालन रुका था। मेट्रो रुकने के अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है।

गाजीपुर: न विकास, न रोजगार, यहां मुद्दा है मुख्तार

विनय सिंह, लखनऊ

▸▸ मौत के दो महीने बाद भी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है मुख्तार अंसारी

अमृत विचार: छह चरणों का चुनाव समाप्त हुआ अब पहली जून को सातवें चरण का चुनाव होना है। सातवें चरण की सबसे हॉट सीट गाजीपुर इस समय सर्वाधिक चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पर मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

यह सीट चर्चा का विषय इसलिए भी है, क्योंकि गाजीपुर मुख्तार अंसारी का गढ़ रहा है। इस चुनाव में मुख्तार अंसारी की मौत को विक्टिम के रूप में दर्शा कर वोटों की फसल काटने का भी प्रयास हो रहा है। हालांकि भाजपा मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए अपने लक्षित वोटों पर निशाना साध रही है। खासबात यह है कि अपनी मौत को दो महीने बाद भी मुख्तार अंसारी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है। विकास अथवा रोजगार यहां मुद्दा नहीं है।

गाजीपुर संसदीय सीट पर चल रहा चुनाव प्रचार चरम पर है। आश्चर्य की बात यह है कि यहां पर विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर चर्चा ही नहीं हो रही। यहां पर चर्चा सिर्फ मुख्तार अंसारी की है।

भाजपा भी जोर-शोर से दे रही है जवाब

मुख्तार अंसारी को लेकर इंडी गठबंधन की ओर से विक्टिम कार्ड भी खेला जा रहा है। गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को भाजपा की ज्यादती बताकर वोट मांग रही है। उधर, मुख्तार की मौत का जवाब भाजपा भी जोर–शोर से दे रही है। कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए वोट मांग रहे हैं। मुख्तार की मौत सही अथवा गलत, इस सोंच पर मतदाता दो भागों में बंट गए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि गाजीपुर के विकास लिए केंद्र की वर्तमान सरकार अथवा पूर्व की सरकारों ने क्या किया, क्या नहीं किया, यह चर्चा का विषय ही नहीं है। रोजगार जैसा सार्वभौमिक मुद्दा भी यहीं पर नहीं गूंज रहा है। यह अलग बात है कि चुनाव प्रचार के लिए गाजीपुर पहुंचने वाले भाजपा और इंडी गठबंधन के बड़े नेता इन मुद्दों को जरूर अपने–अपने भाषणों में शामिल करते हैं। अब प्रत्याशी की जीत ही बताएगी कि मुख्तार का मुद्दा प्रासंगिक था य जनता ने इस मुद्दे को नकार दिया।

स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे सरकारी विद्यालयों के छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ समग्र शिक्षा के अन्तर्गत स्मार्ट क्लास के लिए बीईओ और एसआरजी को दिया गया प्रशिक्षण

अमृत विचार: सरकारी प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों सहित कस्तूरबा गांधी बालिक विद्यालय के बच्चे अब डिजिटल प्रणाली के तहत स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे। बच्चे जब गर्मियों की छुट्टी के बाद अपने स्कूल पहुंचेंगे तो उन्हें अपनी कक्षा में एक बड़े टीवी स्क्रीन की तरह इन्ट्रैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले उपकरण दिखाई पड़ेगा। शिक्षक बच्चों को इसी के माध्यम से पढ़ायेंगे।

मंगलवार को आईसीटी आधारित तकनीकि प्राविधि विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी और एसआरजी को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि किस तरह से डिजिटल बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया जा सकता है। प्रशिक्षण की शुरूआत शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा व अपर राज्य परियोजना निदेशक मधुसुदन हुल्गी, प्रोजक्ट डायरेक्टर रॉबिन सरकार ने की।

इस दौरान एससीईआरटी के निदेशक गणेश कुमार, संयुक्त निदेशक पवन सचान, पुष्पा रंजन, सहायक उप शिक्षा निदेशक, प्रशिक्षण, दीपा तिवारी, सहायक शिक्षा निदेशक, डायट् प्राचार्य अजय कुमार सिंह, शिव नाडर फाउण्डेशन से प्रोजेक्ट डायरेक्टर रॉबिन सरकार, एजीएम मंयक सिन्हा, मुख्य प्रशिक्षक प्रीति शर्मा भी उपस्थित रहे।

अब जिले स्तर पर शिक्षकों को करना होगा प्रशिक्षित : प्रशिक्षण में मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी और एसआरजी विद्यालयों में जाकर शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेंगे। ताकि बच्चों को आसानी से डिजिटल बोर्ड के जरिए शिक्षा प्रदान की जा सके।

एनईपी के तहत बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाने का लक्ष्य: विद्यालयों में आईसीटी आधारित स्मार्ट क्लास स्थापित करने की दिशा में इन्ट्रैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले उपकरण विद्यालयों को वितरित किया जा रहा है। इसके माध्यम से कक्षा 1 से 8 तक के विधार्थियों को डिजिटल प्रणाली से शिक्षा दी जाएगी। ताकि बच्चे रोचक एवं प्रभावी ढंग से पढ़तें हुए कक्षावार अधिगम दक्षता को निरन्तर प्राप्त करते रहे।

वर्ग पहेली-84

बाएं से दाएं

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल–चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

ऊपर से नीचे

1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है।



वर्ग पहेली -83 का हल

1 श	रा	स	न			2 पु
				3 बं	द	नी
		4 ब		दा		ता
	5 म	हा	ज	न		
6 दं	दा	ना		7 वा	क	या
	र			ज़		
		8 खा	टी		9 धे	री

सुडोकू -163

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1			4			
6								
	2							8
8				7				4
								9
	4				5			

सुडोकू -162 का हल

1	2	3	4	8	5	9	6	7
7	8	5	9	2	6	4	3	1
6	4	9	7	1	3	2	8	5
5	3	1	6	9	8	7	4	2
9	6	2	5	4	7	8	1	3
8	7	4	1	3	2	5	9	6
3	5	7	8	6	4	1	2	9
2	1	8	3	7	9	6	5	4
4	9	6	2	5	1	3	7	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मई बुधवार 2024 संवत–2081,शक संवत 1946 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–पष्ठी 13 .39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–ग्रीष्म।
चन्द्रबल–मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–श्रवण 08 .38 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष – आज कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने को लेकर आप काफी प्रतिबद्ध रहेंगे। रक्तचाप के रोगी अपनी सेहत का ध्यान रखें। अधिकारी वर्ग की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है। यदि विदेश में नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आज का दिन काफी अनुकूल रहेगा।

वृष – आज धार्मिक कृत्यों का दिखावा करने से बचें। पिता को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। कृषि से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। स्थान–परिवर्तन की योजना बना सकते हैं। कारोबार में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

मिथुन – आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। पैर में चोट लगने की आशंका है। आपको नौकरी में बदलाव करने की जरूरत महसूस होगी, किन्तु यह समय किसी निर्णय लेने का नहीं है।

कर्क – आज व्यवसाय में बदलाव के लिए प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। अटके हुए मामलों को सुलझाने में लगे हुए होंगे। बुजुर्ग लोगों की बातों का बुरा न मानें। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

सिंह – आज सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। सेहत को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न करें। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन आप स्थितियों को अपने नियंत्रण में लाने में भी सफल रहेंगे।

कन्या – आज आपको प्रेम संबंधों में परेशानियों का अनुभव होगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ कन्फ्यूज हो सकता है। जीवनसाथी आपसे प्रेम की अपेक्षा रखेगा। किन्तु आपकी व्यस्तता काफी ज्यादा होगी। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें।

तुला – आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे। परिस्थितियां आपके लिए कुछ कठिन रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारियों को लेकर आपके मन में रोष रहेगा। आय के दूसरे विकल्पों पर आप काम करेंगे। नकारात्मक प्रकृति के लोगों से दूरी बनाकर रखें।

वृश्चिक – आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो उसकी तैयारी अच्छी रखें। आप जल्दबाजी में कुछ सामान भूल सकते हैं। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की सम्भावना है।

धनु – आज आपकी अपेक्षाओं पर लोग खरे नहीं उतरेंगे। प्रेम संबंधों में तनाव होने की आशंका है। यदि आप धैर्यवान रहते हैं तो आप सम्पत्ति विवादों को सुलझा सकते हैं। ज्यादा धूप और गर्मी में निकलने से बचें। शरीर में पोषक तत्वों की कमी देखने को मिल सकती है।

मकर – आज शेयर मार्केट के माध्यम से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। मित्रों के सहयोग से आप कई रुके हुए कार्य करवा सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारी आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है।

कुंभ – आज परिवार में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। नशे जैसी गंदी आदतों से जितना हो सके दूर रहें। इससे आपकी छवि बुरी तरह से खराब हो सकती है। शान्तिपूर्वक समय निकालना बुद्धिमता होगी। शाम को आप मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे।

मीन – आज आप दिन भर आराम करना पसन्द करेंगे। धार्मिक विषयों पर आप लोगों को काफी सहायता दे सकते हैं। व्यवसाय में विस्तार करने में सफलता मिलेगी। भाई–बहनों को लेकर परेशानी दूर होगी। सन्तान के व्यवहार से आप प्रसन्न रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खिलाड़ी 1992 – सुबह : 11.42
- बधाई हो बधाई – शाम : 06 .23

&pictures
- फुकरे रिटर्न्स – सुबह : 10 .50
- रश्मी रॉकेट – रात : 08 .00

SONY PIX
- बेबी ड्राइवर – सुबह : 08 .49
- हैनकॉक – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- अटैक 2016 – सुबह : 10 .25
- राम लखन – रात : 08 .30

colors CINEPLEX
- दोस्ताना – सुबह : 11 .57
- आंखे – रात : 08 .46

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मां – बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है
बेटी – मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां – बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होके – हां मां बहुत पसंद है
मां – तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू– "राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई . . .इस गाने का क्या मतलब है?
मिंटू– इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6200-6400
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-11000
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8000-8100

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	17600-17700
अरहरस्पेशल1	14900-15000
चनादाल	8200-8300
मटरदाल	5000-5100
मसूरमलका	7400-7450
मसूरदाल	7600-7650
उड़ददाल	9000-13000
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8800-9800
मूँग धोवा	9700-11000

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1325-1350

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5600-5800
अलसी	4500-4600 रुपये।

चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान: एसबीआई

बैंक ने रिपोर्ट में समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के 8 प्रतिशत रहने की जताई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

एसबीआई के ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री डॉ.सौम्य कांति घोष ने आज जारी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जबकि एसबीआई ने इसके 7.4 प्रतिशत रहने और मार्च 2024 के समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई है। उसने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 7.5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान जताया है जबकि आरबीआई इसके सात प्रतिशत रहने की बात पहले की कह चुकी है। उसने कहा है कि 30 उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ इन-हाउस विकसित एसबीआई आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (एएनएन) मॉडल चौथी तिमाही जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का संकेत दे रहा है। प्रमुख संकेतक शहरी/ग्रामीण परिदृश्य में निरपेक्ष विकास की प्रवृत्ति दिखाते हैं, हालांकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुई है। जनवरी 24 से संकेतकों का प्रतिशत 80 से ऊपर बना हुआ है, शहरी संकेतकों ने हाल के महीनों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।

भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत

भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाओं के जोखिमों के बावजूद आशावाद आगे चलकर अशांत प्रतिकूल परिस्थितियों में बदल सकता है। इसके अलावा, अच्छे दिनों के अग्रदूत के रूप में, सामान्य से ऊपर मानसून दालों, तिलहन और अनाज की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2024 के मानसून सीजन के उत्तरार्ध के दौरान ला नीना विकसित होने की उम्मीद है, जबकि हिंद महासागर डिपोल (आईओडी) सकारात्मक होने की उम्मीद है, जो दोनों ही अच्छे मानसून का संकेत देते हैं। कॉर्पोरेट भारत ने मजबूत आंकड़े दर्ज करना जारी रखा, हालांकि बैलेंस शीट की मजबूती के लंबे तिमाही दौर के बाद लाभप्रदता पर कुछ दबाव सामने आया।

वर्ष 2024-25 में बैंकों की ऋण वृद्धि घटकर 14 प्रतिशत रह जाएगी

मुंबई। देश की बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दो प्रतिशत घटकर 14 प्रतिशत हो सकती है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत थी।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, इस मंदी से वित्त वर्ष 2024-25 में (सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी वृद्धि दर भी घटकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6 प्रतिशत थी। क्रिसिल ने कहा कि धीमी जमा अभिवृद्धि ऋण वृद्धि पर नियंत्रण रख सकती है। हालांकि एजेंसी ने माना कि पिछले वर्ष जमा और ऋण वृद्धि के बीच का अंतर कम हुआ है। एजेंसी ने कहा-इस राजकोषीय वृद्धि को उच्च आधार प्रभाव, जोखिम भार में संशोधन और कुछ हद तक कम सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि से नियंत्रित किया जाएगा।

केएएल एयरवेज, कलानिधि के किए गए दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **स्पाइसजेट ने नुकसान के दावे को बताया निराधार**

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के दावे निराधार हैं और इनका कोई कानूनी औचित्य नहीं है। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा था कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे। साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे।

स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह केएएल एयरवेज और मारन द्वारा 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने के दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। विमानन कंपनी ने कहा-इन दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। वे मध्यस्थ न्यायाधिकरण और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज किए गए दावों को दोहरा रहे हैं। स्पाइसजेट ने कहा-केएएल एयरवेज और मारन ने शुरुआत में मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग की। इस दावे की गहन जांच की गई और बाद में उच्चतम न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	95,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,125
गिन्नी (प्रति नग)	55,250-55,450

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,500
चांदी तैयार	90,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	72,700
सोना जेवरात गिन्नी	71,700
चांदी पक्की	900 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,800
चांदी आभूषण	89,800।

भारत-अमेरिका सीईओ फोरम ने शुरू किया ज्ञान साझा करने वाला मंच

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्यमिता, समावेशी विकास और छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने पर भारत-अमेरिका सीईओ फोरम के एक कार्यसमूह ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई एवं स्टार्टअप के एकीकरण के लिए ज्ञान साझा करने वाला एक मंच शुरू किया है। यह मंच यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टिट्यूट (यूएसआई) और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। फोरम ने मंगलवार को एक बयान में ज्ञान साझा करने वाले इस मंच के गठन की जानकारी दी।

फोरम ने कहा-भारत-अमेरिका सीईओ मंच के कार्यसमूह-7 (डब्ल्यूजी7) ने यूएसआई और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 27 मई को भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ज्ञान-साझाकरण मंच पेश किया है। इस कार्यसमूह की शेरपा सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि यह मंच भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगा और उनके बीच व्यापार की संभावनाएं पैदा करेगा। यह स्टार्टअप को सशक्त बनाकर और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई का एकीकरण कर समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

मानसून, गन्ना उत्पादन पर निर्भर चीनी निर्यात की अनुमति का मामला

नई दिल्ली। भारत 2024-25 सत्र में अंतिम गन्ना बुवाई और उत्पादन का आकलन करने के बाद चीनी निर्यात की अनुमति दे सकता है। ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश भारत अगले सत्र में चीनी उत्पादन कम यानी तीन करोड़ टन रहने की उम्मीद कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा 2023-24 सत्र में चीनी उत्पादन अबतक 3.15 करोड़ टन तक पहुंच गया है, अंतिम उत्पादन 3.18 करोड़ टन तक पहुंचने की संभावना है क्योंकि तब तक तमिलनाडु और कर्नाटक में मिलें पेराई बंद कर देंगी।

चांदी के दाम में 3,100 और सोने में 130 रुपये का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गई चांदी की कीमत**

मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ 95,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 130 रुपये मजबूत हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार दूसरे दिन चांदी में मजबूती आई। इसकी कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 95,950 रुपये प्रति किग्रा हो गई। सोमवार को चांदी 92,850 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोना 130 रुपये मजबूत होकर 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,346 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-कमजोर अमेरिकी डॉलर की मदद से मंगलवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोना मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। उन्होंने कहा-व्यापारी अब महत्वपूर्ण अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो इस बात पर प्रकाश डाल सकता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व कितनी जल्दी ब्याज दरों में कमी कर सकता है। इससे आगे सोने की कीमतों को दिशा मिलेगी। विदेशी बाजारों में चांदी भी बढ़कर 31.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की कीमतें बढ़कर 31 डॉलर के स्तर को पार कर गईं, जो नरमी के दौर के अंत का संकेत है।

राष्ट्रीय

एक नजर

अदालत ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में जमानत (डिफॉल्ट बेल) देने का अनुरोध करने वाली, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब देने के लिए कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे मामले पर एक स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। अदालत ने जेल प्राधिकारियों से जैन का रिकॉर्ड भी मांगा और मामले पर अगली सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तारीख तय की। जैन पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है।

जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक धार्मिक जुलूस के दौरान मामूली मुद्दे पर दो समूहों के बीच हुई झड़प के बाद 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात भिवंडी के सरावली गांव में हुई घटना के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे एक धार्मिक जुलूस के दौरान गुलाल फेंकने को लेकर समूहों में झड़प हो गई। अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

भाजपा 200 सीट के आंकड़े को भी नहीं कर पाएगी पार: खरगे

शाह के नौकरी गंवा देने वाले तंज पर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया जवाब

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के दावे को बकवास करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी। खरगे ने अमृतसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आम चुनाव की तुलना में भाजपा की सीट घट रही हैं जबकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बढ़त बना रहे हैं। जबकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दावा कर रहा है कि उसे लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेंगी।

भाजपा के इस दावे से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए खरगे ने कहा-जब आपकी (सीट) घट रही हैं और हमारी बढ़ रही हैं। 400 पार भूल जाओ, यह बकवास है। वे सरकार भी नहीं बना सकते और 200 सीट से आगे नहीं बढ़ पाएंगे। खरगे ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में अस्तित्वहीन है और कर्नाटक में मजबूत नहीं है। उन्होंने सवाल किया, आप महाराष्ट्र में कमजोर हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एक लड़ाई है। आपको 400 सीट कैसे मिल रही हैं? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस तंज का जवाब देते हुए कि चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद खरगे अपनी नौकरी गंवा देंगे। खरगे ने कहा-मैं नौकरी करने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं बचपन से ही लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में हूं, अब मुझे उतने ही साल हो गए हैं जितनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उम्र है। खरगे ने कहा-उन्हें चार जून के बाद अपनी नौकरी के बारे में सोचना चाहिए।

कांग्रेस प्रमुख खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए कृषि ऋण माफी और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी पर पार्टी के चुनावी वादों को दोहराया। उन्होंने साथ ही बेरोजगारी के मुद्दे और अग्निपथ योजना पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा।

चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री कहलाएंगे नवीन पटनायक : अमित शाह

भद्रक/जाजपुर (ओडिशा)। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चुटकी लेते हुए कहा कि नवीन पटनायक चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री हो जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा 147 सदस्यीय विधानसभा में 75 से अधिक सीट हासिल कर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। शाह ने भद्रक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांदबाली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि भाजपा ओडिशा की 21 लोकसभा सीट में से 17 सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा-चार जून को नवीन बाबू मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, वह पूर्व मुख्यमंत्री बन जाएंगे...भाजपा ओडिशा में 17 लोकसभा सीट और 75 विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। शाह ने यह भी कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि अगला मुख्यमंत्री उड़िया भाषा में पारंगत हो और राज्य की भाषा, संस्कृति तथा परंपरा को समझता हो। स्पष्ट रूप से पटनायक के करीबी सहयोगी एवं बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन के संदर्भ में शाह ने कहा-क्या तमिल बाबू को पर्दे के पीछे से सरकार चलानी चाहिए... कमल के निशान पर अपना वोट देकर एक अधिकारी की जगह राज्य पर शासन करने के लिए एक जनसेवक को लाएं।

पूर्व विधायक बिधूड़ी के खिलाफ अपहरण एवं मारपीट का मामला दर्ज

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाने में तीन साल पहले के चर्चित अपहरण एवं मारपीट के मामले में इस्तगासे के जरिये पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि भीलवाड़ा निवासी सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूरन सिंह भाटी ने न्यायालय से जारी इस्तगासे के आधार पर मंगलवार को मामला दर्ज करवाते हुये कहा कि 21 अगस्त 2021 को गंगरार स्थित भीलवाड़ा के उद्योगपति मानसिंहका ग्रुप की बंद पड़ी काटन मिल पर वह ग्रुप के सुरक्षा अधिकारी के तौर पर चारदीवारी करवा रहे थे, इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा उन्हें जबरन गंगरार थाने पर ले जाया गया जहां बिधूड़ी ने उनसे मारपीट करते हुए उक्त जमीन पर काम बंद करने की चेतावनी दी।

हैदराबाद में उपमुख्यमंत्री के घर पर बम विस्फोट की धमकी

हैदराबाद, एजेंसी

बम निरोधक टीम ने बम की धमकी मिलने के बाद तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन के परिसर की जांच की। ● एजेंसी

हैदराबाद में एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार को कथित तौर पर फोन कर बताया कि तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम. बी. विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन पर बम विस्फोट होने वाला है, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर आगाह किया कि हैदराबाद शहर में प्रजा भवन में बम फटने वाला है। पुलिस ने तुरंत बम निरोधक दस्ते की मदद से परिसर की तलाशी शुरू कर दी। तेलंगाना की पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डी. अनसूया प्रजा भवन पहुंचीं और अधिकारियों व उपमुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर मामले पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्री ने अधिकारियों को आगंतुकों की गहन जांच करने और प्रजा भवन में सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। प्रजा भवन के एक हिस्से का उपयोग प्रजा वाणी कार्यक्रम के लिए किया जाता है, सप्ताह में दो बार शिकायत निवारण सभा आयोजित की जाती है।

- **जानकारी पर हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया**

भोजन के बाद हालत बिगड़ने से तीन की मौत

जयपुर, एजेंसी

- **उदयपुर जिले में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे 80 लोग**

राजस्थान में उदयपुर जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र में एक कार्यक्रम में भोजन के बाद अचानक हालत बिगड़ने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सावन क्यारा गांव में सोमवार को एक कार्यक्रम में करीब 80 लोग शामिल हुए थे। उनके अनुसार रात को भोजन के कुछ देर बाद कई लोगों को उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया जहां एक महिला और दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान बाबू गमार (30), मसरू गमार (28) और अमिया पारगी (35) के रूप में की गई है। कोटड़ा के ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकरलाल चव्हाण ने बताया कि सावन क्यारा में एक कार्यक्रम में खाने में बकरे का मटन, मिक्स वेज, बैंगन, टमाटर, मक्के का दलिया, दाल गुड़ आदि का भोजन के साथ लोगों को देशी और अंग्रेजी शराब भी परोसी गई थी। उन्होंने बताया कि भोजन करने और शराब का सेवन के कुछ देर बाद लोगों की तबीयत खराब हो गई थी।

दो आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थानीय दो आतंकवादी आकाओं की अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया। दोनों आतंकवादी आका पाकिस्तान में रह कर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों हैंडलर वर्तमान में पाकिस्तान में हैं, जहां से वे घाटी में आतंकवादी समूहों और आतंकी मॉड्यूल को संचालित करते हैं।

नाराज वादी ने न्यायाधीश की ओर फेंकी जूतों की माला

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- **इंदौर में मुकदमा खारिज किए जाने से था नाखुश, न्यायाधीश का किया अनादर**

इंदौर की जिला अदालत में दीवानी मुकदमा खारिज किए जाने से नाखुश 65 वर्षीय एक वादी ने मंगलवार को एक न्यायाधीश की ओर कथित रूप से जूतों की माला फेंक दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी के मुताबिक मोहम्मद सलीम (65) ने जिला अदालत में यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था कि आजाद नगर क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करते हुए एक मस्जिद का निर्माण किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनोद कुमार दीक्षित ने संवाददाताओं को बताया कि जिला अदालत के एक न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर के बाद सलीम का दीवानी मुकदमा खारिज करने का फैसला सुनाया और पाया कि मस्जिद अतिक्रमण करके नहीं बनाई गई है। उन्होंने कहा-अदालत का यह फैसला सुनते ही सलीम ने अपने कपड़ों में छिपाकर लाई जूतों की माला निकाली और न्यायाधीश की ओर फेंक दी। दीक्षित ने कहा कि न्यायाधीश की ओर जूतों की माला फेंकने की घटना के दौरान सलीम का बेटा मोहम्मद रईस भी अदालत कक्ष में मौजूद था। उन्होंने कहा कि पिता-पुत्र के खिलाफ संबद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सलीम के बेटे रईस ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद वकीलों ने उसकी और उसके पिता की पिटाई कर दी। रईस ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान वकीलों ने उसके पिता के कपड़े फाड़कर उन्हें निर्वस्त्र भी कर दिया। उसने कहा कि पुलिस कर्मी उसे और उसके पिता को वकीलों से बचाकर एमजी रोड थाने लेकर आए। रईस ने कहा-मेरे पिता 12 साल से मुकदमा लड़ रहे थे। उन्होंने मुकदमे में कहा था कि आजाद नगर क्षेत्र में नगर निगम की सरकारी जमीन की ड्रेनेज लाइन पर अतिक्रमण करके मस्जिद का निर्माण किया गया है और यह निर्माण इस्लाम के खिलाफ है।

सोरेन की जमानत याचिका पर 10 जून तक जवाब दाखिल करने का निर्देश

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ के समक्ष सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन राजनीतिक साजिश का शिकार हैं।

कविता बहुत ही ताकतवर और गवाहों को कर सकती हैं प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी घोटाला

- **सीबीआई और ईडी ने कविता की जमानत याचिका का उच्च न्यायालय में किया विरोध**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में गिरफ्तार बीआरएस की नेता के.कविता की ओर से दायर जमानत याचिका का दिल्ली उच्च न्यायालय में मंगलवार को विरोध किया। केंद्रीय एजेंसियों ने अदालत से कहा कि वे बहुत ही प्रभावशाली और ताकतवर हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। कविता की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह महिला हैं और उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

कोर्ट में जांच एजेंसियों ने कहा कि उन्होंने घोटाले की साजिश में अहम भूमिका निभाई और वह सक्रिय नेता एवं तेलंगाना विधानसभा की सदस्य होने के नाते कमजोर महिला होने का दावा कर जमानत नहीं मांग सकती हैं। ईडी, सीबीआई और कविता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बीआरएस नेता की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता केवल महिला नहीं हैं बल्कि प्रभावशाली महिला हैं और गवाहों को प्रभावित करने के मामले में काफी ताकतवर हैं, गवाहों में शामिल एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उन्होंने उसको धमकी दी थी। ईडी के वकील ने भी दलील की दी कि कविता आबकारी घोटाले की सह साजिशकर्ता और लाभार्थी हैं और अपराध की कड़ी सीधे तौर पर उनसे जुड़ती है। वकील ने दावा किया कि बीआरएस नेता सफेदपोश अपराध की आरोपी हैं और सबूतों को नष्ट करने और अपने बयानों से लोगों को धमकाने में संलिप्त हैं। ईडी ने कविता की जमानत अर्जी पर दिए जवाब में दावा किया कि उनको रिहा करने से आगे की जांच पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जो गहरी और बहु स्तरीय साजिश का पता लगाने के लिए की जा रही है।

जांच एजेंसी ने जवाबी हलफनामा में कहा-के.कविता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिया रची और लाभ पहुंचाने के बदले 100 करोड़ रुपये के भुगतान में संलिप्त थीं और उन्होंने अपने लोगों के जरिये धनशोधन की पारिस्थितिकी बनाई जो एम/एस इंडोस्प्रीट है और अपराध से 192.8 करोड़ रुपये की कमाई की।

विश्वकप में गेंदबाजों का पलड़ा भारी

आईपीएल के विपरीत अमेरिका-वेस्टइंडीज के मैदानों में बल्लेबाजों पर हावी हो सकते हैं स्पिनर

01 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की जमीं पर शुरू होगा टी-20 विश्वकप का घमासान।

बेंगलुरु, एजेंसी

आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी-20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल 2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था।

सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इंपेक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने के बाद उस बात को स्वीकार किया। स्टार्क ने कहा था यहां (आईपीएल में) इंपेक्ट खिलाड़ी नियम है और टी-20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। आपको अपने ऑलराउंडरों पर अधिक भरोसा करना होगा। आप अपने बल्लेबाजी ऑलराउंडर को आठवें नंबर पर नहीं रख सकते जैसा कि आपने आईपीएल किया था। मुझे नहीं लगता कि टी-20 विश्व कप में आप इस तरह के बड़े स्कोर देखेंगे क्योंकि वहां एक बल्लेबाज कम होगा।

आईपीएल के शुरुआती हिस्से में चेन्नई सुपरकिंग्स ने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के माध्यम से एक बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया था। दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और नाइट राइडर्स के खिलाफ कुछ मैच विजेता पारियां खेलीं, लेकिन विश्व कप में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अंतिम एकादश में जगह पाने के लिए अपने गेंदबाजी कौशल का भी प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उप कप्तान हार्दिक पंड्या भी इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और पहली पसंद बने हुए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी है हालांकि यह कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। बल्लेबाजों को उन पिचों से भी निपटना होगा जो आईपीएल में इस्तेमाल की गई पिचों से बहुत अलग होंगी।

एक अनुभवी क्यूरेटर ने बताया वेस्टइंडीज की पिचें अब वैसी नहीं हैं जैसी 80 या 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब वे धीमी हैं और कई बार गेंद रुककर भी आती है। मुझे यकीन है कि गेंदबाज, विशेषकर स्पिनर आईपीएल की तुलना में कहीं अधिक भूमिका निभाएंगे, विशेषकर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह से। क्यूरेटर ने कहा भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों को शामिल किया है। यह शायद वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति के कारण था। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हम वहां 250 का स्कोर देख पाएंगे। अमेरिका में केवल फ्लोरिडा के पास हाई प्रोफाइल क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का पूर्व अनुभव है। न्यूयॉर्क और टेक्सास पहली बार इस खेल की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं। तो क्या इससे रन बनाने की दर पर असर पड़ेगा? क्यूरेटर ने कहा हां, ऐसा हो सकता है कि शुरुआत में टीमें पिच और अन्य परिस्थितियों का आकलन करना चाहेंगी। इनमें से कुछ स्थानों पर उपयोग की जा रही ड्रॉप इन पिचें प्राकृतिक पिचों की तुलना में बेहतर होंगी इसलिए हम उस दौर में कुछ बड़े स्कोर वाले मैच देख सकते हैं।

वेस्टइंडीज में अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का अपार अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इससे सहमति व्यक्त की। वार्नर ने कहा कैरेबिया में पिचें सूखी होने के कारण गेंद खुरदरी हो जाएगी और स्पिन करने लगेगी। आईपीएल में गेंद की ऊपरी परत लंबे समय तक रहती है और इसलिए गेंद कम टर्न करती है। मैंने वहां काफी क्रिकेट खेला है और सीपीएल (कैरिबियाई प्रीमियर लीग) में भी खेला हूं। विकेट धीमे और कम उछाल वाले होते जाते हैं। आईपीएल 2024 में औसत रन रेट 9.56 था जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। इसके अलावा औसत स्कोर 180 से ऊपर रहा। हैदराबाद में पहली पारी का औसत स्कोर 230 रन के आसपास था।हालांकि जैसा कि कुछ आंकड़ों से पता चलेगा वेस्टइंडीज के स्टेडियम अलग तरह के हैं। एंटीगा में औसत टी-20 स्कोर 123 रन है और बारबडोस में यह 138 रन है। गयाना में यह 124 तो त्रिनिदाद में केवल 115 रन है। सेंट विन्सेंट में औसत टी-20 स्कोर 118 जबकि ग्रॉस आइलेट में सर्वाधिक 139 है। इन आंकड़ों को देखते हुए गेंदबाजों के कम से कम एक महीने के लिए टी-20 में दबदबा बनाने की उम्मीद है।

चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : मोर्गन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी-20 विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है जो पिछले टी-20 विश्व कप में खेली थी। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गहराई शानदार है। वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर। अगर वे मैदान पर भी ऐसा करते हैं तो मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं। विकल्पों की अधिकता के कारण भारत शुभमन गिल और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल नहीं कर पाया। अगर मैं टीम का चयन कर रहा होता तो एकमात्र फैसला जो अलग होता वह यह होता कि मैं यशस्वी जायसवाल पर शुभमन गिल को तरजीह देता। मैं उसके साथ खेला हूं, मुझे पता है कि वह कैसे सोचता है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता है। भारत लगभग हर टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरता है लेकिन एक दशक से अधिक समय से उसने आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है।



आईसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को दिया लिस्ट-ए का दर्जा

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।

आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी-20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी के मुताबिक अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जाएंगे।

बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए से भिड़ेगा भारत-ए

मेलबर्न। भारत-ए इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले जाने हैं। इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी।

नामीबिया, ओमान और कनाडा ने जीते अपने-अपने अभ्यास मैच

तरौबा/डलास, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में चार जून से शुरु होने जा रहे टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच के पहले दिन नामीबिया ने युगांडा, ओमान ने न्यू पापुआ गिनी और कनाडा ने नेपाल पर जीत दर्ज की।

नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम ने रोजर मुकासा नाबाद (51) और रोबिन्सन ओबुआ की 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में युगांडा की टीम 18.5ओवर में पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी। वहीं कनाडा बनाम नेपाल के अभ्यास मैच में कनाडा ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए नेपाल को 63 रनों से हराया। कनाडा ने सात विकेट पर 183 रनों का स्कोर खडा किया। जवाब में नेपाल की पूरी टीम 19.3 ओवर में 120 रन पर ढ़ेर हो गई। तीसरा मैच पापुआ न्यू गिनी बनाम ओमान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया। पापुआ न्यू गिनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ओमान ने 19.1ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

छक्कों के मामले में अभिषेक चौकों के लिए हेड रहे अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल 2024



आईपीएल 2024 में चौके और छक्कों के मामले में इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के दो धाकड़ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 42 छक्कों तथा ट्रैविस हेड 64 चौकों के साथ अव्वल रहे।

छक्कों और चौकों की बात की जाये दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन का नाम आता है। विराट इस बार 38 छक्के और 62 चौके जड़े हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने भी 38 छक्के जड़े है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 36 छक्के के साथ तीसरे नंबर पर आते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार, कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 33-33 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदरबाद के ट्रैविस हेड 32 छक्के लगाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं अगर चौकों की बात की जाये तो चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 58 चौकों के साथ तीसरे स्थान रहे। चौथे नंबर पर है 54 चौकों के साथ राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल है। केकेआर के सुनील नारायण और फिल साल्ट ने 50- 50 चौके जड़े। दोनों संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

सऊदी प्रो लीग में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड

रियाद। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सोमवार को सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

वेतन न मिलने पर तीन महिला खिलाड़ियों ने छोड़ी अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम

ब्यूनस आयर्स। अर्जेन्टीना की तीन महिला खिलाड़ियों ने दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले शिविर में वेतन और परिस्थितियों को लेकर विवाद के बाद राष्ट्रीय टीम छोड़ दी। राष्ट्रीय टीम में नियमित तौर पर खेलने वाली गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रूज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज ने अपने कदम की घोषणा की जबकि टीम ने शुक्रवार और तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। क्रूज ने इंस्टाग्राम पर लिखा हम एक ऐसे बिंदू पर पहुंच गए हैं जहां हम अन्याय से थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी बदतर, अपमानित किया जा रहा है। हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में सुधार की जरूरत है और मैं केवल वित्त के बारे में बात नहीं कर रही। मैं ट्रेनिंग, दोपहर के भोजन, नाश्ते के बारे में बोल रही हूं। क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान उन्हें हैम (एक प्रकार का मांस), पनीर सैंडविच और केला मिला जो उनका मानना है कि उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त है। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि उन्हें दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि खेल ब्यूनस आयर्स में घरेलू मैदान पर होंगे। बेनिटेज ने कहा कि खिलाड़ियों को भुगतान ना करने के अलावा उनके परिवार के सदस्यों से टिकटों के लिए 5,000 पेसो (पांच डॉलर) का शुल्क लिया जा रहा था और ऐसी लाखों चीजें हैं जिनसे हम गुजरे हैं।

खेल डायरी

भारत ने जीता द. एशियाई टेटे चैंपियनशिप का खिताब

नई दिल्ली। भारत की अंडर-19 लड़कियों की टीम और अंडर-15 लड़कों की टीम ने श्रीलंका की टीम को हराते हुए दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अपने खिताब का बचाव किया। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने बताया कि अंडर-19 लड़कियों की टीम ने मेजबान श्रीलंका को 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल की टीम को 3-0 से हराया था। श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गये मुकाबले में भारत की सयाली वानी ने श्रीलंका की बिमांडी बंडारा को, प्रिथा वर्तिकार ने तमादी कविंड्या को और तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरणी को हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-15 वर्ग के फाइनल में भी भारत की दिव्यांशी बोमिक ने श्रीलंका की योशिनी जयवर्धने को हराया, इसके बाद सिंड्रेला दास ने शान्या मुथुली को हराया। अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भारत के सार्थक आर्य ने अपने दोनों एकल मुकाबलों में जीत दर्ज की।

निशांत ने ओटगोंबाटार को दो मिनट में हराया

बैंकॉक। भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोंबाटार बियाम्बा अर्डेनेटो को महज दो मिनट में हराकर दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अबिनाश जामवाल हारकर बाहर हो गए। पिछले क्वालीफायर में मामूली अंतर से ओलंपिक कोटे से चूके देव ने पहले ही मिनट में अपने प्रतिद्वंद्वी पर घूंसों की बौछार कर दी। पहले दौर में 58 सेकेंड का खेल बाकी रहने पर ही रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। इससे पहले जामवाल को 63 .5 किलो के मुकाबले में कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी ने हराया। जामवाल ने तीसरे और आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करके अंकों के आधार पर बराबरी कर ली थी। नियमों के तहत इसके बाद जजों से प्रदर्शन के फिर आकलन के लिये कहा गया। सभी ने फोरी के पक्ष में वोट किया जो 5-0 से जीत गया।

नॉर्वे शतरंज में प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा को दी मात

स्टेवेंगर (नॉर्वे)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से क्लासिकल बाजी 14 चाल में ड्रॉ खेलने के बाद 68 चाल में आर्मागेडोन बाजी ड्रॉ करके पलड़ा भारी रखा। हिकारू नाकामूरा ने आर्मागेडोन बाजी में हमवतन अमेरि की फाबियानो करूआना को हराया।

फ्रेंच ओपन में हार के बाद कोर्नेट लिया संन्यास

पेरिस। फ्रांस की महिला टेनिस खिलाड़ी एलिजे कार्नेट ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन से हार के बाद संन्यास ले लिया है। आज खेले गए मुकाबले में कार्नेट को चीन की क्विनवेन ने 6-2, 6-1 से हराया। फ्रांसीसी खिलाड़ी कॉर्नेट को टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था। उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। कार्नेट ने अपने टेनिस करियर में 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेले है। मैच के बाद आयोजित समारोह में कोर्नेट ने परिवार और प्रशंसकों का समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा आपने मुझे अविश्वसनीय भावनाओं से ओतप्रोत किया है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ऐसा मैं आखिरी बार महसूस कर रही हूं। कार्नेट के नाम पर लगातार 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेलने का महिला रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2007 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन से लेकर इस साल फ्रेंच ओपन तक प्रत्येक ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। वह हालांकि कभी क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई।

बॉलीवुड हलचल

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय की वेब सीरीज कॉल मी बे ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 6 सितंबर को रिलीज होगी। अनन्या अपना वेब सीरीज डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अनन्या कॉल मी बे सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसकी अनाउंसमेंट बीते साल हुई थी। धर्माटिक प्रोडक्शन ने एक पोस्टर शेयर कर इस सीरीज को लेकर अपडेट दिया है। धर्माटिक प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कॉल मी बे का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हम अपने खास को, हर किसी का खास बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी कुन्हा द्वारा निर्देशित ''कॉल मी बे'' धर्माटिक एंटरटेनमेंट का प्रोडक्शन है। यह सीरीज इसी साल 6 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। अनन्या पांडे के अलावा इस सीरीज में वीर दास, गुरफतेह परिजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

14 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी महाराज

मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के पुत्र जुनैद खान की डेब्यू फिल्म महाराज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून को रिलीज हो सकती है। आमिर खान के लाडले जुनैद खान फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म महाराज में दिखाई देने वाले हैं। जुनैद ने बीते साल ही वाईआरएफ की फिल्म महाराज की शूटिंग पूरी कर ली थी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। जुनैद खान की डेब्यू फिल्म का ट्रेलर अगले महीने 5 जून को रिलीज हो सकता है। इस फिल्म में जुनैद खान के साथ जयदीप अहलावत, शरवरी वाघ और शालिनी पांडे भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाली हैं। महाराज सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून, 2024 को रिलीज हो सकती है।

सिंगापुर ओपन के राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

कल्लांग, एजेंसी

भारत स्टार और दुनिया की नंबर वन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को मंगलवार को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन जोड़ी चिराग और सात्विक, डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग वाली डेनमार्क जोडी से 47 मिनट चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हार गई।

फ्रेंच और थाईलैंड ओपन जीतने के बाद साल के अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे चिराग-सात्विक ने धीमी शुरुआत की और 4-9 से पिछड़ गए। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ अंक ज़रूर जुटाए लेकिन करीबी गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी दोनों टीमें एक समय 16-16 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंत में लुंडगार्ड और वेस्टरगार्ड ने मैच को जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

दूसरे दौर में डेनमार्क के खिलाड़ियों का मुकाबला चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू से होगा। वहीं महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप को राउंड ऑफ 32 में निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग की 41 नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवोंग से 19-21, 20-21 से हार हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत भी प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारतीय शटलर को हांगकांग के ली चेऊक यू से शिकस्त मिली। वहीं, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय बुधवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

पुलिस ने भेष बदलकर मारा पब-बार पर छापा

पुणे कार दुर्घटना

नागपुर, एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना के मद्देनजर महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस अधिकारियों ने पहचान छिपाकर शहर में नियमों का उल्लंघन करने वाले पब और बार पर छापा मारा।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नागपुर पुलिस की विशेष टीम ने पब, बार और क्लब पर छापा मारा और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों का पता लगाया। पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने बताया कि अधिकारियों के निष्कर्षों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट दर्ज होगी और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत उल्लंघन के लिए पब और क्लबों के प्रबंधन को नोटिस जारी किये जाएंगे। अन्य अधिकारी ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त सहित कम से कम 13 वरिष्ठ अधिकारी ग्राहक बनकर पब में गए और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने रविवार रात कुल 13 जगहों पर छापा मारा और कई स्थानों पर भीड़भाड़ और कम उम्र के ग्राहकों को शराब परोसने जैसे नियमों का उल्लंघन होते हुए पाया। अधिकारी ने बताया कि पब के कुछ हिस्सों को निगरानी मुक्त रखने के लिए कुछ स्थानों पर बेहद चालाकी से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि कानून के मुताबिक, जिन पब या फिर बार में शराब परोसी जाती है वहां मार्शल को तैनात करना जरूरी होता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहक शराब पीकर गाड़ी न चलाएं लेकिन कोई भी पब और बार इस नियम का पालन करते हुए नहीं पाया गया।

- सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पहुंचे ग्राहक बनकर
- नियमों के उल्लंघन पर पब और क्लबों के प्रबंधन को जारी किए जाएंगे नोटिस

गिरफ्तार डॉक्टर के लिए विधायक का सिफारिश पत्र सामने आया

पुणे। पोर्श कार दुर्घटना मामले में ससून जनरल अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र के विधायक सुनील टिंगरे का 2023 का वह पत्र सामने आया है जिसमें उन्होंने डॉ. तावड़े को चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार देने की सिफारिश की थी। पुलिस ने सरकारी अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय तावड़े, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और डॉ. तावड़े के अधीन काम करने वाले अतुल घाटकाम्बले को इस मामले में गिरफ्तार किया है। पुणे में 19 मई की सुबह पोर्श कार की टक्कर से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। यह कार 17 वर्षीय नाबालिग चला रहा है। जिस समय हादसा हुआ, उस समय किशोर नशे में था। किशोर को किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे दुर्घटनाओं पर निबंध लिखने को कहा था लेकिन आलोचना और पुलिस द्वारा पुनरीक्षण याचिका के बाद उसे 5 जून तक हिरासत केंद्र में भेज दिया गया।

चालक के अपहरण में नाबालिग का पिता पुलिस हिरासत में

पुणे। पुणे की अदालत ने मंगलवार को पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के पिता को परिवार के चालक के कथित अपहरण और बंधक बनाने के मामले में 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी किशोर के दादा की पुलिस हिरासत भी 31 मई तक बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे के समक्ष पेश किया गया। पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की सुबह कथित तौर पर नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

बांग्लादेश सांसद हत्याकांड

कोलकाता फ्लैट में मिले खून का डीएनए परीक्षण करा सकती है पुलिस

कोलकाता। बांग्लादेश पुलिस यहां के न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में पाए गए रक्त के नमूने का डीएनए परीक्षण कराएगी और बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के किसी रिश्तेदार के रक्त के नमूने से उसका मिलान करेगी ताकि यह पुष्टि हो सके कि राजनेता की हत्या की गई थी।

आशंका है कि एक पखवाड़े से लापता अनार की उसी फ्लैट में हत्या कर दी गयी और शव के टुकड़े नहर में फेंक दिये गये। जांच के सिलसिले में कोलकाता आए ढाका पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यदि अवामी लीग के सांसद के शरीर के अंग नहीं मिल सके तो अंतिम विकल्प के रूप में डीएनए परीक्षण किया जाएगा। यदि शरीर के अंग नहीं मिलते हैं, तो हम डीएनए परीक्षण कराएंगे और अनार के परिवार में से किसी एक के डीएनए के साथ इसका मिलान करेंगे और इसके अनुसार मामले में जांच आगे बढ़ेगी।

भारत दे रहा महंगी बीमारियों का सस्ता इलाज

भारत को फार्मा की राजधानी कहा जाता है और यह सस्ते चिकित्सा उपायों की उपलब्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत कई महंगी कैंसर की दवाओं का उत्पादन करता है और उन्हें विदेशी बाजारों में सस्ती कीमत पर बेचता है। भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियां जेनरिक दवाओं का उत्पादन करती हैं, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। आइए जानते हैं कुछ प्रमुख महंगी कैंसर की दवाओं और उनके जेनरिक संस्करणों के बारे में....

भारत सबसे बड़ा जेनेरिक का उत्पादक

भारत 20% वैश्विक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्यातक बन गया है। ब्रांडेड दवाओं की तुलना में जेनेरिक दवाएं 30-80% तक सस्ती होती हैं।

देश में निर्मित कैंसर की दवाएं

- **ग्लिवेक :** नोवार्टिस द्वारा निर्मित भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, डॉक्टर रेड्डीज, सन फार्मा, और लुपिन सोरेलिक
- **नेक्सावर :** बायर द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, ग्लेनमार्क, और डॉक्टर रेड्डीज, ट्रास्टुज़ुमैब
- **हेरसेप्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : बायोकॉन,
- **बेवासिजुमैब अवास्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता बायोकॉन, सिप्ला लेनालिडोमाइड
- **रेवलेमिड :** सेल्जीन द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : नेटको फार्मा, हेटेरो एर्बिटुक्स

स्रोत और आंकड़े

- **भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस :** यह संगठन भारत में फार्मा उद्योग के विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन :** भारत जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। विभिन्न फार्मा मैगजीन और रिपोर्ट्स में भारत के फार्मा उद्योग और सस्ते चिकित्सा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। इन सबके माध्यम से भारत दुनिया भर के लोगों को सस्ती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भूमिका निभा रहा है।

एक नजर

श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पूरक आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ और अधिक डिजिटल तथा फॉरेंसिक सबूतों के साथ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष करीब 3,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया। पूनावाला ने मई 2022 में राष्ट्रीय राजधानी के महरौली में वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें शहर के अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया था।

तीन खनिक अवैध खदान में तीसरे दिन भी फंसे रहे

डिब्रूगढ़ (असम)। असम के तिनसुकिया जिले में अवैध खदान में तीन खनिक तीसरे दिन मंगलवार को भी फंसे रहे और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। तिनसुकिया के आयुक्त स्वप्निल पॉल ने कहा कि अधिकारियों के अलावा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ खनिकों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव के अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीन कोयला खनिक अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम और स्थानीय बचाव कर्मी लापता खनिकों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

पाकिस्तान में सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार देर रात एक जीप के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। क्षेत्र के जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना के शांगला जिले में तब हुई, जब एक मोड़ पर जीप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए लोगों में तीन बच्चे, चार महिलाएं और चालक शामिल है। श्री खान ने कहा कि बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवकों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये निकटवर्ती अस्पताल ले गए। उन्होंने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ।

बाकिर कालीबाफ फिर बने ईरान की संसद के अध्यक्ष

दुबई। ईरान की संसद ने मंगलवार को एक बार फिर मोहम्मद बाकिर कालीबाफ को अध्यक्ष चुना। संसद में कुल 287 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 198 ने कालीबाफ को पद पर बरकरार रखने के पक्ष में वोट दिया। कालीबाफ 2021 में संसद के अध्यक्ष चुने गए थे। राष्ट्रपति चुनावों में मिली असफलताओं के बाद वह संसद के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह ईरान की राजधानी तेहरान के मुखिया थे। कालीबाफ को 1999 में रिवॉल्यूशनरी गार्ड का जनरल रहते हुए ईरानी विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जाना जाता है।

अमेरिका में आए तूफान से 22 लोगों की मौत

ह्यूस्टन (अमेरिका)। मध्य और दक्षिणी अमेरिका में गत सप्ताहांत में एक के बाद एक आए शक्तिशाली तूफानों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी, बड़ी संख्या में मकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से तबाह हो गये और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और केंटकी में विनाशकारी तूफानों के कारण लोगों ने अपनी जान गंवाई। दक्षिण टेक्सास से फ्लोरिडा तक तेज गर्मी और लू ने नया रिकॉर्ड बनाया। मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि सोमवार के बाद ईस्ट कोस्ट में मौसम खराब हो सकता है और छुट्टियां मनाने गए लोगों से वहां से लौटने की सलाह दी गई है।

स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने फिलिस्तीन को दी मान्यता

इजराइल ने की आलोचना, कहा- कार्रवाई पर नहीं पड़ेगा इसका कोई असर

बार्सिलोना, एजेंसी

- यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच लिया गया फैसला
- इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का विचार करने के लिए आयरलैंड ने कहा

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने मंगलवार को फिलिस्तीन को आधिकारिक रूप से राष्ट्र की मान्यता दी। संघ में शामिल देश इजराइल पर गाजा में हमले रोकने के लिए दबाव बना रहे हैं। दर्जनों देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है। वहीं, इजराइल ने इस कदम की आलोचना की और कहा, गाजा में आक्रामक कार्रवाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मैड्रिड में प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य इजराइल और फिलिस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने 'एक्स' पर किए पोस्ट में स्पेन पर हमला बोला और कहा कि सांचेज की सरकार यहूदियों के खिलाफ नरसंहार को भड़काने और युद्ध अपराधों में शामिल हो रही है। स्पेन की तर्ज पर आयरलैंड और नॉर्वे ने भी फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में संसद के बाहर फिलिस्तीनी झंडा लहराया गया। मंत्रिमंडल की बैठक से पहले आयरलैंड के प्रधानमंत्री सिमोन हैरिस ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दुनिया को एक संकेत भेजता है कि द्विराष्ट्र समाधान की उम्मीद बनाए रखने और इसे साकार करने में मदद के लिए एक देश के रूप में आप कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं, जबकि कुछ अन्य लोग दुखद रूप से इसे भुला रहे हैं।

नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईदे ने कहा कि 30 से अधिक वर्षों से, नॉर्वे फिलिस्तीनी के प्रबल समर्थकों में से एक है। जब नॉर्वे ने फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दी है, तो यह नॉर्वे और फलस्तीन के संबंधों में एक मील का पत्थर है। 140 देशों ने फिलिस्तीन को राष्ट्र की मान्यता दी है, लेकिन पश्चिम के किसी प्रमुख देश ने ऐसा नहीं किया है। तीन यूरोपीय देशों का मान्यता देना फिलिस्तीनी के लिए जनमत बनाने का संकेत साबित हो सकता है और यूरोपीय संघ के देश जैसे फ्रांस और जर्मनी को भी अपने रुख पर पुनर्विचार करने का दबाव बन सकता है। आयरलैंड के नेता हैरिस ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि यूरोपीय संघ को इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने पर विचार करना चाहिए। स्पेन का कहना है कि राफा में हमलों के लिए इजराइल पर प्रतिबंध लगना चाहिए। इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने स्पेन से कहा है कि यरूशलम में उसके वाणिज्य दूतावास को फिलिस्तीनियों की मदद करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बंदूकधारियों के हमले में सात की मौत, 150 लोगों का अपहरण

अबुजा। नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में चार स्थानीय सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। नाइजीरियाई मीडिया के अनुसार मुन्या सरकारी क्षेत्र के कुची समुदाय में हुई घटना के दौरान भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने 150 से अधिक निवासियों का अपहरण कर लिया था। ब्लूप्रिंट समाचार पत्र ने मुन्या सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अमीनू नाजूम ने बताया कि बंदूकधारियों ने भारी बारिश के दौरान समुदाय पर धावा बोल दिया और घर-घर जाकर लोगों को अगवा किया। भागने का प्रयास करने वाले तीन ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुठभेड़ में सरकार समर्थित सुरक्षा टास्क फोर्स के चार सदस्य भी मारे गए। उन्होंने मुन्या पर हो रहे हमलों पर दुख व्यक्त किया और सरकार से निवासियों को आतंकित करने वाले डाकुओं के खिलाफ सुरक्षा प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। पुलिस ने अभी तक नवीनतम घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

- नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में हुआ हमला

इजराइल के साथ युद्धविराम को लेकर बातचीत नहीं होगी: हमास

गाजा, एजेंसी

- इजराइली के राफा में विस्थापितों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया फैसला

हमास ने कहा है कि रविवार की रात दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इजराइल के हमले के बाद वह गाजा पट्टी में युद्धविराम या कैदी विनिमय समझौते के लिए किसी भी बातचीत में भाग नहीं लेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हमास ने यह निर्णय इजराइली सेना द्वारा राफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया है, जिसमें 10 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए।

सूत्रों ने कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के संबंध में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक राफा शहर के पास विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजराइली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में कहा कि मध्यस्थों को प्रस्तुत की गई हमारी शर्तों को छोड़कर इजराइल को कभी उसके नागरिक वापिस नहीं मिलेंगे। स्थायी युद्धविराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

इजराइली हमले में 16 की मौत

दीर अल बलाह। इजराइल ने गाजा के राफा शहर पर हमले किए हैं जिसमें कम से कम 16 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा और फिलिस्तीनी रेड क्रीसेंट ने यह जानकारी दी। दोनों के मुताबिक, रात में किए हमलों में उत्तर पश्चिम राफा के तेल अल-सुल्तान इलाके में 16 लोगों की मौत हो गई। इजराइल का कहना है कि वह गाजा-मिस्र सीमा के पास पूर्वी राफा में सीमित अभियान चला रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि राफा के पश्चिमी हिस्सों में रातभर बमबारी हुई है।

राफा में हल्के बम का प्रयोग, आग अन्य विस्फोट से लगी: इजराइली सेना

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइली सेना ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर के शिविर में घातक आग लगने की घटना की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग हवाई हमले में इस्तेमाल बम से नहीं, बल्कि अन्य विस्फोट से लगी थी। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने मंगलवार को कहा कि हमास के दो उग्रवादियों के ठिकाने पर केवल 17 किग्रा का बम दागा गया था। इतने छोटे बम से आग लगने की आशंका नहीं है और सेना इसकी पड़ताल कर रही है कि संबंधित क्षेत्र में हथियार एवं गोला-बारूद का भंडार रखा था। फिलिस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, रविवार को हमले में 45 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इस हमले को लेकर इजराइल के करीबी सहयोगियों सहित व्यापक तौर पर आक्रोश देखा गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे दुखद हादसा बताया।

संदेशखालि: शेख के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने ईडी की टीम पर हमले के संबंध में की कार्रवाई

सीबीआई ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ के किए हमले के संबंध में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच पर आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले में एजेंसी का पहला आरोपपत्र सोमवार को बशीरहाट विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में शेख के घर पर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला किया था। टीम शेख को गिरफ्तार करने भी गई थी क्योंकि घोटाले में जांच के घेरे में आए, गिरफ्तार पूर्व राज्य खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक के साथ उसके कथित संबंध थे। आरोप पत्र में सात लोगों के नाम हैं, जिनमें शेख, उसका भाई आलमगीर और सहयोगी जियाउद्दीन मुल्ला, मफुजर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला शामिल हैं। सीबीआई ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश और हत्या का प्रयास के अलावा दंगा समेत कई आरोप लगाए हैं।

इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत

ज्येष्ठ की तपती गर्मी ने सभी को बेहाल कर रखा है। सभी इससे राहत पाने के लिए कई प्रकार के उपाय कर रहे हैं। वहीं कुल लोग इस गर्मी में पशुओं को राहत पहुंचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में गर्मी से हाथी को निजात दिलाने की कोशिश करता चिड़ियाघर संचालक। जो हाथी को पानी के बौछार से राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। ● एजेंसी

जापान में पहली बार कोविड-19 एंटीबॉडीज दर हुई 60 प्रतिशत

टोक्यो, एजेंसी

- स्वास्थ्य मंत्रालय के किए गए दो सर्वेक्षणों से हुआ खुलासा

जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से किए गए दो हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार यहां कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में एंटीबॉडी पाए जाने की दर पहली बार 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

मंत्रालय ने मार्च में किए दो सर्वेक्षणों के नतीजे विशेषज्ञों के एक पैनल के सामने पेश किए। सभी आयु समूहों को कवर करने वाले सर्वेक्षण में एंटीबॉडी कब्जे की दर 60.7 प्रतिशत थी, जबकि देश भर में 16 से 69 वर्ष की आयु के रक्त दाताओं को लक्षित करने वाले एक अन्य सर्वेक्षण में, दर 64.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। सर्वेक्षण में सभी आयु समूहों को शामिल करते हुए 22 प्रान्तों में 3,947 लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पांच से 19 वर्ष की आयु वालों के लिए, एंटीबॉडी दर 85 प्रतिशत से अधिक थी, जबकि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए यह दर 30 प्रतिशत की सीमा में थी। दूसरे सर्वेक्षण में जापान के सभी प्रान्तों में 18,048 रक्त दाताओं को लक्षित किया। होक्काइडो और टोक्यो के उत्तरी प्रान्त सहित कुल 38 प्रान्तों में एंटीबॉडी दर 60 प्रतिशत से अधिक है। उच्चतम दर ओकिनावा के दक्षिणी प्रान्त में 77.6 और सबसे कम अकिता प्रान्त में 50 प्रतिशत देखी गई।

खगोलशास्त्र हमारे सौर मंडल के नौवें ग्रह के अस्तित्व के साक्ष्य मिले

पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमय ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : रहस्यमय ढंग से छिपे हमारे सौर मंडल के नौवे ग्रह की मौजूदगी के साक्ष्य खगोल वैज्ञानियों ने खोज निकाले हैं। इस ग्रह के अस्तित्व के सबूत क्षुद्रग्रहों से मिले हैं, जो नौवे ग्रह के गुरुत्वाकर्षण से बंधे हैं। खगोलविदों को उम्मीद है कि इसे जल्द खोज लिया जाएगा।

प्रथम दृष्टया प्लैनेट 9 नेप्च्यून के आकार का है, जो हमारे सौर मंडल के बाहरी इलाके में छिपा हुआ है। कैलटेक यूनिवर्सिटी और साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने शोध के जरिए साक्ष्य जुटाए हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार ग्रह 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण नेपच्यून से परे छोटे पिंडों का एक समूह एक साथ जुड़ जाता है। ये सुदूर सौर मंडल के पिंड क्षुद्रग्रह बेल्ट के चट्टानी पत्थर अपनी कक्षा में प्लैनेट 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण समान रूप से फैले हुए नहीं हैं। ज्ञातब्य हो कि इसी तरह आठवें ग्रह नेपच्यून की खोज की गई थी।

नेपच्यून यूरेनस की कक्षा में घूम था। गणितीय आधार पर नेप्च्यून की खोज हुई थी। हैरानी की बात है कि इसकी मौजूदगी का पता चलने के सौ साल बाद इसे देखा गया। प्लैनेट 9 भी इसी तरह खोजा जा सकता है। इसके नजदीकी क्षुद्रग्रहों की गति व कक्षा की निगरानी शुरू करने की तैयारी हो रही है। संभव है कि यहीं से प्लैनेट 9 की पुष्टि हो सकेगी। शोधकर्ताओं के अनुसार यह ग्रह पांच पृथ्वियों के आकार का होगा (नेप्च्यून के बराबर) और पृथ्वी की तुलना में सूर्य से 400 से 800 गुना अधिक दूर होगा। इस खोज को एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स ने प्रकाशन के लिए पेपर स्वीकार कर लिया है।

इस तरह का हो सकता है नौवां ग्रह। (काल्पनिक चित्र)

रुबिन वेधशाला टेलेस्कोप से होगी खोज

वेरा रुबिन वेधशाला दूरबीन नौवें ग्रह की खोज में लगाई जाएगी। इस दूरबीन को अगले वर्ष स्थापित किया जाएगा। इस दूरबीन को खासकर हमारे सौर मंडल के छोटे ब्लैक होल की खोज के लिए ईजाद किया जा रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लैनेट 9 की खोज में यह दूरबीन कारगर साबित होगी। प्लैनेट 9 के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से वैज्ञानिकों के बीच चर्चा होते रही हैं। इस ग्रह को प्लैनेट एक्स नाम भी दिया गया है। इसे सौर मंडल का बेहद रहस्यमय ग्रह माना जाता है।

बांग्लादेश में रेमल के कहर से पांच और लोगों की मौत

ढाका, एजेंसी

- तेज हवाओं से पेड़ उखड़े और बिजली के खंभे गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार रात चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी।

ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मंगलवार को मौतों की पुष्टि की। ढाका में आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव आज सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है। ढाका से 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय आज तड़के अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी। बांग्लादेश का तटीय क्षेत्र तूफान की तेज़ हवाओं से प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान से पेड़ और घरों और इमारतों की छतें उड़ गईं और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई है।

कथित तौर पर देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में चक्रवाती तूफान से बाढ़ सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। देश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने सोमवार को कहा कि चक्रवाती तूफान रेमल के बांग्लादेश के समुद्र तट से टकराने और बाद में इसके कमजोर पड़ने के दौरान कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी।

गिरफ्तार श्रीलंकाइयों का 46 वर्षीय शख्स हो सकता है आका

कोलंबो। श्रीलंका के सुरक्षा बलों को शक है कि एक 46 वर्षीय शख्स उन चार श्रीलंकाइयों का आका है जिन्हें पिछले हफ्ते भारत के अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आईएसआईएस के साथ कथित संबंध के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

न्यूज़फर्स्ट समाचार पोर्टल के मुताबिक, श्रीलंका पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उस्मानद जेर्राड डेमाटागोडा का निवासी है और अक्सर हुलिया बदलता रहता है। पोर्टल ने मंगलवार को कहा कि माना जाता है कि जेर्राड श्रीलंका के संदिग्ध नागरिकों की भारत आने जाने में मदद करता है। पुलिस ने संदिग्ध के ठिकाने की विश्वस्त सूचना देने पर हाल में 20 लाख रुका इनाम घोषित किया था।